Chattisgarh Swami Vivekananad
Technical University,
Bhilai, C.G.

# NATIONAL SERVICE SCHEME

# MINUTES OF MEETING

## (PROGRAMME OFFICER)

[SESSION : 2025-26]



# लक्ष्य गीत

उठें समाज के लिए उठें उठें
जगें सौराष्ट्र के लिए जगें जगें
स्वयं सजें वसुंधरा सवार दें- 2

हम उठें उठेंगा जग हमारे संग साथियों
हम बढ़े तो सब बढ़ेंगे अपने आप साथियों
जमी पर आसमान को उतार दें-2
स्वयं सजें वसुंधरा संवार दें-2

उदासियों को दूर कर खुशी को बांटते चलें
गांव और शहर की दूरियों को पाटते चलें
ज्ञान को प्रचार दें प्रसार दें
विज्ञान को प्रचार दें प्रसार दें
स्वयं सजें वसुंधरा संवार दे-2

समर्थ बाल वृद्ध और नारियां रहें सदा
हरे भरे वनो की शाल ओढ़ाती रहे धरा
तरक्क़ियो की एक नई कतार दे-2
स्वयं सजें वसुंधरा संवार दे-2

ये जाति धर्म बोलियाँ बनें न शूल राहं की
बढ़ाएं बेल प्रेम की अखंडता की चाह की
भावना से ये चमन निखार दें
सदभावना से यह चमन निखार दें
स्वयं सजें वसुंधरा संवार दें -2

उठें समाज के लिए उठें उठें
जगें स्वराष्ट्र के लिए जगें - जगें
स्वयं सजें वसुंधरा संवार दें -2

# राष्ट्र गीत

वंदे मातरम्, वंदे मातरम्!
सुजलाम, सुफलाम, मलयज शीतलाम्!
शस्यश्यामलाम्, मातरम्!
वंदे मातरम्!
शुभ्रज्योत्सनाम् पुलकितयामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदल शोभिनीम्,
सुहासिनीम् सुमधुर भाषिणीम्
सुखदाम् वरदाम् मातरम्!
वंदे मातरम्, वंदे मातरम्।।
कोटि कोटि कण्ठ कल कल निनाद कराले
द्विसप्त कोटि भुजैर्धुत खरकरवाले
के बोले मा तुमी अबले
बहुबल धारिणीम् नमामि तारिणीम्
रिपुदलवारिणीम् मातरम्।।
वंदे मातरम्!
तुमि विद्या तुमि धर्म, तुमि हृदि तुमि मर्म
त्वं हि प्राणा:शरीरे
बाहुते तुमि मा शक्ति,
हृदय तुमि मा भक्ति,
तोमारै प्रतिमा गडि मन्दिरे-मन्दिरे मातरम्।।
वंदे मातरम्
त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी
कमला कमलदल विहारिणी
वाणी विद्यादायिनी, नमामि त्वाम्
नमामि कमलां अमलां अतुलाम्
सुजलां सुफला मातरम्
वंदे मातरम्
श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषिताम्
धरणी भरणी मातरम्।।

# राष्ट्र गान

जन गण मन अधिनायक जय हे
भारत भाग्य विधाता।
पंजाब सिन्ध गुजरात मराठा
द्रविड़ उत्कल बंग।
विंध्य हिमाचल यमुना गंगा
उच्छल जलधि तरंग।
तव शुभ नामे जागे
तव शुभ आशीष मागे।
गाहे तव जयगाथा।
जन गण मंगलदायक जय हे
भारत भाग्य विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे
जय जय जय जय हे॥

# राज्य गीत

अरपा पैरी के धार, महानदी हे अपार
इँदिरावती हा पखारय तोर पईयां
महूं पांवे परंव तोर भुँइया
जय हो जय हो छत्तीसगढ़ मईया

सोहय बिंदिया सही, घाट डोंगरी पहार
चंदा सुरूज बनय तोर नैना
सोनहा धाने के अंग, लुगरा हरियर हे रंग
तोर बोली हावय सुग्घर मैना
अंचरा तोर डोलावय पुरवईया
महूं पांवे परंव तोर भुँइया
जय हो जय हो छत्तीसगढ़ मईया

रयगढ़ हावय सुग्घर, तोरे मउरे मुकुट
सरगुजा अउ बिलासपुर हे बइहां
रयपुर कनिहा सही, घाते सुग्घर फबय
दुरूग बस्तर सोहय पैजनियाँ
नांदगांव नवा करधनिया
महूं पांवे परंव तोर भुँइया
जय हो जय हो छत्तीसगढ़ मईया

# ACKNOWLEDGEMENT

The National Service Scheme (NSS) Cell of Chhattisgarh Swami Vivekanand Technical University (CSVTU) expresses its sincere gratitude to all the esteemed authorities whose guidance and support made the successful conduct of NSS activities possible during the academic session 2025-26.

We are deeply thankful to the Hon'ble Vice-Chancellor, respected Registrar, and all university authorities for their continuous encouragement, administrative support, and visionary leadership. Their direction has been instrumental in ensuring the smooth planning and effective implementation of NSS programs throughout the session.

We also extend our heartfelt gratitude to the Hon'ble Governor, the Regional Director, and the State NSS Officer for their valuable guidance, motivation, and support at every stage. Their encouragement has significantly contributed to strengthening the spirit of service and national integration among the volunteers.

Under the able leadership and guidance of these dignitaries, the NSS Cell, CSVTU successfully organized various activities and initiatives during the session. This year has been highly productive, with NSS achieving several notable accomplishments and milestones at different levels, reflecting the collective efforts and dedication of all involved.

We also acknowledge the dedicated efforts of NSS Program Coordinators, Program Officers, and volunteers whose commitment, teamwork, and enthusiasm made every activity meaningful and impactful.

The NSS Cell expresses its sincere thanks to all stakeholders who directly or indirectly contributed to making the session 2025-26 successful and memorable

# Table of Contents


| | |
|---|---|
| Minutes of Meeting [03 April 2025] | 01 |
| Minutes of Meeting [05 May 2025] | 04 |
| Minutes of Meeting [06 June 2025] | 07 |
| Minutes of Meeting [07 July 2025] | 11 |
| Minutes of Meeting [07 August 2025] | 15 |
| Minutes of Meeting [06 September 2025] | 21 |
| Minutes of Meeting [04 October 2025] | 25 |
| Minutes of Meeting [04 November 2025] | 31 |
| Minutes of Meeting [08 December 2025] | 35 |
| Minutes of Meeting [08 January 2026] | 38 |
| Minutes of Meeting [03 February 2026] | 42 |
| Minutes of Meeting [07 March 2026] | 46 |

# Chhattisgarh Swami Vivekanand Technical University Bhilai
## National Service Scheme

Name of Meetings - All Programme Officers Meeting | Place: Online Google Meeting
Date: - 03/04/2025 | Time: 02.30pm to 03.30pm

**एजेण्डा**

1. सात दिवसीय विशेष शिविर मूल बिल वाउचर लेखा प्रेषण के संबंध में।
2. नियमित गतिविधियों से संबंधित जानकारी/मूल बिल वाउचर लेखा प्रेषण के संबंध में।
3. रेड रिबन क्लब के संबंध में।
4. स्कूल शिक्षा मित्र।
5. सड़क सुरक्षा।
6. टी. बी. रोकथाम।
7. अन्य विषय।

## एजेण्डा कार्यवाही विवरण

1. सत्र 2024-25 में सात दिवसीय विशेष शिविर के आयोजन हेतु विश्वविद्यालय अंतर्गत आने वाले समस्त रासेयो इकाईयों को शिविर के आयोजन उपरांत मूल बिल वाउचर लेखा प्रेषण के संबंध में विवि रासेयो प्रकोष्ठ कार्यालय में 31 मार्च 2025 तक जमा करने हेतु निर्देश दिया गया था। विवि रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत इस सत्र में कुल 45 रासेयो संस्थानों द्वारा ही शिविर का आयोजन किया गया। इस हेतु समस्त रासेयो इकाईयों को शिविर की राशि रू. पात्रतानुसार प्रेषित किया गया था।

   - **नोट** :– आज दिनांक तक केवल 25 रासेयो इकाईयों (सूची संलग्न) द्वारा ही सात दिवसीय विशेष शिविर मूल लेखा बिल वाउचर/मूल लेखा व्यय विवरण पत्रक हार्डकॉपी विवि रासेयो प्रकोष्ठ को प्राप्त हुए है।
   - कार्यक्रम अधिकारियों की ऑनलाईन बैठक 03 अप्रैल 2025 के अनुसार विवि रासेयो प्रकोष्ठ कार्यक्रम समन्वयक द्वारा शेष इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारियों को संशोधित तिथि 05 अप्रैल 2025 तक मूल बिल वाउचर प्रस्तुत करने का स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया था, इसके पश्चात् भी लेखा व्यय विवरण अप्राप्त हैं।

2. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों द्वारा नियमित गतिविधियों से संबंधित रिपोर्ट/प्रतिवेदन, बिल वाउचर, फोटोग्राफ्स आदि दिनांक 31 मार्च 2025 तक प्रेषित करने का निर्देश दिया गया था। इस संबंध में आज दिनांक तक केवल 27 रासेयो इकाईयों (सूची संलग्न) द्वारा ही हार्डकॉपी कॉपी मूल लेखा बिल वाउचर प्राप्त हुए है तथा शेष इकाईयों को बैठक में हुई चर्चानुसार दिनांक 05 अप्रैल 2025 तक (संशोधित तिथि) अनिवार्य रूप से मूल लेखा बिल वाउचर हार्डकॉपी प्रेषित/प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था, इसके पश्चात् भी लेखा व्यय विवरण अप्राप्त हैं।

   **टिप्पणी :– विशेष शिविर एवं नियमित गतिविधि के संबंध में मूल लेखा व्यय विवरण पत्रक संशोधित देय तिथि पश्चात् विवि रासेयो प्रकोष्ठ को प्राप्त होने पर प्राप्त बिल पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। इस हेतु स्पष्ट निर्देश दिया गया है।**

3. विवि रासेयो प्रकोष्ठ अतंर्गत **रेड रिबन क्लब 2024-25** में संचालित 24 संस्थाओं द्वारा रेड रिबन क्लब गतिविधियों के आयोजन उपरांत आयोजित गतिविधियों में किए गए व्ययों का व्यय लेखा विवरण/बिल वाउचर, फोटोग्राफ्स, प्रतिवेदन तैयार कर **हार्डकॉपी** छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के निर्देशानुसार **20 फरवरी 2025 तक** विवि रासेयो प्रकोष्ठ में प्रस्तुत किए जाने का पूर्व में निर्देश दिया गया था। तथा जिन इकाईयों द्वारा प्रेषित राशि रू. 6500.00 का व्यय नहीं किया गया हैं, उन इकाईयों को अव्ययित राशि वापिस विवि रासेयो प्रकोष्ठ के खाते में जमा करना सुनिश्चित किया गया था। इस हेतु 18 रेड रिबन क्लब इकाईयों द्वारा बिल वाउचर प्राप्त हुए, जिसे समायोजन हेतु अग्रेषित किया गया हैं। शेष इकाईयों के अव्ययित राशि विवि रासेयो प्रकोष्ठ के खाते में जमा किया गया।

4. स्कूल शिक्षा मित्र : रासेयो सत्र 2024-25 में स्कूल शिक्षा मित्र के संबंध में किए गए गतिविधियों व कार्यक्रमों की रिपोर्ट तैयार कर विवि रासेयो प्रकोष्ठ को अवगत/प्रस्तुत कराना सुश्चित किया गया। तथा सत्र 2025-26 हेतु समस्त रासेयो युक्त संस्थाओं को स्कूल शिक्षा मित्र से संबंधित गतिविधियों को नियमित रूप से आयोजित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही स्कूली छात्रों के प्रति हमेशा मार्गदर्शक के रूप में तत्पर रहनें एवं सहयोग प्रदान करने का सुझाव/निर्देश दिया गया।

5. सड़क सुरक्षा :— सत्र 2024—25 में रासेयो इकाईयों द्वारा आयोजित किए गए सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के प्रति विवि रासेयो प्रकोष्ठ के कार्यक्रम समन्वयक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त संबंध में भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना युक्त इकाईयों को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, के कार्यालय ज्ञापन के परिपालना अनुसार देश में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए, राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा देश के सभी नागरिकों को यातायाता के प्रति जागरूक करने एवं ट्रैफिक नियमो का कड़ाई से पालन, वृहद स्तर मे प्रचार—प्रसार करने हेतु संकल्प, पेंटिंग, रंगोली एवं छात्राओं का यातायात पुलिस विभाग में पार्टिसिपेशन आदि के माध्यम से जागरूकता अभियान सतत् रूप से आयोजित कर जागरूक करने हेतु विचार—विमर्श किया गया। लोगो को ट्रैफिकनियमो की जानकारी साझा कर इनके उद्देश्य, खासकर युवा ड्राइवरों को, गति सीमा, सीट बेल्ट का उपयोग और पैदल सुरक्षा जैसी महत्वपूर्ण सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक करने का निर्देश दिया गया। जिससे दुर्घटनाओं को कम करना और जिम्मेदार ड्राइविंग को बढ़ावा तथा समुदाय में सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा मिले। इस प्रकार से नियमित गतिविधि के रूप समय—समय पर यह अभियान आयोजित करने का सुझाव एवं निर्देश दिया गया।

6. **समस्त रासेयो युक्त इकाईयों को टी.बी. रोकथाम उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन कर उनके लक्षण व टी. बी. क्षय रोग से बचने के उपायों को प्रचार—प्रसार कर जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।**

7. अन्य :—

- **'सी' प्रमाण पत्र परीक्षा** — यदि कोई स्वयंसेवक 'सी' प्रमाण पत्र परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते है, ऐसे स्वयं सेवक के पास **'बी' प्रमाण पत्र** हो तथा सत्र 2024—25 में नियमित गतिविधि के अंतर्गत 120 घण्टे कार्य के अतिरिक्त एक पूर्ण आवसीय सात दिवसीय विशेष शिविर में सहभागिता हो। जिसके अंतर्गत —

  1. स्वयंसेवक 30 से 50 पेज का प्रोजेक्ट रिपोर्ट तीन प्रति में तैयार करें, जिसकी एक प्रति 15 मई 2025 तक विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। प्रोजेक्ट परीक्षणोपरांत माह मई—जून 2025 में सी प्रमाण पत्र की लिखित एवं मौखिक परीक्षा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की जावेगी।
  2. आपकी संस्था से उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले स्वयंसेवकों की जानकारी नाम व मोबाईल नंबर सहित 30 अप्रैल 2025 तक विश्वविद्यालय की ई—मेल आई. डी. nss@csvtu.ac.in पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
     इस हेतु निम्न प्रारूप में स्वयंसेवकों की जानकारी चाही गई हैं —

| S. No | NSS Registration No. | Name of Volunteer | Fathers Name | Male/ Female | Course/ Branch | Semester | Mobile No. | Email |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |

- **बी. प्रमाण पत्र परीक्षा** — समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई में जिन स्वयंसेवकों के द्वारा दो वर्ष (2023—24 एवं 2024—25) में कुल (120+120) =240 घण्टे का कार्य नियमित गतिविधि के अंतर्गत एवं कम से कम एक सात दिवसीय विशेष में सहभागिता की हो। उन स्वयंसेवकों के लिए बी. प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन संस्था स्तर पर **दिनांक 20 अप्रैल 2025 तक कराना सुनिश्चित किया गया।**
- बी. प्रमाण पत्र परीक्षा हेतु चालू वर्ष में विशेष शिविर का आयोजन आवश्यक है। परीक्षा का रिकार्ड निम्नलिखित प्रारुप में तैयार किया जावें —

| क्र | स्वयंसवेक का नाम | पिता का नाम | कोर्स/संकाय/सेमेस्टर | लिखित परीक्षा पूर्णांक (50) अंक | मौखिक परीक्षा पूर्णांक (50) अंक | कुल प्राप्तांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | प्राप्तांक | प्राप्तांक | |
| | | | | | | |

**नोट — बी एवं सी प्रमाण पत्र परीक्षा के संबंध में विवि रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा प्रेषित पत्र दिनांक 27.03.2025 के निर्देशानुसार परीक्षा का आयोजन सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया गया।**

- समस्त प्रत्येक रासेयो इकाईयों को सत्र 2024–25 में किए गए गतिविधियों व कार्यक्रमों से संबंधित वार्षिक प्रतिवेदन एवं पीपीटी तैयार कर माह अप्रैल–मई 2025 तक सुरक्षित रखना हैं, जिसे राज्य स्तर पर चाही गई तिथि अनुसार प्रस्तुत किया जावेगा।
- रासेयो से संबंधित सभी संस्थाओं द्वारा सत्र 2025–26 में प्रत्येक माह में की जाने वाली संपूर्ण गतिविधियों व कार्यक्रमों की **मासिक प्रतिवेदन** तैयार कर छगस्वावितविवि, रासेयो प्रकोष्ठ, भिलाई को जानकारी से अवगत कराना सुनिश्चित किया गया, जिसकी जानकारी Monthly Report Google Form में अवश्य देने तथा Watsapp Group & E-mail के माध्यम से भी गतिविधियों की तिथी या एक दिन बाद चयनित फोटो रिपोर्ट के माध्यम से प्रेषित करने एवं आयोजित गतिविधियों की जानकारी **विवरण आकड़ों में – तिथि, स्थान, स्वयंसेवकों की संख्या (पुरूष/महिला/अन्य), वृक्षारोपण संख्या, रक्तदान संख्या, शिविर गतिविधि आदि में सम्मिलित अन्य लोगों की संख्या** में संपूर्ण जानकारी विवरणानुसार प्रेषित करने का निर्देश दिया गया, जिसके माध्यम से निर्धारित आकड़ें अनुसार विश्वविद्यालय प्रकोष्ठ में डाटा संग्रहण हो सके एवं उचित कार्यवाही किया जा सके। जिसे समय सीमा के भीतर राज्य एनएसएस अधिकारी एवं भारत सरकार क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल को प्रेषित/अवगत कराया जा सके।
- **विवि रासेयो प्रकोष्ठ के अंतर्गत आने वाले समस्त रासेयो युक्त इकाईयों द्वारा प्रत्येक माह में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी हेतु मासिक प्रतिवेदन तैयार कर विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ को ईमेल nss@csvtu.ac.in के माध्यम से प्रत्येक माह के 30 तारीख को सायं 05.00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्रेषित/अवगत कराना सुनिश्चित किया गया।**
- शासन के दिशा–निर्देशानुसार किसी भी विषय एवं कार्यक्रम से संबंधित चाही/माँगी गई जानकारी अनुसार रासेयो कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा शीघ्र ही समय–सीमा में जानकारी विवि रासेयो प्रकोष्ठ को उपलब्ध या अवगत कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ की कार्यालयीन वाटसप्प् ग्रुप/NSS CSVTU Official Group में चाही गई किसी भी विषयों से संबंधित जानकारी समय–समय सीमा के भीतर अवगत कराने/उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।
- संस्था द्वारा **रासेयो कार्यक्रम अधिकारियों के परिवर्तन** होने से पूर्व विश्वविद्यालय को जानकारी अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया। नवीन कार्यक्रम अधिकारियों की बायोडाटा विश्वविद्यालय प्रकोष्ठ को प्रेषित करने का निर्देश दिया गया।
- विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को **ऑनलाईन बैठक** में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होने का निर्देश दिया गया। बिना जानकारी के अनुपस्थित होने पर किसी भी प्रकार से रासेयो प्रकोष्ठ से चाही गई जानकारी प्राप्त न होने पर कार्यक्रम अधिकारी स्वयं जिम्मेवार होने का निर्देश दिया गया। **(संलग्न–ऑनलाइन बैठक में उपस्थित कार्यक्रम अधिकारियों की सूची)**

Minutes of Meeting : 02.30 pm to 03.30 pm (03-04-25)

# Chhattisgarh Swami Vivekanand Technical University Bhilai
## National Service Scheme

Name of Meetings - All Programme Officers Meeting | Place: Online Google Meeting
Date: - 05/05/2025 | Time: 12.30pm to 01.30pm

**एजेण्डा**

1. बी एवं सी प्रमाण पत्र परीक्षा संबंधी।
2. विकसित वाइब्रेट विलेज प्रोग्राम के संबंध मे।
3. वेगन आउटरीच स्वस्थ आहार ऑनलाईन जागरूकता कार्यक्रम विषय पर चर्चा।
4. पोषण पखवाडा की जानकारी।
5. माह मई में आयोजित किए जाने वाले गतिविधियों के संबंध में।
6. कार्यक्रम अधिकारियों की ऑनलाईन बैठक में अनुपस्थिति हेतु।
7. प्रतिमाह ऑनलाईन मीटिंग मिनिट्स (कार्यवाही विवरण) के अनुसार कार्यवाही संबंधी चर्चा।
8. वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2024–25 हेतु चर्चा।
9. अन्य विषय।

## एजेण्डा कार्यवाही विवरण

1. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ के निर्देशानुसार समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों को अप्रैल माह 2025 में बी प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन कर उत्तीर्ण स्वयंसेवकों की सूची दिनांक 30.04.2025 तक रासेयो प्रकोष्ठ को प्रेषित करने का निर्देश दिया गया था। परंतु कुछ संस्थाओं द्वारा निर्धारित देय तिथि के उपरांत परीक्षा का आयोजन किया जा रहा हैं, जिसके कारण रासेयो प्रकोष्ठ की कार्यालयीन कार्य प्रभावित हो रहे हैं। संबंधित संस्थाओं को शीघ्र ही सूची प्रेषित करने का निर्देश दिया गया, जिससे आगे की कार्यवाही सुनिश्चित तरीके से संचालित किया जा सकें।

   तथा सी प्रमाण पत्र परीक्षा के संबंध में परीक्षा में शामिल होने वाले स्वयंसेवकों को विवि रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा प्रेषित पत्र के नियमानुसार दिनांक 15 मई 2025 तक प्रोजेक्ट फाइल कार्यालय प्रकोष्ठ में जमा/प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया हैं।

2. भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय रासेयो क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल के निर्देशानुसार माय भारत के अनुभव से सीखें कार्यक्रम के तहत "विकसित वाइब्रेट विलेज प्रोग्राम" दिनांक 15 से 30 मई 2025 के मध्य आयोजित किया जा रहा है, जो भारत के सीमावर्ती गावों में युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने की पहल है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत देशभर से चयनित 500 माय भारत स्वयंसेवकों को 100 चयनित सीमावर्ती गावों में भेजा जाएगा। उक्त कार्यक्रम में सहभागिता हेतु अधिकतम स्वयंसेवकों को पंजीयन सुनिश्चित कराए जाने के संबंध में पूर्व में प्रेषित पत्र के अनुसार निर्देश दिया गया था। इस हेतु पंजीकृत स्वयंसेवकों की जानकारी संस्थावार रासेयो प्रकोष्ठ को अवगत कराना सुनिश्चित किया गया।
3. वेगन आउटरीच के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से स्वस्थ आहार के महत्व के बारे में ऑनलाइन जागरूकता सत्र महाविद्यालय में संभागवार आयोजित की गई। जिसमें दिनांक 17 अप्रैल 2025 को दुर्ग एवं रायपुर संभाग तथा दिनांक 25.04.25 को सरगुजा, बिलासपुर एवं बस्तर संभाग के अंतर्गत आने वाले विश्वविद्यालय से समबद्ध रासेयो इकाईयों को इस ऑनलाईन जागरूकता कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं की उपस्थिति रही। ऐसे ही कार्यक्रम समय–समय पर कराते रहने का निर्देश दिया गया, जिससे छात्रों के साथ ऑनलाईन जुड़कर उनसे विचार–विमर्श किया जा सके।

4. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत विभिन्न संस्थाओं द्वारा मार्च एवं अप्रैल माह में पोषण पखवाड़ा मनाया गया। जिसकी जानकारी से विवि रासेयो प्रकोष्ठ को अवगत कराना सुनिश्चित किया गया।

5. राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों द्वारा माह मई 2025 में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों व गतिविधियों से संबंधित जानकारी से अवगत कराने का निर्देश दिया गया। जिसमें रासेयो संस्था आरसीईटी के कार्यक्रम अधिकारी द्वारा रासेयो सत्र 120 घंटे नियमित गतिविधि हेतु कैलेण्डर जारी करने पर अपना विचार अभिव्यक्त किया, जिस पर आगे की कार्यवाही की जाने की बात कही गई।

6. कार्यक्रम अधिकारियों की ऑनलाईन बैठक में अनुपस्थिति के कारण बैठक में की जाने वाली बातों एवं निर्देशों का ठीक से पालन नहीं किया जाता हैं जिसके कारण रासेयो के कार्यालयीन कार्य बाधा उत्पन्न तथा विलंब होती हैं। जिसके कारण किसी भी गतिविधि व कार्यक्रमों का निर्देशानुसार संचालन नहीं किया जाता है। इस हेतु अनुपस्थित के संबंध में स्पष्ट कारण बताते हुए पूर्व में अवगत कराने का निर्देश दिया गया।

7. प्रत्येक माह कार्यक्रम अधिकारियों की बैठक में होने वाली चर्चा संबंधी कार्यवाही विवरण को कार्यक्रम अधिकारी द्वारा संज्ञान में नहीं लिया जाता हैं तथा बैठक में दिए गए दिशा–निर्देशों के अनुसार कार्य नहीं किया जाता है। इस संबंध में विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा कार्यक्रम अधिकारियों के प्रति नाराजगी जाहिर की गई।

8. सत्र 2024–25 हेतु वार्षिक प्रतिवेदन जिन संस्थाओं द्वारा प्रेषित/प्रस्तुत नहीं किया गया हैं, उन इकाईयों को शीघ्र ही प्रेषित करने का निर्देश दिया गया एवं संस्था द्वारा पीपीटी तैयार कर विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया गया। जिससे पूरे वर्ष में कार्यक्रम व गतिविधियों से संबंधित डाटा या जानकारी संग्रहण किया जा सके। सत्र 2024–25 में किए गए गतिविधियों व कार्यक्रमों से संबंधित वार्षिक प्रतिवेदन एवं पीपीटी तैयार कर माह अप्रैल–मई 2025 तक सुरक्षित रखना हैं, जिसे राज्य स्तर पर चाही गई तिथि अनुसार प्रस्तुत किया जावेगा।

**अन्य :**

- सत्र 2025–26 में नियमित गतिविधि एवं शिविर गतिविधि के संबंध में जिन संस्थाओं द्वारा मूल बिल वाउचर एवं प्रतिवेदन 31 मार्च की स्थिति में विवि रासेयो प्रकोष्ठ को जमा या प्रस्तुत किए जाने पर ही उस संस्था के कार्यक्रम अधिकारी को पॉकेट अलाउंस/यात्रा भत्ता दिए जाने का निर्देश दिया गया।
- सत्र 2025–26 के लिए रासेया संस्था को बंद किए जाने के संबंध में कार्यक्रम अधिकारी एवं प्राचार्य की सहमति से हस्ताक्षरित पत्र के माध्यम से बंद किए जाने का प्रस्ताव विवि रासेयो प्रकोष्ठ को चाही गई थी। इस संबंध में एसएससीपीएस भिलाई द्वारा ही प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिसे राज्य रासेयो के समक्ष संस्था को बंद किए जाने का प्रस्ताव प्रेषित किया गया, इस हेतु अवगत कराया ।
- आगामी राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 के लिए कार्यक्रम समन्वयक और कार्यक्रम अधिकारियों का नामांकन के संबंध में देश भर से चयनित कार्यक्रम समन्वयक एवं कार्यक्रम अधिकारी , राज्य एनएसएस अधिकारी के साथ सहभागिता करेंगे, जो तकनीकी कुशल, संचार कौशल में संक्षम और माननीय मंत्री जी के समक्ष पीपीटी का प्रस्तुतीकरण कर सकें। इस हेतु विवि रासेयो प्रकोष्ठ से 06 कार्यक्रम अधिकारियों के साथ कार्यक्रम समन्वयक का नाम प्रेषित किया गया था। जिसमें बिलासपुर विश्वविद्यालय का चयन हुआ। हमारे विश्वविद्यालय के रासेयो कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा कार्यक्रमों व गतिविधियों का सही संचालन नहीं किए जाने के कारण चयन नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की गई। एवं रासेयो से संबंधित कार्यों को पूर्ण रूप से संचालित करने का निर्देश दिया गया।
- रासेयो से संबंधित सभी संस्थाओं द्वारा सत्र 2025–26 में प्रत्येक माह में की जाने वाली संपूर्ण गतिविधियों व कार्यक्रमों की **मासिक प्रतिवेदन** तैयार कर छगस्वावितविवि, रासेयो प्रकोष्ठ, भिलाई को जानकारी से अवगत कराना सुनिश्चित किया गया, जिसकी जानकारी Monthly Report Google Form में अवश्य देने तथा Watsapp Group & E-mail के माध्यम से भी गतिविधियों की तिथी या एक दिन बाद चयनित फोटो रिपोर्ट के माध्यम से प्रेषित करने एवं आयोजित गतिविधियों की जानकारी **विवरण आकड़ों में – तिथि, स्थान, स्वयंसेवकों की संख्या (पुरूष/महिला/अन्य), वृक्षारोपण संख्या, रक्तदान संख्या, शिविर गतिविधि आदि में सम्मिलित अन्य लोगों की संख्या** में संपूर्ण जानकारी विवरणानुसार प्रेषित करने का निर्देश दिया गया, जिसके माध्यम से निर्धारित आकड़ें अनुसार विश्वविद्यालय प्रकोष्ठ में डाटा संग्रहण हो सके एवं उचित कार्यवाही किया जा सके। जिसे समय सीमा के भीतर राज्य एनएसएस अधिकारी एवं भारत सरकार क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल को प्रेषित/अवगत कराया जा सके।

- **विवि रासेयो प्रकोष्ठ के अंतर्गत आने वाले समस्त रासेयो युक्त इकाईयों द्वारा प्रत्येक माह में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी हेतु मासिक प्रतिवेदन तैयार कर विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ को ईमेल** nss@csvtu.ac.in **के माध्यम से प्रत्येक माह के 30 तारीख को सायं 05.00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्रेषित/अवगत कराना सुनिश्चित किया गया। इस संबंध में आपकी संस्था द्वारा जानकारी अप्राप्त है।**

- शासन के दिशा–निर्देशानुसार किसी भी विषय एवं कार्यक्रम से संबंधित चाही/माँगी गई जानकारी अनुसार रासेयो कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा शीघ्र ही समय–सीमा में जानकारी विवि रासेयो प्रकोष्ठ को उपलब्ध या अवगत कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ की कार्यालयीन वाटसप् ग्रुप/NSS CSVTU Official Group में चाही गई किसी भी विषयों से संबंधित जानकारी समय–समय सीमा के भीतर अवगत कराने/उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

- संस्था द्वारा **रासेयो कार्यक्रम अधिकारियों के परिवर्तन** होने से पूर्व विश्वविद्यालय को जानकारी अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया। नवीन कार्यक्रम अधिकारियों की बायोडाटा विश्वविद्यालय प्रकोष्ठ को प्रेषित करने का निर्देश दिया गया। तथा प्रभार के संबंध में पूर्ण जानकारी प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। साथ ही वित्तिय मद की जानकारी पूर्ण रूप से प्राप्त कर प्रभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया।

- विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को **ऑनलाईन बैठक** में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होने का निर्देश दिया गया। बिना जानकारी के अनुपस्थित होने पर किसी भी प्रकार से रासेयो प्रकोष्ठ से चाही गई जानकारी प्राप्त न होने पर कार्यक्रम अधिकारी स्वयं जिम्मेवार होने का निर्देश दिया गया। **(संलग्न–ऑनलाइन बैठक में उपस्थित कार्यक्रम अधिकारियों की सूची)**

Minutes of Meeting : 12.30 pm to 01.30 pm (05-05-25)

# Chhattisgarh Swami Vivekanand Technical University Bhilai
## National Service Scheme

Name of Meetings - All Programme Officers Meeting — Place: Online Google Meeting

Date: - 06/06/2025 — Time: 02.00pm to 03.00pm

एजेंडा :–

1. सी प्रमाण पत्र परीक्षा तिथि के संबंध में चर्चा।
2. सिविल डिफेंस वालेंटियर्स के रूप में छात्रों के पंजीयन–संबंधी।
3. जन औषधि अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम के संबंध में युवाओं के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम–संबंधी।
4. एक पेड़ माँ के नाम अभियान 2.0 (वृक्षारोपण / संरक्षण)।
5. बाल उमंग दृश्य संस्था (बीयूडीएस) द्वारा स्वास्थ्य और फिटनेस मॉड्यूल पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा अन्य रासेयो कार्यक्रम अधिकारियों का प्रशिक्षण तथा युवाओं का स्वास्थ्य एवं फिटनेस मूल्यांकन करने संबंधी ।
6. रा.से.यो. युक्त संस्थाओं द्वारा माई भारत पोर्टल के अंतर्गत ज्ञान संस्थान/Knowledge Institution (KI) के रूप में पंजीयन –संबंधी।
7. अंतर्राष्ट्रीय युवा विनिमय कार्यक्रम/International Youth Exchange Programme–2025–26 (ऑफलाइन / ऑनलाइन) के लिए रासेयो स्वयंसेवकों के नामांकन – संबंधी ।
8. CG–रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा संस्थान स्तरीय माई भारत पोर्टल (https://mybharat-gov-in/) प्रशिक्षण के आयोजन –संबंधी ।
9. मादक पदार्थों की रोकथाम की देश में आयोजित अंतर्विभागीय बैठक में प्राप्त निर्देशों का क्रियान्वयन – संबंधी।
10. मास्टर प्रशिक्षकों/Master Trainers द्वारा माई भारत पोर्टल के अंतर्गत अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम /Experiential Learning Program (ELP) प्रकाशित कराने – संबंधी ।
11. राज्य में सुगम यातायात प्रबंधन एवं सड़क सुरक्षा के कार्यों में रासेयो स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता – संबंधी।
12. माह जून में आयोजित किए जाने वाले गतिविधियों के संबंध में।
13. प्रतिमाह ऑनलाईन मीटिंग मिनिट्स (कार्यवाही विवरण) के अनुसार कार्यवाही संबंधी चर्चा।
14. अन्य विषय।

## एजेण्डा कार्यवाही विवरण

1. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ के निर्देशानुसार समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों को सी प्रमाण पत्र परीक्षा के संबंध में परीक्षा में शामिल होने वाले स्वयंसेवकों को नियमानुसार दिनांक 15 मई 2025 तक प्रोजेक्ट फाइल कार्यालय प्रकोष्ठ में जमा / प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था। जिसके अंतर्गत प्राप्त सूची अनुसार परीक्षा तिथि समस्त कार्यक्रम अधिकारियों की सहमति से सभी स्वयंसेवकों की सेमेस्टर परीक्षा की समाप्ति पश्चात् जुलाई के प्रथम सप्ताह में 03 जुलाई 2025 को आयोजित करना सुनिश्चित किया गया।

2. भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय नई दिल्ली एवं राज्य शासन द्वारा वर्तमान स्थिति के परिपेक्ष में भारतीय बॉर्डर पर हो रही घटनाक्रम को देखते हुए आवश्यकता पड़ने पर देश की सेवा के लिए तैयार राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों की जानकारी एकत्रित की जा रही है। उपरोक्त संबंध में मेरा युवा भारत (mybharat.gov.in) पोर्टल अंतर्गत एन.एस.एस स्वयंसेवकों के पंजीयन कराये जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। इस हेतु पंजीकृत स्वयंसेवकों की जानकारी संस्थावार रासेयो प्रकोष्ठ को अवगत कराना सुनिश्चित किया गया।

3. प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना अंतर्गत जिला स्तर पर जन औषधि केंद्रों (जेएके) पर माई भारत पोर्टल के माध्यम से आयोजित अनुभव से सीखें–अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम (ELP) में स्वयंसेवकों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने और उन्हें सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से निर्मित किया गया है। जिसके अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा पोस्टल सेवाएं, स्वास्थ्य, साइबर सुरक्षा, सामुदायिक पुलिसिंग, सड़क सुरक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अनुभव से सीखें अवधारणा पर प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा जन औषधि केंद्र की कार्यप्रणाली और जेनेरिक दवाओं की प्रणाली तथा नागरिकों के लिए इसके महत्व के बारे में युवाओं को व्यावहारिक जानकारी प्राप्त करने के लिए अवसर प्रदान करने हेतु समय–समय पर रा.से.यो. स्वयंसेवकों की सहभागिता सुनिश्चित किया गया।

4. भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय नई दिल्ली एवं राज्य शासन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार **विश्व पर्यावरण दिवस (05 जून, 2025)** के असवर पर पूरे देश में **"एक पेड़ माँ के नाम 2.0"** अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य गत वर्ष की सफलता को आधार बनाकर सामुदायिक सहभागिता और पर्यावरणीय जागरूकता को और सशक्त बनाना है। **माँ और पृथ्वी** के प्रति सम्मान स्वरूप पौधारोपण के इस अभियान में जनसहभागिता, अंतर्विभागीय समन्वय और जिला स्तरीय नेतृत्व के माध्यम से अधिक से अधिक वृक्षारोपण की कार्यवाही तथा इसका व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाना सुनिश्चित किया गया। पौधारोपण के बाद देखभाल/सर्वेक्षण के अंतर्गत लगाए गए **पौधों का उच्च जीवित प्रतिशत सुनिश्चित किया जावें। आयोजित गतिविधियों व कार्यक्रमों की फोटो, वीडियों, पेपर कटिंग MeriLiFE (https://merilife.nic.in) & MY Bharat (mybharat.gov.in) पोर्टल पर अपलोड करना तथा संक्षिप्त रिपोर्ट तैयार कर विवि रासेयो प्रकोष्ठ को ई–मेल nss@csvtu.ac.in के माध्यम से प्रेषित करना सुनिश्चित किया गया।**
5. नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम –बाल उमंग दृश्य संस्था (बीयूडीएस) द्वारा स्वास्थ्य और फिटनेस मॉड्यूल पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा अन्य रासेयो कार्यक्रम अधिकारियों का प्रशिक्षण तथा युवाओं का स्वास्थ्य एवं फिटनेस मूल्यांकन करने संबंधी विषय पर विवि रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत मास्टर ट्रेनर के रूप में दो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बरून कुमार यादव एवं श्री राकेश नायक को इस से संबंधित सहयोग प्रदान करने एवं आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया तथा माय भारत पोर्टल पर अपने नॉलेज इंस्टीट्यूट पेज पर ईएलपी तैयार करके विद्यार्थियों/छात्रों का पंजीयन करने तथा उनके द्वारा की गई गतिविधियाँ पोर्टल पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित किया गया।
6. भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भोपाल एवं राज्य शासन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त रा.से.यो. युक्त संस्थाओं को माई भारत पोर्टल के अंतर्गत ज्ञान संस्थान/Knowledge Institution (KI) के रूप में पंजीयन करने का निर्देश दिया गया।
7. भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भोपाल एवं राज्य शासन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय युवा विनिमय कार्यक्रम/International Youth Exchange Programme–2025–26 (ऑफलाइन/ ऑनलाइन) के लिए रासेयो स्वयंसेवकों के नामांकन हेतु पत्र समस्त रासेयो संस्थाओं को प्रेषित किया गया था। इस संबंध में विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत एक स्वयंसेवक श्री मृत्युजय साहू, एसएसटीसी जुनवानी, भिलाई का नामांकन प्राप्त हुआ। जिसकी जानकारी क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल एवं राज्य रासेयो अधिकारी को प्रेषित की गई हैं। इस हेतु विवि कार्यक्रम समन्वयक द्वारा समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को जानकारी साझा की गई।
8. रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा संस्थान स्तरीय माई भारत पोर्टल (https://mybharat-gov-in/) प्रशिक्षण के आयोजन के संबंध में 15 मई 2025 कार्यक्रम अधिकारियों के लिए एक ऑनलाईन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कार्यक्रम अधिकारी माय भारत पोर्टल के संबंध में अपना फीडबैक एकत्र कर तथा स्वयंसेवकों/विद्यार्थियों को इस पोर्टल पर अपना फीडबैक साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में निम्न बिंदु को शामिल किया गया–

   -MY Bharat प्रोफाइल को पूरा करने और स्थानीय भाषा में माय भारत पोर्टल पर स्पीच–टू–टेक्स्ट सुविधा का उपयोग करने के बारे में मार्गदर्शन देना।

   – MY Bharat पोर्टल के माध्यम से सिविल डिफेंस वालंटियर के लिए आवेदन करने के निर्देश।

   – MY Bharat पोर्टल पर साइबर सुरक्षा लर्निंग प्रोग्राम और ईएलपी की जानकारी।

   – MY Bharat पोर्टल पर एस्पायर लीडरशीप, जन औषधि केंद्र, पोस्ट, लाभ और गैर–लाभकारी दोनों अवसरों सहित आगामी ईएलपी की जानकारी प्रदान करने से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई।
9. मादक पदार्थों की रोकथाम देश में आयोजित अंतर्विभागीय बैठक में प्राप्त निर्देशों का क्रियान्वयन तथा छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग, राज्य एनएसएस अधिकारी द्वारा प्राप्त पत्र क्र 710 के निर्देशानुसार समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को छ.ग. राज्य में मादक पदार्थों के तस्करों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए इस पर अंकुश लगाये जाने की दिशा में कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थों की आपूर्ति में कमी लाये जाने एवं इन पदार्थों की मांग एवं इससे होने वाले अपहानी पर कमी लाये जाने हेतु संबंधित विभागों से मिलकर कार्यवाही करना सुनिश्चित किया गया।
10. मास्टर प्रशिक्षकों/Master Trainers द्वारा माई भारत पोर्टल के अंतर्गत अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम /Experiential Learning Program (ELP) प्रकाशित कराने – संबंधी विषयों पर चर्चा की गई एवं समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को उचित कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।

11. राज्य शासन द्वारा प्राप्त पत्र 698 के निर्देशानुसार राज्य में सुगम यातायात प्रबंधन एवं सड़क सुरक्षा के कार्यों में रासेयो स्वसेवकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर जनसामान्य को जागरूक किये जाने, व्यापक स्तर पर योजना का क्रियान्वयन किया जाना, बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी नियंत्रण, यातायात पुलिस के साथ कैडेट्स की सुविधानुसार स्थान में पीक आवर्स में स्वैच्छिक सेवा के साथ साथ अंतर्विभागीय लीड एजेंसी के सोशल मीडिया तथा अन्य मीडिया अकाउंट माध्यमों से उपलब्ध सड़क सुरक्षा सामग्री से जनजागरूकता हेतु पहल किया जाना सुनिश्चित किया गया।
12. माह जून में आयोजित किए जाने वाले गतिविधियों के संबंध में चर्चा की गई।
13. प्रत्येक माह कार्यक्रम अधिकारियों की बैठक में होने वाली चर्चा संबंधी विषय पर कार्यवाही विवरण के दिशा–निर्देशों के अनुसार समस्त कार्यक्रम अधिकारी को कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।

अन्य :

- विश्वविद्यालय स्तरीय रासेयो सलाहकार समिति के बैठक के आयोजन संबंधी विषयों पर चर्चा की गई तथा समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को किसी विषय से संबंधित सुझाव प्रदान करने को कहा गया। जिसे उपर्युक्त होने पर बैठक में प्रस्तुत किया जावेगा। इस हेतु 19 जून 2025 को किया जाना प्रस्तावित है के संबंध में विवि रासेयो प्रकोष्ठ के कार्यक्रम समन्वयक द्वारा जानकारी साझा की गई। शासकीय पॉलिटेक्निक धमतरी के कार्यक्रम अधिकारी द्वारा कार्यक्रम अधिकारियों को विश्वविद्यालय में रासेयो से संबंधित कार्यों के दौरान उपस्थित होने पर यात्रा भत्ता प्रदान किये जाने का सुझाव दिया गया। जिसे कार्यक्रम समन्वयक द्वारा इस बात को सलाहकार समिति के समक्ष प्रस्तुत करने पर विचार–विमर्श किया गया।
- कार्यक्रम अधिकारियों की ऑनलाईन बैठक में अनुपस्थिति के कारण बैठक में की जाने वाली बातों एवं निर्देशों का सही तरीके से पालन नहीं किया जाता हैं, जिसके कारण रासेयो के कार्यालयीन कार्य में बाधा उत्पन्न तथा विलंब होती हैं। जिसके कारण किसी भी गतिविधि व कार्यक्रमों का निर्देशानुसार संचालन नहीं किया जाता है। इस हेतु अनुपस्थिति के संबंध में स्पष्ट कारण बताते हुए पूर्व में ही अवगत कराने का निर्देश दिया गया।
- रासेयो से संबंधित सभी संस्थाओं द्वारा सत्र 2025–26 में प्रत्येक माह में की जाने वाली संपूर्ण गतिविधियों व कार्यक्रमों की **मासिक प्रतिवेदन** तैयार कर छगस्वावितविवि, रासेयो प्रकोष्ठ, भिलाई को जानकारी से अवगत कराना सुनिश्चित किया गया, जिसकी जानकारी Monthly Report Google Form में अवश्य देने तथा Watsapp Group & E-mail (nss@csvtu.ac.in) के माध्यम से भी गतिविधियों की तिथी या एक दिन बाद चयनित फोटो रिपोर्ट के माध्यम से प्रेषित करने एवं आयोजित गतिविधियों की जानकारी **विवरण आकड़ों में – तिथि, स्थान, स्वयंसेवकों की संख्या (पुरूष/महिला/अन्य), वृक्षारोपण संख्या, रक्तदान संख्या, शिविर गतिविधि आदि में सम्मिलित अन्य लोगों की संख्या** में संपूर्ण जानकारी विवरणानुसार प्रेषित करने का निर्देश दिया गया, जिसके माध्यम से निर्धारित आकड़ें अनुसार विश्वविद्यालय प्रकोष्ठ में डाटा संग्रहण हो सके एवं उचित कार्यवाही किया जा सके। जिसे समय सीमा के भीतर राज्य एनएसएस अधिकारी एवं भारत सरकार क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल को प्रेषित/अवगत कराया जा सके।
- **विवि रासेयो प्रकोष्ठ के अंतर्गत आने वाले समस्त रासेयो युक्त इकाईयों द्वारा प्रत्येक माह में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी हेतु मासिक प्रतिवेदन तैयार कर विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ को ईमेल** nss@csvtu.ac.in **के माध्यम से प्रत्येक माह के 30 तारीख को सायं 05.00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्रेषित/अवगत कराना सुनिश्चित किया गया। इस संबंध में आपकी संस्था द्वारा माह अप्रैल तथा माह मई की जानकारी अप्राप्त है। (नोट : विवि रोसेयो प्रकोष्ठ द्वारा प्रत्येक तीन माह में त्रैमासिक रिपोर्ट तैयार कर राजभवन सचिवालय रायपुर को प्रेषित की जाती है।)**
- शासन के दिशा–निर्देशानुसार किसी भी विषय एवं कार्यक्रम से संबंधित चाही/माँगी गई जानकारी अनुसार रासेयो कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा शीघ्र ही समय–सीमा में जानकारी विवि रासेयो प्रकोष्ठ को उपलब्ध या अवगत कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ की कार्यालयीन वाटसप्प् ग्रुप/NSS CSVTU Official Group में चाही गई किसी भी विषयों से संबंधित जानकारी समय–समय सीमा के भीतर अवगत कराने/उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

- संस्था द्वारा **रासेयो कार्यक्रम अधिकारियों के परिवर्तन** होने से पूर्व विश्वविद्यालय को जानकारी अवगत कराने, नवीन कार्यक्रम अधिकारियों की बायोडाटा प्रेषित करने, वित्तिय मद की जानकारी तथा प्रभार ग्रहण के संबंध में संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर प्रभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया।

- भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार किसी भी विषय पर माय भारत पोर्टल से संबंधित संपूर्ण विषयों पर अनिवार्य रूप से उचित कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया गया तथा ऑनलाईन मीटिंग के संबंध में समस्त कार्यक्रम अधिकारियों की सहभागिता होने का निर्देश दिया गया। साथ ही माय भारत पोर्टल से संबंधित जानकारी विवि रोसेयो प्रकोष्ठ को समय–समय पर प्रेषित करना सुनिश्चित किया गया।

- **विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा समय–समय पर प्रेषित पत्र का अवलोकन करने एवं पत्र के निर्देशानुसार उचित कार्यवाही करते रहने का निर्देश दिया गया। समस्त प्रेषित पत्र के अनुसार की गई कार्यवाही का प्रत्येक संस्था के रासेयो कार्यक्रम अधिकारियों को संक्षिप्त रिपोर्ट (फोटो/वीडियों सहित) तैयार कर विवि रासेयो प्रकोष्ठ को जानकारी प्रस्तुत/प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।**

- विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को **ऑनलाईन बैठक** में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होने तथा बिना जानकारी के अनुपस्थित होने पर किसी भी प्रकार से रासेयो प्रकोष्ठ से चाही गई जानकारी प्राप्त न होने पर कार्यक्रम अधिकारी स्वयं जिम्मेवार होने का निर्देश दिया गया। **(संलग्न–ऑनलाइन बैठक में उपस्थित कार्यक्रम अधिकारियों की सूची)**

Minutes of Meeting : 02.00 pm to 03.00 pm (06-06-25)

# Chhattisgarh Swami Vivekanand Technical University Bhilai
## National Service Scheme

Name of Meetings - All Programme Officers Meeting    Place: Online Google Meeting
Date: - 07/07/2025    Time: 01.00pm to 01.40pm

एजेंडा :–

1. सी. प्रमाण पत्र परीक्षा तिथि के संबंध में चर्चा।
2. रा.से.यो. युक्त संस्थाओं द्वारा माई भारत पोर्टल के अंतर्गत ज्ञान संस्थान/Knowledge Institution (KI) के रूप में पंजीयन –संबंधी।
3. MY भारत पोर्टल के माध्यम से साइबर सुरक्षा ईएलपी के क्रियान्वयन हेतु कार्य योजना प्रस्तुत करने – संबंधी ।
4. राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र, नई दिल्ली में 15 अगस्त, 2025 को आयोजित एट होम रिसेप्शन के लिए नामित स्वयंसेवकों का विवरण – संबंधी ।
5. "नशा मुक्त भारत पखवाड़ा" (Nasha Mukt Bharat Pakhwada)
6. धरती आबा जन भागीदारी अभियान – संबंधी।
7. स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 – संबंधी।
8. माह जुलाई में आयोजित किए जाने वाले गतिविधियों के संबंध में।
9. प्रतिमाह ऑनलाईन मीटिंग मिनिट्स (कार्यवाही विवरण) के अनुसार कार्यवाही संबंधी चर्चा।
10. अन्य विषय।

## एजेण्डा कार्यवाही विवरण

1. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ के अंतर्गत **सी प्रमाण पत्र परीक्षा में सम्मिलित होने वाले स्वयंसेवकों (सूची संलग्न) की परीक्षा तिथि का आयोजन** 16 जुलाई 2025 को किए जाने हेतु संबंधित संस्थाओं को पत्र प्रेषित किया गया है। जिसमें समस्त कार्यक्रम अधिकारी की सहमति ली गई तथा उक्त तिथि में ही परीक्षा का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया। साथ ही परीक्षा में सम्मिलित स्वयंसेवकों को यात्रा भत्ता दिए जाने के लिए टी. ए. फार्म कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा संस्था स्तर पर भरवाकर लाने हेतु निर्देशित किया गया।
2. भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भोपाल एवं राज्य शासन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त रा.से.यो. युक्त संस्थाओं को माई भारत पोर्टल के अंतर्गत ज्ञान संस्थान/Knowledge Institution (KI) के रूप में पंजीयन करने का निर्देश दिया गया। पंजीयन करते समय आने वाली समस्याओं का विवरण स्पष्ट रूप से संबंधित को साझा करने का निर्देश दिया गया।
3. माई भारत पोर्टल के माध्यम से आयोजित अनुभव से सीखें–अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम (ELP) में स्वयंसेवकों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने और उन्हें सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से निर्मित किया गया है। जिसके अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा साइबर सुरक्षा, सामुदायिक पुलिसिंग, सड़क सुरक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अनुभव से सीखें अवधारणा पर प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा नागरिकों के लिए इसके महत्व के बारे में युवाओं को व्यावहारिक जानकारी प्राप्त करने के लिए अवसर प्रदान करने हेतु समय–समय पर रा.से.यो. स्वयंसेवकों की सहभागिता सुनिश्चित किया गया। साइबर सुरक्षा ईएलपी के क्रियान्वयन हेतु कार्य योजना प्रस्तुत करने संबंधी विषयों पर चर्चा की गई।
4. भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय नई दिल्ली एवं राज्य शासन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार, राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र, नई दिल्ली में 15 अगस्त, 2025 को आयोजित एट होम रिसेप्शन के लिए आवश्यक निर्देशों का पालन करते हुए छगस्वावितविवि रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा नामित स्वयंसेवकों (एक स्वयंसेवक एवं एक स्वयंसेविका) की जानकारी चाही गई थी। जिसमें रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा एक स्वयंसेवक भूपेश देवांगन, एसएसआईपीएमटी रायपुर एवं एक स्वयंसेविका प्रिया वर्मा शासकीय पॉलिटेक्निक भाठापारा का नाम प्रेषित किया गया है। जिसे केन्द्रिय स्तर पर चयन कर आगे की कार्यवाही की जावेगी।

5. माननीय कुलपति, छगस्वावितविवि भिलाई द्वारा प्राप्त ई–मेल के तारतम्य में निर्देशानुसार – संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 26 जून को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में नामित किया है। इसके अनुरूप, भारत सरकार सामूहिक कार्रवाई, व्यापक जागरूकता और सक्रिय सार्वजनिक भागीदारी के माध्यम से "नशा मुक्त भारत" की परिकल्पना करती है। इस संदर्भ में, विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा सभी संस्थानों को 12 से 26 जून 2025 तक "नशा मुक्त भारत पखवाड़ा" मनाएँ जाने हेतु निर्देशित किया गया था। गतिविधियों का आयोजन निम्नलिखित बिन्दुओं में इस प्रकार से हैं–

- नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ ई–शपथ लेकर 12–26 जून, 2025 के दौरान **"नशा मुक्त भारत पखवाड़ा"** मनाना।
- "**मिशन–ड्रग फ्री कैंपस**" के हिस्से के रूप में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना।
- मशहूर हस्तियों और संस्थानों के प्रमुखों द्वारा नशीली दवाओं के खिलाफ संदेश जारी करना और प्रभावशाली वीडियो संदेशों का प्रसारण करना।
- नशा मुक्ति केंद्र कर्मियों के साथ कार्यशालाएँ संगोष्ठियाँ राज्यों में परामर्श और नशा मुक्ति केंद्रों के कर्मचारियों और प्रभारियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम।

**उपरोक्त कार्यक्रम के आयोजन उपरांत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था, जो कि विवि रासेयो प्रकोष्ठ को आज दिनांक तक अप्राप्त है।**

6. भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय नई दिल्ली एवं राज्य शासन द्वारा प्राप्त पत्र के निर्देशानुसार, जनजातीय गौरव वर्ष के तहत दिनांक 15 से 30 जून 2025 तक "धरती आबा जन भागीदारी अभियान" देश के 550 जनजातीय बहुल जिलों और 1 लाख से अधिक गांवों एवं बस्तियों में चलाया जाना प्रस्तावित है। इस अभियान के अंतर्गत जमीनी स्तर पर जन–जागरूकता जैसे– आधार, राशन कार्ड, स्वास्थ्य कार्ड, पेंशन योजना और आजीविका से संबंधित लाभ जैसे प्रमुख व्यक्तिगत अधिकारों की जानकारी प्रदान करना है। स्वयंसेवक निम्नानुसार अभियान में सहयोग प्रदान करेंगे –

- गांव–स्तर पर आयोजित शिविरों के आयोजन में सहयोग करना।
- घर–घर जाकर जागरूकता अभियान एवं सामुदायिक बैठकें आयोजित करना।
- नागरिकों को दस्तावेजीकरण और डिजिटल सेवाओं की जानकारी देते हुए सहयोग करना।
- शिविरों में हेल्प डेस्क का प्रबंधन करना और जिला प्रशासन का सहयोग करना।
- सोशल मीडिया, स्थानीय मीडिया और आईईसी सामग्री के माध्यम से अभियान का प्रचार–प्रसार करना।

इस अभियान का आयोजन कर आदिवासी बहुल क्षेत्रों में रासेयो स्वयंसेवकों की भागीदारी तथा आयोजन उपरांत संक्षिप्त रिपोर्ट, फोटोग्राफ्स, सूक्ष्म विडियो सहित इस कार्यालय के ई–मेल nss@csvtu.ac.in पर दिनांक 30 जून 2025 तक प्रेषित करने का निर्देश दिया गया था, जिससे समयानुसार क्षेत्रीय निदेशालय एवं राज्य रासेयो प्रकोष्ठ को प्रेषित किया जा सकें। जो कि आज दिनांक तक रासेयो प्रकोष्ठ को अप्राप्त है।

7. भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा प्राप्त पत्र के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 अभियान के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु प्रदेश के समस्त रासेयो युक्त संस्थानों में SSG 2025 Logo और SSG क्रिएटिव प्रदर्शित करते हुए क्यू आर (QR) कोड साझा किया गया एवं आवश्यकतानुसार उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया।
8. माह जुलाई में आयोजित किए जाने वाले गतिविधियों के संबंध में चर्चा की गई।
9. प्रत्येक माह कार्यक्रम अधिकारियों की बैठक में होने वाली चर्चा–संबंधी विषय पर कार्यवाही विवरण के दिशा–निर्देशों के अनुसार समस्त कार्यक्रम अधिकारी को कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।

अन्य :

- मादक पदार्थों की रोकथाम देश में आयोजित अंतर्विभागीय बैठक में प्राप्त निर्देशों का क्रियान्वयन तथा छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग, राज्य एनएसएस अधिकारी द्वारा प्राप्त पत्र क्र 710 के निर्देशानुसार समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को छ.ग. राज्य में मादक पदार्थों के तस्करों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए इस पर अंकुश लगाये जाने की दिशा में कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थों की आपूर्ति में कमी लाये जाने एवं इन पदार्थों की मांग एवं इससे होने वाले अपहानी पर कमी लाये जाने हेतु संबंधित विभागों से मिलकर कार्यवाही करना सुनिश्चित किया गया। इस संदर्भ में आयोजित कार्यक्रमों की रिपोर्ट विवि रासेयो प्रकोष्ठ को प्रेषित करने का निर्देश दिया गया।

- विश्वविद्यालय स्तरीय रासेयो सलाहकार समिति के बैठक के आयोजन संबंधी विषयों पर चर्चा की गई जिसमें रासेयो प्रकोष्ठ के कार्यक्रम समन्वयक द्वारा राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में की गई चर्चानुसार हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग तथा छगस्वावितविवि रासेयो प्रकोष्ठ का एक साथ रायपुर में निर्धारित तिथि में किया जाने हेतु जानकारी साझा की गई।

- कार्यक्रम अधिकारियों की ऑनलाईन बैठक में अनुपस्थिति के कारण बैठक में की जाने वाली बातों एवं निर्देशों का सही तरीके से पालन नहीं किया जाता हैं, जिसके कारण रासेयो के कार्यालयीन कार्य में बाधा उत्पन्न तथा विलंब होती हैं। जिसके कारण किसी भी गतिविधि व कार्यक्रमों का निर्देशानुसार संचालन नहीं किया जाता है। इस हेतु अनुपस्थिति के संबंध में स्पष्ट कारण बताते हुए पूर्व में ही अवगत कराने का निर्देश दिया गया।

- रासेयो से संबंधित सभी संस्थाओं द्वारा सत्र 2025–26 में प्रत्येक माह में की जाने वाली संपूर्ण गतिविधियों व कार्यक्रमों की **मासिक प्रतिवेदन** तैयार कर छगस्वावितविवि, रासेयो प्रकोष्ठ, भिलाई को जानकारी से अवगत कराना सुनिश्चित किया गया, जिसकी जानकारी Monthly Report Google Form में अवश्य देने तथा Watsapp Group & E-mail (nss@csvtu.ac.in) के माध्यम से भी गतिविधियों की तिथी या एक दिन बाद चयनित फोटो रिपोर्ट के माध्यम से प्रेषित करने एवं आयोजित गतिविधियों की जानकारी **विवरण आकड़ों में – तिथि, स्थान, स्वयंसेवकों की संख्या (पुरूष/महिला/अन्य), वृक्षारोपण संख्या, रक्तदान संख्या, शिविर गतिविधि आदि में सम्मिलित अन्य लोगों की संख्या** में संपूर्ण जानकारी विवरणानुसार प्रेषित करने का निर्देश दिया गया, जिसके माध्यम से निर्धारित आकड़ें अनुसार विश्वविद्यालय प्रकोष्ठ में डाटा संग्रहण हो सके एवं उचित कार्यवाही किया जा सके। जिसे समय सीमा के भीतर राज्य एनएसएस अधिकारी एवं भारत सरकार क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल को प्रेषित/अवगत कराया जा सके।

- **विवि रासेयो प्रकोष्ठ के अंतर्गत आने वाले समस्त रासेयो युक्त इकाईयों द्वारा प्रत्येक माह में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी हेतु मासिक प्रतिवेदन तैयार कर विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ को ईमेल nss@csvtu.ac.in के माध्यम से प्रत्येक माह के 30 तारीख को सायं 05.00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्रेषित/अवगत कराना सुनिश्चित किया गया। इस संबंध में आपकी संस्था द्वारा माह अप्रैल से जून माह की जानकारी अप्राप्त है। (नोट : विवि रोसेयो प्रकोष्ठ द्वारा प्रत्येक तीन माह में त्रैमासिक रिपोर्ट तैयार कर राजभवन सचिवालय रायपुर को प्रेषित की जाती है।)**
- शासन के दिशा–निर्देशानुसार किसी भी विषय एवं कार्यक्रम से संबंधित चाही/माँगी गई जानकारी अनुसार रासेयो कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा शीघ्र ही समय–सीमा में जानकारी विवि रासेयो प्रकोष्ठ को उपलब्ध या अवगत कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ की कार्यालयीन वाटसप्प् ग्रुप/NSS CSVTU Official Group में चाही गई किसी भी विषयों से संबंधित जानकारी समय–समय सीमा के भीतर अवगत कराने/उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

- संस्था द्वारा **रासेयो कार्यक्रम अधिकारियों के परिवर्तन** होने से पूर्व विश्वविद्यालय को जानकारी अवगत कराने, नवीन कार्यक्रम अधिकारियों की बायोडाटा प्रेषित करने, वित्तिय मद की जानकारी तथा प्रभार ग्रहण के संबंध में संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर प्रभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया।

- **विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा समय–समय पर प्रेषित पत्र का अवलोकन करने एवं पत्र के निर्देशानुसार उचित कार्यवाही करते रहने का निर्देश दिया गया। समस्त प्रेषित पत्र के अनुसार की गई कार्यवाही का प्रत्येक संस्था के रासेयो कार्यक्रम अधिकारियों को संक्षिप्त रिपोर्ट (फोटो/वीडियों सहित) तैयार कर विवि रासेयो प्रकोष्ठ को जानकारी प्रस्तुत/प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।**

- विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को **ऑनलाईन बैठक** में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होने तथा बिना जानकारी के अनुपस्थित होने पर किसी भी प्रकार से रासेयो प्रकोष्ठ से चाही गई जानकारी प्राप्त न होने पर कार्यक्रम अधिकारी स्वयं जिम्मेवार होने का निर्देश दिया गया। **(संलग्न–ऑनलाइन बैठक में उपस्थित कार्यक्रम अधिकारियों की सूची)**

Minutes of Meeting : 01.00 pm to 01.40 pm (07-07-25)

Name of Meetings - All Programme Officers Meeting | Place: Online Google Meeting
Date: - 07/08/2025 | Time: 12.45pm to 01.30pm

एजेंडा :–

1. राष्ट्रीय सेवा योजना सत्र 2025–26 हेतु स्वयंसेवकों का पंजीयन।
2. स्कूल शिक्षा मित्र।
3. ऑनलाईन चाईल्ड सेफ्टी मॉड्यूल का प्रचार–प्रसार के संबंध में।
4. प्रजातंत्र 2025 पंजीकरण के संबंध में।
5. राष्ट्रीय छात्र पर्यावरण प्रतियोगिता NSPC 2025 बाबत ।
6. मादक पदार्थों की रोकथाम की देश में आयोजित अंतर्विभागीय बैठक में प्राप्त निर्देशों का क्रियान्वयन – संबंधी।
7. स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 – संबंधी।
8. राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्तर पर संयोजक चयन की जानकारी – संबंधी।
9. राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व स्वयं सेवकों की जानकारी – संबंधी।
10. राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय पुरस्कार संबंधी।
11. व्यास पूजा / गुरू पूजन संबंधी ।
12. "एक पेड़ माँ के नाम 2.0" अभियान के कार्यान्वयन के संबंध में।
13. MY Bharat Portal/माई भारत पोर्टल पर नव प्रवेशित रासेयो स्वयंसेवकों, छात्रों, युवाओं और नव नामांकित रासेयो कार्यक्रम अधिकारियों के पंजीयन – संबंधी ।
14. सड़क सुरक्षा मित्र कार्यक्रम के क्रियान्वयन – संबंधी।
15. "विकसित भारत युवा कनेक्ट" कार्यक्रम दिनांक 12 अगस्त 2025 को आयोजित करने – संबंधी ।
16. माह अगस्त में आयोजित किए जाने वाले गतिविधियों के संबंध में।
17. अन्य विषय।

## एजेण्डा कार्यवाही विवरण

1. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत आने वाले समस्त रासेयो इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारियों को सत्र 2025–26 हेतु नव प्रवेशित या नवीन स्वयंसेवकों का पंजीयन (न्यूनतम 100 या 100 से अधिक स्वयंसेवक) कराने का निर्देश दिया गया। इस हेतु विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा व्हाट्सप ग्रुप के माध्यम से नवीन स्वयंसेवक पंजीकरण प्रोफार्मा (**प्रारूप एक्सेल शीट**) साझा की गई। प्रारूप अनुसार समय–समय पर पंजीकृत स्वयंसेवकों की जानकारी विवि रासेयो प्रकोष्ठ को अवगत कराने का निर्देश दिया गया।

**स्वयंसेवको का पंजीयन प्रारूप रासेयो सत्र 2025–26 हेतु**

| SN | Institutiion District | Name of the Institution | Name of Volunteers | Fathers Name | Date Of Birth | Gender M/F | Class | Subject | Category ST/SC/ OBC/ GEN/ Other | Contact No. of Vol. | E-mail of Volunteers | Vol. Addressed | Volunteers Instagram/facebook account | Volunteers Twitter account | Blood Group |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | |

2. स्कूल शिक्षा मित्र योजना से संबंधित सरकार के नियमों समय–समय पर मिलने वाले लाभों एवं छात्रवृत्ति योजना डिजिटल साक्षरता तथा आवश्यक मार्गदर्शन हेतु स्कूली छात्रों को अवगत कराया जाना चाहिए। आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतिभावान ग्रामीण विद्यार्थियों की पढ़ाई में आने वाली समस्याओं का समाधान एवं विभिन्न "छात्रवृत्ति योजनाओं" से लाभान्वित करने 'स्कूल शिक्षा मित्र योजना' का समय–समय पर संचालन करते रहने एवं प्रत्येक रासेयो संस्था या स्वयंसेवकों द्वारा कम से कम 5 विद्यार्थियों को गोद लेकर उनके पढ़ाई में हमेशा सहयोग करने हेतु निर्देशित किया गया। इस हेतु निरंतरता के साथ कार्यक्रम का आयोजन करते रहने का निर्देश दिया गया।

3. छत्तीसगढ़ शासन राज्य रासेयो प्रकोष्ठ एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार बच्चों के अधिकारों और उनके साथ किये जाने वाले व्यवहारों पर पुलिस व हितधारक संस्थाओं के साथ–साथ आम नागरिकों को भी जागरूक करने हेतु छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा **ऑनलाईन चाईल्ड सेफ्टी मॉड्यूल** विकसित कर लांच किया गया है। यह माड्यूल पुलिस विभाग के अधिकारिक वेबसाईट पर उपलब्ध है जिसे मोबाईल फोन व डेस्कटॉप कम्प्यूटर पर आसानी के साथ एक्सेस किया जा सकता है। उक्त मॉड्यूल में बच्चों से संबंधित निम्नलिखित 09 विषयों को शामिल किया गया है–

- Violence Against Children (बच्चों के विरूद्ध क्रूरता)
- Gender Based Violence (लिंग आधारित हिंसा)
- Child Sexual Abuse (बाल यौन शोषण)
- Juvenile Justice Act (किशोर न्याय अधिनियम)
- Children in Armed Conflict (सशस्त्र संघर्ष में बच्चे)
- Child Marriage (बाल विवाह)
- Children in Conflict with Law (विधिविरूद्ध बालक)
- Child Labour and Trafficking (बाल श्रम एवं तस्करी)
- New Criminal Laws (नवीन कानून)

प्रत्येक विषय को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर उपयोगकर्त्ता को विषयवार पृथक–पृथक 09 सर्टिफिकेट प्राप्त होंगे। बाल संरक्षण व बाल अधिकार की दिशा में प्रचार–प्रसार सहयोग अपेक्षित है। उक्त संबंध में आवश्यक कार्यवाही इस कार्यालय को सूचित करने का निर्देश दिया गया।

4. प्रजातंत्र 2025 में भाग लेने के लिए ईमेल के साथ प्रजातंत्र का आमंत्रण पत्र, अवधारणा नोट और पोस्टर विवि रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा प्रेषित की गई थी। राज्य में प्रजातंत्र की पहुँच बढ़ाने में युवाओं के लिए सहभागी लोकतंत्र का अनुभव करने और उन्हें भविष्य का नेतृत्व करने के लिए प्रोत्साहित करने का एक शैक्षिक मंच है। जिसके तहत – चार से आठ छात्रों की टीमों को नामांकित करने के लिए आमंत्रित किया गया जो कि प्रजातंत्र 2025 में संस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगी।

पंजीकरण फॉर्म का लिंक यहां दिया गया है:
https://docs-google-com/forms/d/1hXTn0G0MZg_asfWCbKP8ZQ3bbv4CVw3r6B8N&PHNcro/edit

**पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 अगस्त 2025, रात 11:59 बजे तक है।**

He Proposed Timeline of Prajatantra 2025:

**Qualifying Round (online): 5th, 6th and 7th September 2025**

**Semi Final (online): 20th and 21st September 2025**

**Grand Finale (in-person ceremony in Mumbai): 1st and 2nd November 2025**

5. बच्चों एवं समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से प्रतिवर्ष पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा भारत सरकार एवं शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से राष्ट्रीय छात्र पर्यावरण प्रतियोगिता **NSPC** 2025 का आयोजन इस वर्ष भी किया जा रहा है। हरित स्वदेशी परंपराओं के पुनरुद्धार के समग्र कार्य इस ध्येय को लेकर इस प्रतियोगिता को केन्द्रित किया गया है। छात्रों द्वारा 01 जुलाई, 2025 से 21 अगस्त, 2025 के मध्य दिया जा सकता है। उक्त संबंध में प्रतिभागी छात्रों की जानकारी चाही गई थी जिसके अंतर्गत केवल 9 इकाईयों (VEC Ambikapur, GP Bhatapara, GP Ramanujganj, GGP Jagdalpur, GP Bilaspur, ITI Kurud, BIT Durg, RCET Bhilai, CIP Raipur) द्वारा कुल 340 स्वयंसेवकों की जानकारी प्राप्त हुई हैं। इस हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए इस कार्यालय को अवगत कराने का निर्देश दिया गया।

6. मादक पदार्थों की रोकथाम देश में आयोजित अंतर्विभागीय बैठक में प्राप्त निर्देशों का क्रियान्वयन तथा छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग, राज्य एनएसएस अधिकारी द्वारा प्राप्त पत्र क्र 710 के निर्देशानुसार समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को छ.ग. राज्य में मादक पदार्थों के तस्करों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए इस पर अंकुश लगाये जाने की दिशा में कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थों की आपूर्ति में कमी लाये जाने एवं इन पदार्थों की मांग एवं इससे होने वाले अपहानी पर कमी लाये जाने हेतु संबंधित विभागों से मिलकर कार्यवाही करना सुनिश्चित किया गया | इस संदर्भ में विवि रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा प्रेषित पत्रानुसार आयोजित कार्यक्रमों की रिपोर्ट 13.08.2025 तक विवि रासेयो प्रकोष्ठ को प्रेषित करने का निर्देश दिया गया।

7. भारत सरकार एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार विवि रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 अभियान के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों में SSG 2025 Logo और SSG क्रिएटिव प्रदर्शित करते हुए **QR कोड साझा** हेतु पत्र प्रेषित किया गया था। उक्त संबंध में उचित कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।

8. राष्ट्रीय सेवा योजना युक्त संस्थाओं में इकाई स्तर /Unit level की संरचना को अधिक सक्रिय और प्रभावशील बनाने के लिए निम्नानुसार समिति का गठन किया जाना है। इस संबंध में प्रोफॉर्मा अनुसार जानकारी चाही गई थी जिसके अनुसार विवि रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत आज दिनांक तक केवल 08 (GP Bhatapara, GGP Bilaspur, GP Khairagarh, GP Ramanujganj, GGP Jagdalpur, LCIT SOP Bilaspur, SSTC Both ) इकाईयों द्वारा जानकारी प्राप्त है।

**संयोजक चयन की जानकारी (प्रोफॉर्मा)**

| क्र. | पद का नाम | स्वयंसेवक का नाम | ब्रांच / सेमेस्टर | मोबाईल नंबर | ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सोशल मीडिया संयोजक | | | | |
| 2 | माय भारत संयोजक | | | | |
| 3 | स्वास्थ्य और योग संयोजक | | | | |
| 4 | पर्यावरण संयोजक | | | | |
| 5 | सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन / कार्यक्रम संयोजक | | | | |
| 6 | व्यायाम और विशेष अभियान संयोजक | | | | |
| 7 | स्वच्छता संयोजक | | | | |

इस हेतु समस्त रासेयो संस्थानों में एन.एस.एस.कार्यक्रम आयोजन समिति के गठन एवं उक्त सदस्यों को टी–शर्ट NSS लोगो सहित कार्यक्रम के दौरान अनिवार्य रूप से धारण करना सुनिश्चित करें तथा आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए **इकाई स्तर पर संयोजक चयन की जानकारी ऊपर दर्शाए गए प्रोफार्मा में संकलित कर दिनांक 15 अगस्त 2025 तक अनिवार्य रूप से** विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ के ईमेल nss@csvtu.ac.in पर प्रेषित करें।

9. भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा प्राप्त पत्र के निर्देशानुसार समस्त रासेयो युक्त संस्था को **पूर्व स्वयंसेवक की जानकारी** गूगल लिंक के माध्यम से अवगत कराने हेतु लिंक साझा की गई थी। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए विवि रासेयो प्रकोष्ठ को अवगत कराने का निर्देश दिया गया।

10. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ के अंतर्गत आने वाली प्रत्येक राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों से राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु **श्रेष्ठ इकाई/संस्था स्तर –01, कार्यक्रम अधिकारी स्तर –01 एवं स्वयंसेवक स्तर – छात्र–01, छात्रा–01 हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए है। इस हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए है :–**

- राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए विश्वविद्यालय को आवेदन प्राप्त होने की **अंतिम तिथि 20 अगस्त 2025 निर्धारित की गयी है** अतः समय–सीमा का ध्यान रखें। पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन रासेयो स्थापना दिवस 24 सितम्बर में सुनिश्चित होना है।
- प्रत्येक आवेदन प्रस्ताव के साथ 1 पृष्ठ की संक्षेपिका (मुख्य कार्यो से संबंधित) तथा चेकलिस्ट अनिवार्य रुप से संलग्न किया जावे। **आवेदन प्रस्ताव 100 पृष्ठ से अधिक नहीं होनी चाहिए।** अनावश्यक फोटोग्राफ एवं पेपर कटिंग संलग्न नहीं करें।
- राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर गठित चयन समिति से चयनित प्रस्ताव ही राज्य स्तर पुरस्कार हेतु प्रेषित किये जावेंगे। प्रस्तावों में आवेदक, कार्यक्रम अधिकारी एवं प्राचार्य के हस्ताक्षर अनिवार्य रुप से किया जाना चाहिये।

11. भारतीय संस्कृति में गुरु–शिष्य परंपरा का महत्व, समाज में शिक्षकों का स्थान सर्वोपरि माना गया है। वर्तमान समय में गुरु–शिष्य की जो स्वस्थ परंपरा हमारे समाज में परिलक्षित होती थी वो आज हमको कहीं दिखाई नहीं देती है। भारतीय शिक्षण मंडल शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाला एक सामाजिक संगठन है जो 1969 से अनवरत शिक्षा के क्षेत्र में एवं गुरुओं (शिक्षक) का सम्मान समाज में पुर्नस्थापित हो इसके लिए लगातार प्रयास कर रहा है। शिक्षकों के सम्मान हेतु महर्षि वेद व्यास की तिथि (10 जुलाई, 2025) जिसे हम गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाते है उस दिन से लेकर सावन माह की पूर्णिमा (09 अगस्त, 2025) तक प्रत्येक रासेयो युक्त संस्थाओं में अनिवार्य रूप से व्यास पूजा का आयोजन कर छात्रों को गुरु–शिष्य परंपरा के विषय में बताया जाने का निर्देश दिया गया है इस संबंध में पत्र प्रेषित किया जा चुका है। इस हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम की संक्षिप्त रिपोर्ट, फोटो/वीडियो तैयार कर विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ के ईमेल nss@csvtu.ac.in पर प्रेषित करने का निर्देश दिया गया।

12. विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून, 2025) के अवसर पर पूरे देश में "एक पेड़ माँ के नाम 2.0" अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य गत वर्ष की सफलता को आधार बनाकर सामुदायिक सहभागिता और पर्यावरणीय जागरूकता को और सशक्त बनाना है। वृक्षारोपण की जानकारी (जीओ टैग फोटोग्राफ, वीडियो एवं संस्था गत तथा वृक्षारोपण) मेरी लाईफ पोर्टल पर इंद्राज किया जाना है। इस हेतु मेरी लाईफ पोर्टल पर लॉगीन एवं प्रक्रिया (SOP) संबंधी पावर पाईंट प्रेषित किया जा चुका है। कृपया प्रक्रिया का पालन करते हुए जानकारी मेरी लाईफ पोर्टल पर अपलोड कराने का कष्ट करें । उपरोक्त के कियान्वयन हेतु जिला स्तर पर जिला संगठक, रासेयो, जिला नोडल होंगे तथा संस्थाओं से समन्वय स्थापित करते हुए वृक्षारोपण की जानकारी अपलोडिंग की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। इस हेतु संस्थाओं द्वारा पंजीकृत होकर अपलोडिंग की कार्यवाही भी सीधे सुनिश्चित किया जा सकता है। उक्त संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।

13. माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा दिनांक 31 अक्टूबर 2023 को कर्तव्य पथ नई दिल्ली से मेरा युवा भारत (MY Bharat) पोर्टल प्रारंभ किया गया। जिसका उद्देश्य प्रौद्योगिकी /Technology के माध्यम से युवाओं का कौशल विकास कर उनके सपनों को साकार करना एवं विकसित भारत के निर्माण हेतु व्यवसायों, सरकारी विभागों और गैर–लाभकारी संगठनों की व्यावहारिक स्थितियों में काम करने की पहुंच प्रदान करना है। यह प्लेटफार्म अनुभव से सीखें कार्यक्रमों/Experiential Learning की पेशकश करता है एवं युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में स्वयंसेवी कार्यक्रमों और अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ता है। इस हेतु समस्त रासेयो युक्त इकाईयों द्वारा नव नामांकित कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों/समस्त विद्यार्थियों के युवा के रूप में MY Bharat पोर्टल पर पंजीयन एवं विवि रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा पूर्व में प्रेषित **पत्रानुसार बिंदुवार** कार्यवाही सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। समस्त रा.से.यो. युक्त संस्थाओं को माई भारत पोर्टल के अंतर्गत ज्ञान संस्थान/Knowledge Institution (KI) के रूप में पंजीयन करने का निर्देश दिया गया। पंजीयन करते समय आने वाली समस्याओं का विवरण स्पष्ट रूप से संबंधित को साझा करने का निर्देश दिया गया। समस्त रासेयो इकाईयों को माई भारत पोर्टल के अंतर्गत ज्ञान संस्थान/Knowledge Institution (KI) के रूप में पंजीयन करना अनिवार्य है। उक्त संबंध में पालन प्रतिवेदन विवि रासेयो प्रकोष्ठ को प्रेषित/प्रस्तुत कराना सुनिश्चित किया गया।

14. भारत सरकार परिवहन मंत्रालय के निर्देशानुसार 15 अगस्त 2025 से जेडएफडी स्कोर/ZFD Score (Zero-Fatality District) के संबंध में सड़क सुरक्षा मित्र कार्यक्रम प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है। उक्त संबंध में कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु अवधारणा नोट/Concept notes और रोडमैप प्रेषित किया गया है, जिस हेतु राज्य से जिला रायपुर को चिन्हित किया गया है :–

| S.No. | Police District | ZFD Score |
|---|---|---|
| 1 | Raipur | 5.3 |

इस हेतु समस्त रासेयो युक्त इकाईयों द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम के प्रति जागरूकता, व्यापक प्रचार–प्रसार करने एवं मेरा युवा भारत पोर्टल (mybharat-gov-in) पोर्टल पर ईवेंट क्रीऐट कर कार्यक्रम की संक्षिप्त रिपोर्ट फोटोग्राफ्स, वीडियो सहित राज्य रासेयो प्रकोष्ठ एवं विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ के इमेल nss@csvtu.ac.in पर प्रेषित करना सुनिश्चित किया गया।

15. **अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस** पर भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा दिनांक **12 अगस्त 2025 को "विकसित भारत युवा कनेक्ट"** कार्यक्रम का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन भारत के **माननीय श्री नरेन्द्र दामोदरदास मोदी प्रधानमंत्री जी वर्चुअल माध्यम** से देश भर के युवाओं को संबोधित करेंगे। इस संबंध में प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में 12 अगस्त 2025 को सभी विद्यार्थियों की सहभागिता से आयोजन कराया जाना है तथा विश्वविद्यालय से संबंधित संस्थानों में भी कार्यक्रम के सुचारू आयोजन हेतु दिशा निर्देश बिंदुवार है।

- **प्रधानमंत्री के संबोधन को लाइव देखने की सुविधा के लिए उपयुक्त बुनियादी ढाँचा उपलब्ध कराना।**
- **अधिकतम छात्र–छात्राओं की भागीदारी कराना।**
- **स्थानीय समन्वय और व्यवस्था हेतु सहयोग प्रदान करना।**

आवश्यक सभी प्रासंगिक सामग्री गूगल ड्राइव लिंक में संलग्न हैं। **(वर्चुअल लिंक प्राप्त होते ही साझा की जाएगी।)**
https://drive.google.com/drive/folders/1qPcbNjF2b3Xa6VCf83x1NxTTDtzWMyg5?usp=sharing

उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ के मेल nss@csvtu.ac.in पर जानकारी प्रेषित कराना सुनिश्चित किया गया।

16. माह अगस्त में आयोजित किए जाने वाले गतिविधियों के संबंध में चर्चा की गई। इस हेतु कार्यक्रम विवरण व्हाट्सप ग्रुप में साझा की गई है। जिसके अनुसार उचित कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है।

अन्य :

- विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ के अंतर्गत **सी प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन** 16 जुलाई 2025 को किया गया, जिसमें 81 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। विभिन्न रासेयो इकाई के सम्मिलित स्वयंसेवक प्रतिभागी द्वारा यात्रा व्यय हेतु टिकट निर्धारित शर्तों के अनुरूप नहीं होने के कारण यात्रा भत्ता नहीं दिए जाने पर संबंधित संस्था के कार्यक्रम अधिकारियों को अवगत कराया गया।
- सत्र 2025–26 के लिए नियमित एवं शिविर गतिविधि हेतु राशि समस्त कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा राशि केवल 2 किस्तों में जारी करने का सुझाव दिया गया। इस हेतु कार्यक्रम समन्वयक द्वारा कहा गया कि राशि राज्य रासेयो प्रकोष्ठ रायपुर से प्राप्त होने पर समस्त रासेयो संस्थाओं को 25 प्रतिशत राशि प्रथम किस्त के रूप में प्रेषित किया जावेगा तथा शेष 75 प्रतिशत राशि संस्थाओं द्वारा किए गए कार्यक्रमों व गतिविधियों के Performance के आधार पर द्वितीय किस्तों में जारी करना सुनिश्चित किया गया।।
- भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय नई दिल्ली एवं राज्य शासन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार, राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र, नई दिल्ली में 15 अगस्त, 2025 को आयोजित एट होम रिसेप्शन के लिए आवश्यक निर्देशों का पालन करते हुए छगस्वावितविवि रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा नामित स्वयंसेवकों (एक स्वयंसेवक एवं एक स्वयंसेविका) की जानकारी चाही गई थी। इस संबंध में एक स्वयंसेवक भूपेश देवांगन, एसएसआईपीएमटी रायपुर एवं एक स्वयंसेविका प्रिया वर्मा शासकीय पॉलिटेक्निक भाठापारा का नाम प्रेषित किया गया था। इस हेतु कोई भी जानकारी प्राप्त होने पर संबंधित संस्था को अवगत कराने पर चर्चा की गई।
- विश्वविद्यालय स्तर पर रासेयो सत्र 2025–26 हेतु रासेयो कार्यक्रम अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन राज्य रासेयो अधिकारी के साथ दिनांक **03/जुलाई/2025** को राज्य स्तरीय **समीक्षा बैठक** के एजेण्डा क्रमांक 06 में हुई चर्चानुसार कार्यशाला की संभावित तिथि अगस्त माह में किया जाना प्रस्तावित था। किन्तु राज्य रासेयो अधिकारी द्वारा विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक को **व्हाट्सप मैसेज** के माध्यम से कार्यक्रम अधिकारियों की कार्यशाला माह सितंबर के प्रथम सप्ताह में किया जाना प्रस्तावित है। संभवतः प्रस्तावित तिथि 02 सितंबर को किए जाने पर विचार–विमर्श किया गया।
- प्रत्येक माह कार्यक्रम अधिकारियों की बैठक में होने वाली चर्चा–संबंधी विषय पर कार्यवाही विवरण के दिशा–निर्देशों के अनुसार समस्त कार्यक्रम अधिकारी को कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।
- रासेयो से संबंधित सभी संस्थाओं द्वारा सत्र 2025–26 में प्रत्येक माह में की जाने वाली संपूर्ण गतिविधियों व कार्यक्रमों की **मासिक प्रतिवेदन** तैयार कर छगस्वावितविवि, रासेयो प्रकोष्ठ, भिलाई को जानकारी से अवगत कराना सुनिश्चित किया गया, जिसकी जानकारी Monthly Report Google Form में अवश्य देने तथा Watsapp Group & E-mail (nss@csvtu.ac.in) के माध्यम से भी गतिविधियों की तिथी या एक दिन बाद चयनित फोटो रिपोर्ट के माध्यम से प्रेषित करने एवं आयोजित गतिविधियों की जानकारी **विवरण आकड़ों में – तिथि, स्थान, स्वयंसेवकों की संख्या (पुरूष/महिला/अन्य), वृक्षारोपण संख्या, रक्तदान संख्या, शिविर गतिविधि आदि में सम्मिलित अन्य लोगों की संख्या** में संपूर्ण जानकारी विवरणानुसार प्रेषित करने का निर्देश दिया गया, जिसके माध्यम से निर्धारित आकड़ें अनुसार विश्वविद्यालय प्रकोष्ठ में डाटा संग्रहण हो सके एवं उचित कार्यवाही किया जा सके। जिसे समय सीमा के भीतर राज्य एनएसएस अधिकारी एवं भारत सरकार क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल को प्रेषित/अवगत कराया जा सके। **(नोट : विवि रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा प्रत्येक तीन माह में त्रैमासिक रिपोर्ट तैयार कर राजभवन सचिवालय रायपुर को प्रेषित की जाती है।)**
- विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा **समय–समय पर प्रेषित पत्र** का अवलोकन करने एवं पत्र के निर्देशानुसार उचित कार्यवाही करते रहने तथा **कार्यवाही विवरण** संक्षिप्त रिपोर्ट (फोटो/वीडियों सहित) तैयार कर विवि रासेयो प्रकोष्ठ को ईमेल nss@csvtu.ac.in के माध्यम से जानकारी प्रस्तुत/प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।
- विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को **ऑनलाईन बैठक** में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होने तथा बिना जानकारी के अनुपस्थित होने पर किसी भी प्रकार से रासेयो प्रकोष्ठ से चाही गई जानकारी प्राप्त न होने पर कार्यक्रम अधिकारी स्वयं जिम्मेवार होने का निर्देश दिया गया। **(संलग्न–ऑनलाइन बैठक में उपस्थित कार्यक्रम अधिकारियों की सूची)**

Minutes of Meeting : 12.45 pm to 01.30 pm (07-08-25)

# Chhattisgarh Swami Vivekanand Technical University Bhilai
## National Service Scheme

Name of Meetings - All Programme Officers Meeting | Place: Online Google Meeting
Date: - 06/09/2025 | Time: 01.00pm to 02.00pm

एजेंडा :–

1. राष्ट्रीय सेवा योजना सत्र 2025–26 हेतु स्वयंसेवकों का पंजीयन।
2. नियमित एवं शिविर गतिविधि सत्र 2025–26 हेतु राशि का प्रेषण।
3. सत्र 2025–26 हेतु सात दिवसीय शिविर प्रस्ताव के संबंध में।
4. स्कूल शिक्षा मित्र।
5. राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्तर पर संयोजक चयन की जानकारी – संबंधी।
6. MY Bharat Portal/माई भारत पोर्टल पर नॉलेज इंस्टीट्यूट, नव प्रवेशित रासेयो स्वयंसेवकों, छात्रों, युवाओं और नव नामांकित रासेयो कार्यक्रम अधिकारियों के पंजीयन – संबंधी ।
7. सड़क सुरक्षा मित्र कार्यक्रम के क्रियान्वयन – संबंधी।
8. गौ विज्ञान परीक्षा 2025 के आयोजन कराने के सम्बन्ध में।
9. पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन शिविर–2025 हेतु रा.से.यो. स्वयंसेवकों का चयन करने–संबंधी।
10. स्वदेशी जागरण मंच द्वारा चलाये जा रहे कार्य स्वावलंबी भारत अभियान के स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम में उच्च शिक्षा, राष्ट्रीय सेवा योजना की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु।
11. कार्यक्रम अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला के संबंध में।
12. माह सितंबर में आयोजित किए जाने वाले गतिविधियों के संबंध में।
13. अन्य विषय।

## एजेण्डा कार्यवाही विवरण

1. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत आने वाले समस्त रासेयो इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारियों को सत्र 2025–26 हेतु नव प्रवेशित या नवीन स्वयंसेवकों का पंजीयन (न्यूनतम 100 या 100 से अधिक स्वयंसेवक) कराने का निर्देश दिया गया। इस हेतु विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा व्हाट्सप ग्रुप के माध्यम से नवीन स्वयंसेवक पंजीकरण प्रोफार्मा (**प्रारूप एक्सेल शीट**) साझा की गई। प्रारूप अनुसार समय–समय पर पंजीकृत स्वयंसेवकों की जानकारी 30 अगस्त तक विवि रासेयो प्रकोष्ठ को प्रेषित करने का निर्देश दिया गया था, किन्तु कुछ ही संस्थाओं द्वारा जानकारी प्रेषित की गई है। इस हेतु 15 सितंबर तक पंजीकृत स्वयंसेवकों की जानकारी प्रेषित करने का निर्देश दिया गया था। किन्तु आज दिनांक तक केवल 19 संस्थाओं (**सूची संलग्न**) द्वारा ही पंजीयन की जानकारी प्राप्त है।

**स्वयंसेवको का पंजीयन प्रारूप रासेयो सत्र 2025–26 हेतु**

| SN | Institutiion District | Name of the Institution | Name of Volunteers | Fathers Name | Date Of Birth | Gender M/F | Class | Subject | Category ST/SC/OBC/GEN/Other | Contact No. of Vol. | E-mail of Volunteers | Vol. Addressed | Volunteers Instagram/facebook account | VolunteersTwitter account | Blood Group |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | |

2. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत आने वाले समस्त रासेयो इकाईयों को सत्र 2025–26 के लिए नियमित एवं शिविर गतिविधि संचालन हेतु 25 प्रतिशत राशि (6875+8750=15625) दिनांक 02 सितंबर 2025 को प्रेषित की गई है। जिसका 10 सितंबर 2025 तक अनिवार्य रूप से आहरण कर गतिविधियों का क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया गया था, किन्तु आज दिनांक तक 26 संस्थाओं (संस्थाओं का नाम व्हाट्सप ग्रुप में साझा की गई है) द्वारा राशि का आहरण नहीं किया गया है।

3. कार्यक्रम समन्वयक का राज्य रासेयो प्रकोष्ठ रायपुर के साथ ऑनलाईन बैठक में हुई चर्चानुसार राज्य रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा कहा गया कि सत्र 2025–26 के लिए रासेयो इकाईयों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के आयोजन हेतु प्रस्ताव प्राप्त होने पर ही द्वितीय किस्त की राशि पूर्णतः प्रेषित की जावेगी। इस हेतु विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत आने वाले रासेयो इकाईयों द्वारा शिविर प्रस्ताव दिनांक 15 सितंबर 2025 तक मांगी गई है, किन्तु आज दिनांक तक केवल 09 संस्थाओं द्वारा ही प्रस्ताव प्राप्त हुए है। प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर संबंधित इकाईयों को ही शिविर गतिविधि हेतु राशि प्रेषित की जावेगी।
4. स्कूल शिक्षा मित्र योजना से संबंधित सरकार के नियमों समय–समय पर मिलने वाले लाभों एवं छात्रवृत्ति योजना डिजिटल साक्षरता तथा आवश्यक मार्गदर्शन हेतु स्कूली छात्रों को अवगत कराया जाना चाहिए। आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतिभावान ग्रामीण विद्यार्थियों की पढ़ाई में आने वाली समस्याओं का समाधान एवं विभिन्न "छात्रवृत्ति योजनाओं" से लाभान्वित करने 'स्कूल शिक्षा मित्र योजना' का समय–समय पर संचालन करते रहने एवं प्रत्येक रासेयो संस्था या स्वयंसेवकों द्वारा कम से कम 5 विद्यार्थियों को गोद लेकर उनके पढ़ाई में हमेशा सहयोग करने हेतु निर्देशित किया गया। इस हेतु निरंतरता के साथ कार्यक्रम का आयोजन करते रहने का निर्देश दिया गया।

5. राष्ट्रीय सेवा योजना युक्त संस्थाओं में इकाई स्तर /Unit level की संरचना को अधिक सक्रिय और प्रभावशील बनाने के लिए निम्नानुसार समिति का गठन किया जाना है। इस संबंध में प्रोफॉर्मा अनुसार जानकारी चाही गई थी जिसके अनुसार विवि रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत आज दिनांक तक केवल 08 (GP Bhatapara, GGP Bilaspur, GP Khairagarh, GP Ramanujganj, GGP Jagdalpur, LCIT SOP Bilaspur, SSTC Both ) इकाईयों द्वारा जानकारी प्राप्त है।

**संयोजक चयन की जानकारी (प्रोफॉर्मा)**

| क्र. | पद का नाम | स्वयंसेवक का नाम | ब्रांच/सेमेस्टर | मोबाईल नंबर | ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सोशल मीडिया संयोजक | | | | |
| 2 | माय भारत संयोजक | | | | |
| 3 | स्वास्थ्य और योग संयोजक | | | | |
| 4 | पर्यावरण संयोजक | | | | |
| 5 | सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन/कार्यक्रम संयोजक | | | | |
| 6 | व्यायाम और विशेष अभियान संयोजक | | | | |
| 7 | स्वच्छता संयोजक | | | | |

इस हेतु समस्त रासेयो संस्थानों में एन.एस.एस.कार्यक्रम आयोजन समिति के गठन एवं उक्त सदस्यों को टी–शर्ट NSS लोगो सहित कार्यक्रम के दौरान अनिवार्य रूप से धारण करना सुनिश्चित करें तथा आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए **इकाई स्तर पर संयोजक चयन की जानकारी ऊपर दर्शाए गए प्रोफार्मा में संकलित कर दिनांक 15 सितंबर 2025 तक अनिवार्य रूप से** विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ के ईमेल nss@csvtu.ac.in पर प्रेषित करें।

6. माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा दिनांक 31 अक्टूबर 2023 को कर्तव्य पथ नई दिल्ली से मेरा युवा भारत (MY Bharat) पोर्टल प्रारंभ किया गया। जिसका उद्देश्य प्रौद्योगिकी /Technology के माध्यम से युवाओं का कौशल विकास कर उनके सपनों को साकार करना एवं विकसित भारत के निर्माण हेतु व्यवसायों, सरकारी विभागों और गैर–लाभकारी संगठनों की व्यावहारिक स्थितियों में काम करने की पहुंच प्रदान करना है। यह प्लेटफार्म अनुभव से सीखें कार्यक्रमों/Experiential Learning की पेशकश करता है एवं युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में स्वयंसेवी कार्यक्रमों और अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ता है। इस हेतु समस्त रासेयो युक्त इकाईयों द्वारा नव नामांकित कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों/समस्त विद्यार्थियों के युवा के रूप में MY Bharat पोर्टल पर पंजीयन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया।

उक्त संबंध में पालन प्रतिवेदन विवि रासेयो प्रकोष्ठ को प्रेषित/प्रस्तुत कराना सुनिश्चित किया गया। इस हेतु दिए गए लिंक के माध्यम से रासेयो प्रकोष्ठ पूर्व में प्रेषित **पत्रानुसार बिंदुवार** कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।

**MY BHARAT PORTAL LINK (For new registration) :** https://mybharat.gov.in/yuva_register

**MY BHARAT PORTAL LINK (For Sign In) :** https://mybharat.gov.in/

7. भारत सरकार परिवहन मंत्रालय के निर्देशानुसार 15 अगस्त 2025 से जेडएफडी स्कोर/ZFD Score (Zero-Fatality District) के संबंध में सड़क सुरक्षा मित्र कार्यक्रम प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है। उक्त संबंध में कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु अवधारणा नोट/Concept notes और रोडमैप प्रेषित किया गया है, जिस हेतु राज्य से जिला रायपुर को चिन्हित किया गया है :–

| S.No. | Police District | ZFD Score |
|---|---|---|
| 1 | Raipur | 5.3 |

इस हेतु समस्त रासेयो युक्त इकाईयों द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम के प्रति जागरूकता, व्यापक प्रचार–प्रसार करने एवं मेरा युवा भारत पोर्टल (mybharat-gov-in) पोर्टल पर ईवेंट क्रीऐट कर कार्यक्रम की संक्षिप्त रिपोर्ट फोटोग्राफ्स, वीडियो सहित राज्य रासेयो प्रकोष्ठ एवं विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ के इमेल nss@csvtu.ac.in पर प्रेषित करना सुनिश्चित किया गया।

8. छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति पंडरी रायपुर द्वारा निम्नानुसार उल्लेखित तिथि को राज्य के समस्त महाविद्यालयों/संस्थाओं में प्रांत स्तर पर छात्र/छात्राओं हेतु गौ विज्ञान परीक्षा 2025 एवं किचन गार्डन निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त कर प्रेषित पत्र में दिए गए निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। सस्था **नियुक्त नोडल अधिकारी** की जानकारी विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ के ईमेल nss@csvtu.ac.in पर दिनांक 15.09.2025 तक प्रेषित करने का कष्ट करें। इस हेतु 10 महाविद्यालयों द्वारा (सूची संलग्न) ही नोडल अधिकारी की जानकारी प्राप्त हुई है। (गौ विज्ञान परीक्षा 2025 हेतु विद्यार्थियों का पंजीयन 1 अगस्त 2025 से प्रारंभ हो चुकी है, विद्यार्थी पंजीयन की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।) इस हेतु समस्त संस्थाओं को अनिवार्य रूप से संस्था स्तर पर पंजीयन कर अधिक संख्या में छात्र–छात्राओं का पंजीयन सुनिश्चित कर, विवि रासेयो प्रकोष्ठ को अवगत करावें।

[Nodal→Registration (Unit Level)→Student Registration (fees 100/-)]

9. छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय (सीएसवीटीयू) एवं दुर्ग विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय स्तर प्री–रिपब्लिक डे परेड चयन 2025 का आयोजन छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के यूटीडी–3 भवन के साभागार में दिनांक 09 सितंबर 2025 समय प्रातः 09.30 बजे से प्रारंभ किया गया। इस चयन प्रक्रिया में दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चयन तीन चरणों में सम्पन्न हुआ, जिसमें सर्वप्रथम विद्यार्थियों का शारीरिक परीक्षण लिया गया, इसके पश्चात सांस्कृतिक प्रस्तुति हुई और अंत में साक्षात्कार आयोजित किया गया। इस हेतु समस्त रासेयो इकाईयों को अवगत कराया गया था।

10. पूरे विश्व में 21 अगस्त को विश्व उद्यमिता दिवस मनाया जाता है और 02 अक्टूबर गांधी जंयती मनाई जाती है। स्वावलंबी भारत अभियान द्वारा पूरे देश में 21 अगस्त से 02 अक्टूबर तक युवाओं के बीच में **"स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन"** आयोजित होना है। वर्तमान में देश में युवाओं के समक्ष रोजगार एक बड़ी चुनौती है। स्वावलंबी भारत अभियान युवाओं के इन चुनौतियों के सार्थक समाधान हेतु कार्यरत है। साथ ही वर्तमान में विश्व में आर्थिक युद्ध जैसी स्थिति बनी हुई है। इस स्थिति में देश को स्वदेशी की ओर जाना भारत के भविष्य के लिये अति महत्वपूर्ण है। इस विषय को लेकर **देश के माननीय प्रधानमंत्री जी ने सार्वजनिक मंच से स्वदेशी का आव्हान किया है।**

उसके लिये सभी युवाओं के मन में स्वदेशी उद्यमिता का भाव जागृत करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि छत्तीसगढ़ को विकसित बना सकें। उक्त संबंध में 21 अगस्त से 02 अक्टूबर 2025 के मध्य आपके महाविद्यालय/संस्था में स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन आयोजन के संदर्भ में आवश्यक कार्यवाही करने एवं पालन प्रतिवेदन विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ के ईमेल nss@csvtu.ac.in पर प्रेषित करने का कष्ट करें।

11. विश्वविद्यालय स्तर पर रासेयो सत्र 2025–26 हेतु रासेयो कार्यक्रम अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सितंबर माह में किया जाना प्रस्तावित था। इस हेतु कार्यक्रम अधिकारियों की कार्यशाला माह सितंबर–अक्टूबर में किया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम के आयोजन हेतु जानकारी बाद में प्रेषित की जावेगी।
12. माह सितंबर में आयोजित किए जाने वाले गतिविधियों के संबंध में चर्चा की गई। इस हेतु कार्यक्रम विवरण व्हाट्सप ग्रुप में साझा की गई है। जिसके अनुसार उचित कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है।

अन्य :

- वृक्षारोपण :– राज्य शासन के निर्देशानुसार समस्त रासेयो इकाईयों द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान 2.0 के अंतर्गत अधिक संख्या में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाना है, इस हेतु निर्देशित किया गया। इस विषय को गंभीरतापूर्वक ध्यान में रखते हुए वृक्षारोपण कार्य आयोजित कर संबंधित जानकारी विवि रासेयो प्रकोष्ठ को प्रेषित करना सुनिश्चित किया गया।
- परिवर्तन हुए नवीन कार्यक्रम अधिकारियों के साथ ऑनलाईन/ऑफलाईन बैठक आयोजित करने पर विचार किया गया।
- प्रत्येक माह कार्यक्रम अधिकारियों की बैठक में होने वाली चर्चा–संबंधी विषय पर कार्यवाही विवरण के दिशा–निर्देशों के अनुसार समस्त कार्यक्रम अधिकारी को कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।
- रासेयो से संबंधित सभी संस्थाओं द्वारा सत्र 2025–26 में प्रत्येक माह में की जाने वाली संपूर्ण गतिविधियों व कार्यक्रमों की **मासिक प्रतिवेदन** तैयार कर छगस्वाविताविवि, रासेयो प्रकोष्ठ, भिलाई को जानकारी से अवगत कराना सुनिश्चित किया गया, जिसकी जानकारी Monthly Report Google Form में अवश्य देने तथा Watsapp Group & E-mail (nss@csvtu.ac.in) के माध्यम से भी गतिविधियों की तिथी या एक दिन बाद चयनित फोटो रिपोर्ट के माध्यम से प्रेषित करने एवं आयोजित गतिविधियों की जानकारी **विवरण आकड़ों में – तिथि, स्थान, स्वयंसेवकों की संख्या (पुरूष/महिला/अन्य), वृक्षारोपण संख्या, रक्तदान संख्या, शिविर गतिविधि आदि में सम्मिलित अन्य लोगों की संख्या** में संपूर्ण जानकारी विवरणानुसार प्रेषित करने का निर्देश दिया गया, जिसके माध्यम से निर्धारित आकड़ें अनुसार विश्वविद्यालय प्रकोष्ठ में डाटा संग्रहण हो सके एवं उचित कार्यवाही किया जा सके। जिसे समय सीमा के भीतर राज्य एनएसएस अधिकारी एवं भारत सरकार क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल को प्रेषित/अवगत कराया जा सके। **(नोट : विवि रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा प्रत्येक तीन माह में त्रैमासिक रिपोर्ट तैयार कर राजभवन सचिवालय रायपुर को प्रेषित की जाती है।)**
- विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा **समय–समय पर प्रेषित पत्र** का अवलोकन करने एवं पत्र के निर्देशानुसार उचित कार्यवाही करते रहने तथा **कार्यवाही विवरण** संक्षिप्त रिपोर्ट (फोटो/वीडियों सहित) तैयार कर विवि रासेयो प्रकोष्ठ को ईमेल nss@csvtu.ac.in के माध्यम से जानकारी प्रस्तुत/प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।
- विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को **ऑनलाईन बैठक** में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होने तथा बिना जानकारी के अनुपस्थित होने पर किसी भी प्रकार से रासेयो प्रकोष्ठ से चाही गई जानकारी प्राप्त न होने पर कार्यक्रम अधिकारी स्वयं जिम्मेवार होने का निर्देश दिया गया। **(संलग्न–ऑनलाइन बैठक में उपस्थित कार्यक्रम अधिकारियों की सूची)**

Minutes of Meeting : 01.00 pm to 02.00 pm (06-09-25)

# Chhattisgarh Swami Vivekanand Technical University Bhilai
## National Service Scheme

Name of Meetings - All Programme Officers Meeting  Place: Online Google Meeting
Date: - 04/10/2025  Time: 12.00pm to 01.00pm

एजेंडा :–

1. विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (VBYLD), 29वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव कार्यक्रम – संबंधी ।
2. गौ विज्ञान परीक्षा 2025 के आयोजन कराने के सम्बन्ध में।
3. NSS इकाइयों द्वारा दान उत्सव 02 से 08 अक्टूबर 2025 के आयोजन – संबंधी।
4. "स्वच्छता ही सेवा (SHS2025) अभियान" एवं "सेवा पखवाड़ा–2025" का आयोजन–संबंधी।
5. "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान"–संबंधी।
6. स्वच्छता कार्य योजना में विशेष अभियान 5.0 गतिविधियों को शामिल करने – संबंधी।
7. राष्ट्रीय सेवा योजना सत्र 2025–26 हेतु स्वयंसेवकों का पंजीयन।
8. नियमित एवं शिविर गतिविधि सत्र 2025–26 हेतु राशि प्रेषण/आहरण।
9. सत्र 2025–26 हेतु सात दिवसीय शिविर प्रस्ताव के संबंध में।
10. स्कूल शिक्षा मित्र।
11. MY Bharat Portal/माई भारत पोर्टल पर नॉलेज इंस्टीट्यूट, नव प्रवेशित रासेयो स्वयंसेवकों, छात्रों, युवाओं और नव नामांकित रासेयो कार्यक्रम अधिकारियों के पंजीयन – संबंधी ।
12. आईआईएससी, बैंगलोर नैनो विज्ञान और प्रौद्योगिकी ईएलपी और रिलायंस फाउंडेशन छात्रवृत्ति के छात्रों तक पहुंच के लिए एनएसएस से सहायता का अनुरोध।
13. माह अक्टूबर में आयोजित किए जाने वाले गतिविधियों के संबंध में।
14. अन्य विषय।

**एजेण्डा कार्यवाही विवरण**

1. भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (VBYLD), 29वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव, **दिनांक 12 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय युवा दिवस, स्वामी विवेकानंद की जयंती पर** आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। वर्ष 1995 से युवा एकीकरण और सांस्कृतिक आदान–प्रदान को बढ़ावा देने के लिए एक प्रमुख कार्यक्रम के रूप में राष्ट्रीय युवा महोत्सव (NYF) आयोजित किया जाता रहा है। वर्ष 2025 में, विकसित भारत @2047 की थीम के अनुरूप राष्ट्रीय युवा महोत्सव को विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (VBYLD) के रूप में पुनर्गठित किया गया है। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु रासेयो संस्थानो में कार्यक्रम का प्रचार–प्रसार करें और संलग्न QR Code एवं Link के माध्यम से अधिकतम स्वयंसेवकों/विद्यार्थियों को क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही कार्यक्रम गतिविधियों की संक्षिप्त रिपोर्ट फोटोग्राफ्स के साथ इस कार्यालय के ईमेल nss@csvtu.ac.in पर प्रेषित करना सुनिश्चित किया गया। QR Code **स्कैन करें एवं क्विज में भाग लें**

VBYLD Quiz Link -
https://mybharat.gov.in/quiz/quiz_dashboard/UzZlZmhEeWt6bmtzcGg1ZHQ1dWc3QT09

2. छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति पंडरी रायपुर द्वारा निम्नानुसार उल्लेखित तिथि को राज्य के समस्त महाविद्यालयों/संस्थाओं में प्रांत स्तर पर छात्र/छात्राओं हेतु गौ विज्ञान परीक्षा 2025 एवं किचन गार्डन निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त कर प्रेषित पत्र में दिए गए निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था। इस हेतु विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों द्वारा नोडल अधिकारी की जानकारी चाही गई थी, किन्तु केवल 13 महाविद्यालयों द्वारा ही (सूची संलग्न) नोडल अधिकारी की जानकारी प्राप्त हुई है। गौ विज्ञान परीक्षा 2025 हेतु विद्यार्थियों का पंजीयन 1 अगस्त 2025 से प्रारंभ हो चुकी है, जिसपर सर्वप्रथम संस्था स्तर पर पंजीयन कर, अधिक से अधिक संख्या में छात्र–छात्राओं/विद्यार्थियों का पंजीयन कराना हेतु निर्देशित किया गया तथा पंजीकृत संख्या विवि रासेयो प्रकोष्ठ को अवगत कराना सुनिश्चित किया गया। [Nodal→Registration (Unit Level)→Student Registration (fees 100/-)]

3. दान उत्सव "Festival of Giving" 02 से 08 अक्टूबर, 2025 तक पूरे देश में मनाया जाना है। इस उत्सव के दौरान नागरिकों को दूसरों की मदद करने के लिए अपना समय, कौशल और संसाधन दान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। दान अत्सव के अंतर्गत **NSS** के लिए निम्नानुसार निःशुल्क गतिविधियां की जा सकती है :–
   1. **कौशल साझा करना:** साथियों या समुदाय के सदस्यों को डिजिटल उपकरण, जैसे ChatGPT या Paytm का उपयोग करना, या Reels और वीडियो को Edit करना सिखाना।
   2. **वृद्धजनों के साथ समय बिताना:** उनके साथ गेम खेलना, गाने गाना, या कहानियाँ सुनना।
   3. **"Wish Tree" बनाना:** जरूरतमंद समुदायों से उपयोगी वस्तुओं की इच्छाएँ इकट्ठा करना और उन्हें पूरा करने के लिए दान जुटाना।
   4. **जागरूकता अभियान चलाना:** अंग दान, स्वास्थ्य, फिटनेस, योग या जुम्बा जैसे विषयों पर जागरूकता अभियान आयोजित करना।
   5. **"Wall of Giving" या "Gratitude Wall" बनाना:** लोगों के लिए धन्यवाद और दयालुता के नोट साझा करने के लिए एक दीवार बनाना।
   6. **सफाई अभियान चलाना:** सार्वजनिक स्थानों पर सफाई अभियान आयोजित करना।
   7. **सामग्री एकत्र करना और वितरित करना:** किताबें, स्टेशनरी, या अन्य उपयोगी सामग्री एकत्र करना और वितरित करना।
   8. **अन्य गतिविधियाँ:** कोई भी अन्य रचनात्मक गतिविधि जो देने वाले और पाने वाले दोनों को खुशी दे।

   दान उत्सव के बारे में अधिक जानकारी के लिए www.daanutsav.org पर जाएं।

4. दिनांक 17 सितंबर से 02 अक्तूबर, 2025 तक थीम **"स्वच्छोत्सव"** के अंतर्गत **स्वच्छता ही सेवा (SHS) अभियान** का आयोजन किया जाना है, और **दिनांक 25 सितंबर 2025 को 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ'** राष्ट्रव्यापी स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम प्रस्तावित था। इस संबंध मे गतिविधियां निम्नानुसार है:–
   - **क्लीनलीनेस टारगेट यूनिट्स (CTUs) का परिवर्तन:** गंदी जगहों को समय–सीमा में साफ करना।
   - **स्वच्छ सार्वजनिक स्थान:** सार्वजनिक जगहों जैसे संस्थानों और भीड़–भाड़ वाले क्षेत्रों की साफ–सफाई करना।
   - **सफाई मित्र सुरक्षा शिविर:** सफाई कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जांच और कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए शिविर लगाना।
   - **क्लीन ग्रीन उत्सव:** पर्यावरण अनुकूल और शून्य–अपशिष्ट उत्सवों को बढ़ावा देना।
   - **एडवोकेसी (जन–जागरूकता):** स्वच्छ सुजल गांव, वेस्ट टू आर्ट, क्लीन स्ट्रीट फूड, और RRR (Reduce, Reuse, Recycle) केंद्रों को शामिल करना।
   - बाढ़ या प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित क्षेत्रों में, जमीनी हालात के अनुसार स्वच्छता गतिविधियाँ चलाएँ।

   उक्त अभियान के लिए MY Bharat Portal पर दैनिक Event का निर्माण कर गतिविधियां आयोजित करें एवं दैनिक गतिविधियों की रिपोर्ट https://swachhatahiseva-gov-in/ पर अपलोड करें। उक्त संबंध में स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया।

5. महिलाओं का स्वास्थ्य और सशक्तिकरण हमारे परिवारों, समुदायों और समग्र राष्ट्र की प्रगति और @2047 के विकासशील भारत के विजन को साकार करने के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसी संदर्भ में, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वास्थ्य अभियान – "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" शुरू कर रहा है, जिसका समापन गांधी जयंती पर होगा। यह अभियान महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा मनाए जा रहे पोषण माह के साथ मिलकर चलाया जाएगा और इसका राष्ट्रीय उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री द्वारा इंदौर, मध्य प्रदेश में किया जाएगा। इस अभियान के तहत, पूरे देश में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएँगे, जहाँ महिलाओं को विशेषज्ञ सेवाओं सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जाएँगी। हमने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (AAMs), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (CHCs) और देश भर के अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं में ऐसे शिविर आयोजित करने के लिए पत्र लिखा है। इस पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली प्रमुख गतिविधियाँ इस प्रकार हैं–

- महिला स्वास्थ्य जाँच
- मातृ एवं शिशु देखभाल
- जागरूकता और व्यवहार परिवर्तन
- निक्षय मित्र नामांकन अभियान
- रक्तदान शिविर
- निजी क्षेत्र के अस्पताल और क्लीनिक

उपरोक्त संबंध में उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

6. वर्ष 2021 से सभी मंत्रालयों/विभागों तथा उनके संलग्न/अधीनस्थ कार्यालयों में स्वच्छता सुधार हेतु विशेष अभियान आयोजित किए जा रहे हैं। पिछले चार वर्षों में सभी हितधारकों के प्रयासों से इन अभियानों ने अपने उद्देश्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त किया है। इस वर्ष, भारत सरकार द्वारा विशेष अभियान 5.0 का आयोजन 15 सितम्बर, 2025 से 31 अक्टूबर, 2025 तक किया जाएगा। यह अभियान 2021, 2022, 2023 एवं 2024 में आयोजित अभियानों की तर्ज पर संचालित होगा। पिछले वर्षों की सफलता के परिणामस्वरूप यह अभियान संस्थागत रूप से स्थापित हो चुका है और इस बार इसे और व्यापक स्तर पर आयोजित करने की योजना है। प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (DARPG) इस अभियान का नोडल विभाग होगा और देशभर में इसके समन्वय एवं संचालन की जिम्मेदारी निभाएगा। यह अभियान दो चरणों में आयोजित किया जाएगा–

- तैयारी चरण : 15 सितम्बर, 2025 से 30 सितम्बर, 2025 तक
- क्रियान्वयन चरण : 2 अक्टूबर, 2025 से 31 अक्टूबर, 2025 तक

**विशेष मियान 5.0 के मुख्य फोकस क्षेत्र इस प्रकार हैं :**

- सभी सरकारी कार्यालयों में समग्र स्वच्छता सुधार।
- सरकारी संस्थानों में आमजन के अनुभव को बेहतर बनाना।
- ई–वेस्ट का निपटान (जैसे अनुपयोगी या परित्यक्त कम्प्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर, LED, ई–डिस्प्ले बोर्ड आदि) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी ई–वेस्ट प्रबंधन नियम 2022 के अनुरूप। **लिंक:** https://cpob-nic-in/rules&6/

अभियान के सुचारू संचालन हेतु DARPG द्वारा जारी दिशा–निर्देश संलग्न हैं।

**लिंक** : https://drive.google.com/file/d/1oV9Dj5NRMMhSbqeWxTHD_CEYVT5jUZWw/view?usp=sharing

उपरोक्त संबंध में उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

7. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत आने वाले समस्त रासेयो इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारियों को सत्र 2025–26 हेतु नव प्रवेशित या नवीन स्वयंसेवकों का पंजीयन (न्यूनतम 100 या 100 से अधिक स्वयंसेवक) कराने का निर्देश दिया गया। इस हेतु विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा व्हाट्सप ग्रुप के माध्यम से नवीन स्वयंसेवक पंजीकरण प्रोफार्मा (**प्रारूप एक्सेल शीट**) साझा की गई। प्रारूप अनुसार समय–समय पर पंजीकृत स्वयंसेवकों की जानकारी विवि रासेयो प्रकोष्ठ को प्रेषित करने का निर्देश दिया गया था, किन्तु आज दिनांक तक केवल 06 संस्थाओं (**सूची संलग्न**) द्वारा स्वयंसेवकों का पंजीयन सूची की जानकारी अप्राप्त है।

**स्वयंसेवको का पंजीयन प्रारूप रासेयो सत्र 2025–26 हेतु**

| SN | Institutiion District | Name of the Institution | Name of Volunteers | Fathers Name | Date Of Birth | Gender M/F | Class | Subject | Category ST/SC/ OBC/ GEN/ Other | Contact No. of Vol. | E-mail of Volunteers | Vol. Addressed | Volunteers Instagram/facebook account | VolunteersTwitter account | Blood Group |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | |

8. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत आने वाले समस्त रासेयो इकाईयों को सत्र 2025–26 के लिए नियमित एवं शिविर गतिविधि संचालन हेतु 25 प्रतिशत राशि (6875+8750=15625) दिनांक 02 सितंबर 2025 को प्रेषित की गई है। जिसका 10 सितंबर 2025 तक अनिवार्य रूप से आहरण कर गतिविधियों का क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया गया था। उक्त संबंध में कार्यक्रम अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से कॉल, व्हाटसप्प ग्रुप व मैसेज के माध्यम से बार–बार कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया है, किन्तु आज दिनांक तक 14 संस्थाओं (सूची संलग्न) द्वारा राशि का आहरण नहीं किया गया है। इस हेतु राशि आहरण नहीं किए जाने का स्पष्ट कारण बतलाते हुए प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित पत्र दो दिवस के भीतर विवि रासेयो प्रकोष्ठ को प्रेषित करना सुनिश्चित किया गया।

9. कार्यक्रम समन्वयक का राज्य रासेयो प्रकोष्ठ रायपुर के साथ ऑनलाईन बैठक में हुई चर्चानुसार राज्य रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा कहा गया कि सत्र 2025–26 के लिए रासेयो इकाईयों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के आयोजन हेतु प्रस्ताव प्राप्त होने पर ही द्वितीय किस्त की राशि पूर्णतः प्रेषित की जावेगी। इस हेतु विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत आने वाले रासेयो इकाईयों द्वारा शिविर प्रस्ताव दिनांक 15 सितंबर 2025 तक मांगी गई थी, किन्तु आज दिनांक तक केवल 14 संस्थाओं द्वारा ही प्रस्ताव प्राप्त हुए है। प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर संबंधित इकाईयों को ही शिविर गतिविधि हेतु राशि प्रेषित की जावेगी। जिन इकाईयों ने शिविर प्रस्ताव प्रेषित नहीं की है, उन इकाईयों को दो दिवस के भीतर शिविर प्रस्ताव प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया।

10. स्कूल शिक्षा मित्र योजना से संबंधित सरकार के नियमों व समय–समय पर मिलने वाले लाभों एवं छात्रवृत्ति योजना डिजिटल साक्षरता तथा आवश्यक मार्गदर्शन हेतु स्कूली छात्रों को अवगत कराया जाना चाहिए। आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतिभावान ग्रामीण विद्यार्थियों की पढ़ाई में आने वाली समस्याओं का समाधान एवं विभिन्न "छात्रवृत्ति योजनाओं" से लाभान्वित करने 'स्कूल शिक्षा मित्र योजना' का समय–समय पर संचालन करते रहने एवं प्रत्येक रासेयो संस्था या स्वयंसेवकों द्वारा कम से कम 5 विद्यार्थियों को गोद लेकर उनके पढ़ाई में हमेशा सहयोग करने हेतु निर्देशित किया गया। इस हेतु निरंतरता के साथ कार्यक्रम का आयोजन करते रहने का निर्देश दिया गया। आयोजित गतिविधि का सूक्ष्म प्रतिवेदन विवि रासेयो प्रकोष्ठ को ईमेल के माध्यम से प्रेषित किया जाना या अवगत कराया जाना सुनिश्चित किया गया।

11. माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा दिनांक 31 अक्टूबर 2023 को कर्तव्य पथ नई दिल्ली से मेरा युवा भारत (MY Bharat) पोर्टल प्रारंभ किया गया। जिसका उद्देश्य प्रौद्योगिकी /Technology के माध्यम से युवाओं का कौशल विकास कर उनके सपनों को साकार करना एवं विकसित भारत के निर्माण हेतु व्यवसायों, सरकारी विभागों और गैर–लाभकारी संगठनों की व्यावहारिक स्थितियों में काम करने की पहुंच प्रदान करना है। यह प्लेटफार्म अनुभव से सीखें कार्यक्रमों/Experiential Learning की पेशकश करता है एवं युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में स्वयसेवी कार्यक्रमों और अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ता है। इस हेतु समस्त रासेयो युक्त इकाईयों द्वारा नव नामांकित कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों/समस्त विद्यार्थियों के युवा के रूप में MY Bharat पोर्टल पर पंजीयन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। उक्त संबंध में पालन प्रतिवेदन विवि रासेयो प्रकोष्ठ को प्रेषित/प्रस्तुत कराना सुनिश्चित किया गया। इस हेतु दिए गए लिंक के माध्यम से रासेयो प्रकोष्ठ पूर्व में प्रेषित **पत्रानुसार बिंदुवार** कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।

**MY BHARAT PORTAL LINK (For new registration) :** https://mybharat.gov.in/yuva_register

**MY BHARAT PORTAL LINK (For Sign In) :** https://mybharat.gov.in/

12. आईआईएससी, बैंगलोर नैनो विज्ञान और प्रौद्योगिकी ईएलपी और रिलायंस फाउंडेशन छात्रवृत्ति के छात्रों तक पहुंच के लिए एनएसएस से सहायता का अनुरोध हेतु पूर्व में प्रेषित जानकारी का अवलोकन करते हुए अपने रासेयो इकाईयों/संस्थाओं तक प्रचार–प्रसार कर अधिकतम युवाओं तक जानकारी पहुंचाना सुनिश्चित करें। जिससे अधिकतम युवा छात्र–छात्रा लाभ प्राप्त कर सकें। इस हेतु कार्यक्रम अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया।

13. माह अक्टूबर में आयोजित किए जाने वाले गतिविधियों के संबंध में चर्चा की गई। इस हेतु कार्यक्रम विवरण व्हाट्सप ग्रुप में शीघ्र ही साझा की जावेगी। जिसके अनुसार उचित कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है।

14. अन्य :–

1. राष्ट्रीय सेवा योजना युक्त संस्थाओं में इकाई स्तर /Unit level की संरचना को अधिक सक्रिय और प्रभावशील बनाने के लिए निम्नानुसार समिति का गठन किया जाना है। इस संबंध में प्रोफॉर्मा अनुसार जानकारी चाही गई थी जिसके अनुसार विवि रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत आज दिनांक तक केवल 08 (GP Bhatapara, GGP Bilaspur, GP Khairagarh, GP Ramanujganj, GGP Jagdalpur, LCIT SOP Bilaspur, SSTC Both ) इकाईयों द्वारा जानकारी प्राप्त है।

**संयोजक चयन की जानकारी (प्रोफॉर्मा)**

| क्र. | पद का नाम | स्वयंसेवक का नाम | ब्रांच / सेमेस्टर | मोबाईल नंबर | ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सोशल मीडिया संयोजक | | | | |
| 2 | माय भारत संयोजक | | | | |
| 3 | स्वास्थ्य और योग संयोजक | | | | |
| 4 | पर्यावरण संयोजक | | | | |
| 5 | सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन / कार्यक्रम संयोजक | | | | |
| 6 | व्यायाम और विशेष अभियान संयोजक | | | | |
| 7 | स्वच्छता संयोजक | | | | |

इस हेतु समस्त रासेयो संस्थानों में एन.एस.एस.कार्यक्रम आयोजन समिति के गठन एवं उक्त सदस्यों को टी–शर्ट NSS लोगो सहित कार्यक्रम के दौरान अनिवार्य रूप से धारण करना सुनिश्चित करें तथा आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए **इकाई स्तर पर संयोजक चयन की जानकारी ऊपर दर्शाए गए प्रोफार्मा में संकलित कर दो दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से** विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ के ईमेल nss@csvtu.ac.in पर प्रेषित करें।

2. विश्वविद्यालय स्तर पर रासेयो सत्र 2025–26 हेतु रासेयो कार्यक्रम अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन अक्टूबर माह में दिवाली के पश्चात् जीईसी रायपुर के सभागार में किए जाने पर विचार विमर्श किया गया। उक्त कार्यक्रम के आयोजन हेतु जानकारी बाद में प्रेषित की जावेगी।

3. वृक्षारोपण :– राज्य शासन के निर्देशानुसार समस्त रासेयो इकाईयों द्वारा एक पेड मां के नाम अभियान 2.0 के अंतर्गत अधिक संख्या में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाना है, इस हेतु निर्देशित किया गया। इस विषय को गंभीरतापूर्वक ध्यान में रखते हुए वृक्षारोपण कार्य आयोजित कर संबंधित जानकारी विवि रासेयो प्रकोष्ठ को प्रेषित करना सुनिश्चित किया गया।

4. परिवर्तन हुए नवीन कार्यक्रम अधिकारियों के साथ ऑनलाईन/ऑफलाईन बैठक आयोजित करने पर विचार किया गया।

5. आरसीईटी भिलाई के कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सुझाव दिया गया कि रासेयो से संबंधित गतिविधियों/कार्यक्रमों की वार्षिक कैलेण्डर या छमाही कैलेण्डर तैयार कर साझा किया जाना चाहिए। जिसके अनुसार आवश्यक कार्यवाही की जावेगी। उक्त संबंध में विश्वविद्यालय रासेयो मार्गदर्शिका 2023–24 के अनुसार वार्षिक कैलेण्डर सत्र (संलग्न) साझा किया जाना सुनिश्चित किया गया।

6. विवि कार्यक्रम समन्वयक द्वारा दिनांक 17 सितंबर 2025 को रक्तदान अमृत महोत्सव कार्यक्रम एवं दिनांक 24 सितंबर 2025 रासेयो स्थापना दिवस कार्यक्रम रायपुर में सहभागिता संस्थानों के कार्यक्रम अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही दिनांक 24 सितंबर 2025 को रासेयो स्थापना दिवस के अवसर पर विवि अंतर्गत सत्र 2024–25 में उत्कृष्ट कार्य हेतु श्री युवराज प्रसाद, एसएसटीसी जुनवानी भिलाई को छ.ग. शासन माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी द्वारा श्रेष्ठ स्वयंसेवक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस हेतु संबंधित संस्था को धन्यवाद एवं शुभकामना दी गई।

7. प्रत्येक माह कार्यक्रम अधिकारियों की बैठक में होने वाली चर्चा–संबंधी विषय पर कार्यवाही विवरण के दिशा–निर्देशों के अनुसार समस्त कार्यक्रम अधिकारी को कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।

8. रासेयो से संबंधित सभी संस्थाओं द्वारा सत्र 2025–26 में प्रत्येक माह में की जाने वाली संपूर्ण गतिविधियों व कार्यक्रमों की **मासिक प्रतिवेदन** तैयार कर छगस्वावितविवि, रासेयो प्रकोष्ठ, भिलाई को जानकारी से अवगत कराना सुनिश्चित किया गया, जिसकी जानकारी Monthly Report Google Form में अवश्य देने तथा Watsapp Group & E-mail (nss@csvtu.ac.in) के माध्यम से भी गतिविधियों की तिथी या एक दिन बाद चयनित फोटो रिपोर्ट के माध्यम से प्रेषित करने एवं आयोजित गतिविधियों की जानकारी **विवरण आकड़ों में – तिथि, स्थान, स्वयंसेवकों की संख्या (पुरूष/महिला/अन्य), वृक्षारोपण संख्या, रक्तदान संख्या, शिविर गतिविधि आदि में सम्मिलित अन्य लोगों की संख्या** में संपूर्ण जानकारी विवरणानुसार प्रेषित करने का निर्देश दिया गया, जिसके माध्यम से निर्धारित आकड़ें अनुसार विश्वविद्यालय प्रकोष्ठ में डाटा संग्रहण हो सके एवं उचित कार्यवाही किया जा सके। जिसे समय सीमा के भीतर राज्य एनएसएस अधिकारी एवं भारत सरकार क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल को प्रेषित/अवगत कराया जा सके। **(नोट : विवि रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा प्रत्येक तीन माह में त्रैमासिक रिपोर्ट तैयार कर राजभवन सचिवालय रायपुर को प्रेषित की जाती है।)**

9. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा **समय–समय पर प्रेषित पत्र** का अवलोकन करने एवं पत्र के निर्देशानुसार उचित कार्यवाही करते रहने तथा **कार्यवाही विवरण** संक्षिप्त रिपोर्ट (फोटो/वीडियों सहित) तैयार कर विवि रासेयो प्रकोष्ठ को ईमेल nss@csvtu.ac.in के माध्यम से जानकारी प्रस्तुत/प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।

10. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को **ऑनलाईन बैठक** में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होने तथा बिना जानकारी के अनुपस्थित होने पर किसी भी प्रकार से रासेयो प्रकोष्ठ से चाही गई जानकारी प्राप्त न होने पर कार्यक्रम अधिकारी स्वयं जिम्मेवार होने का निर्देश दिया गया। **(संलग्न–ऑनलाइन बैठक में उपस्थित कार्यक्रम अधिकारियों की सूची)**

Minutes of Meeting : 12.00 pm to 01.00 pm (04-10-25)

# Chhattisgarh Swami Vivekanand Technical University Bhilai
## National Service Scheme

Name of Meetings - All Programme Officers Meeting     Place: Online Google Meeting
Date: - 04/11/2025     Time: 02.00pm to 03.00pm

एजेंडा :–

1. विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (VBYLD), 29वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव कार्यक्रम – संबंधी ।
2. गौ विज्ञान परीक्षा 2025 के आयोजन कराने के सम्बन्ध में।
3. नियमित एवं शिविर गतिविधि सत्र 2025–26 हेतु द्वितीय किस्त की राशि प्रेषण/आहरण के संबंध में।
4. कार्यक्रम अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन–संबंधी।
5. राष्ट्रीय सेवा योजना सत्र 2025–26 हेतु स्वयंसेवकों का पंजीयन।
6. सत्र 2025–26 हेतु सात दिवसीय शिविर प्रस्ताव के संबंध में।
7. स्कूल शिक्षा मित्र।
8. छत्तीसगढ़ आइडियाथॉन 2025 के प्रचार–प्रसार के संबंध में।
9. स्वच्छ संकल्प अभियान के तहत 'Hackathon' कार्यक्रम का अयोजन बाबत्।
10. छ.ग. राज्योत्सव 2025 में शिक्षकों एवं छात्र–छात्राओं की सहभागिता संबंधी।
11. सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम "Sardar@150" के अंतर्गत पदयात्रा एवं गतिविधियों की आउटरीच के संबंध में।
12. तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान (ToFEI) के संबंध में आवश्यक कार्यवाही – संबंधी।
13. प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत पंजीकरण हेतु जनजागरण एवं सुविधा प्रदान करना एवं पुनः इंजीनियर्ड ईसीआरध्युनर्निर्मित ईसीआर ।
14. सायबर सुरक्षा माह, 2025 के आयोजन – संबंधी ।
15. माह नवंबर में आयोजित किए जाने वाले गतिविधियों के संबंध में।

**एजेण्डा कार्यवाही विवरण**

1. भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग **(VBYLD)**, 29वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव, **दिनांक 12 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय युवा दिवस, स्वामी विवेकानंद की जयंती पर** आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। वर्ष 1995 से युवा एकीकरण और सांस्कृतिक आदान–प्रदान को बढ़ावा देने के लिए एक प्रमुख कार्यक्रम के रूप में राष्ट्रीय युवा महोत्सव (NYF) आयोजित किया जाता रहा है। वर्ष 2025 में, विकसित भारत @2047 की थीम के अनुरूप राष्ट्रीय युवा महोत्सव को विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (VBYLD) के रूप में पुनर्गठित किया गया है। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु रासेयो संस्थानों में कार्यक्रम का प्रचार–प्रसार करें और संलग्न QR Code एवं Link के माध्यम से अधिकतम स्वयंसेवकों/विद्यार्थियों को क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही कार्यक्रम गतिविधियों की संक्षिप्त रिपोर्ट फोटोग्राफ्स के साथ इस कार्यालय के ईमेल nss@csvtu.ac.in पर प्रेषित करना सुनिश्चित किया गया। QR Code **स्कैन करें एवं क्विज में भाग लें**

VBYLD Quiz Link -
https://mybharat.gov.in/quiz/quiz_dashboard/UzZlZmhEeWt6bmtzcGg1ZHQ1dWc3QT09

2. छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति पंडरी रायपुर द्वारा निम्नानुसार उल्लेखित तिथि को राज्य के समस्त महाविद्यालयों/संस्थाओं में प्रांत स्तर पर छात्र/छात्राओं हेतु गौ विज्ञान परीक्षा 2025 एवं किचन गार्डन निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त कर प्रेषित पत्र में दिए गए निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था। इस हेतु विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों द्वारा नोडल अधिकारी की जानकारी चाही गई थी, किन्तु केवल 13 महाविद्यालयों द्वारा ही नोडल अधिकारी की जानकारी प्राप्त हुई है। गौ विज्ञान परीक्षा 2025 हेतु विद्यार्थियों का पंजीयन 1 अगस्त 2025 से प्रारंभ हो चुकी है, जिसपर सर्वप्रथम संस्था स्तर पर पंजीयन कर, अधिक से अधिक संख्या में छात्र–छात्राओं/विद्यार्थियों का पंजीयन कराना हेतु निर्देशित किया गया तथा पंजीकृत संख्या विवि रासेयो प्रकोष्ठ को अवगत कराना सुनिश्चित किया गया। गौ विज्ञान परीक्षा से संबंधित तिथि में संशोधन किया गया है इस हेतु संशोधित पत्र समस्त महाविद्यलयों को प्रेषित किया गया है, जिसके अनुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया गया। [Nodal→Registration (Unit Level)→Student Registration (fees 100/-)]
3. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत आने वाले समस्त रासेयो इकाईयों को सत्र 2025–26 के लिए नियमित एवं शिविर गतिविधि संचालन हेतु 25 प्रतिशत राशि (6875+8750=15625) दिनांक 02 सितंबर 2025 को प्रथम किस्त के रूप में प्रेषित किया गया था। तथा जिन इकाईयों द्वारा उत्कृष्ट कार्य किए जा रहें है उन इकाईयों को द्वितीय किस्त के रूप में 75 प्रतिशत राशि (20625+26250=46875) प्रदाय करने का निर्णय लिया गया था। जिसके अनुसार दिनांक 19 नवंबर 2025 को संबंधित 23 इकाईयों को प्रेषित किया गया है। प्रेषित राशि का 19 नवंबर 2025 तक अनिवार्य रूप से आहरण कर गतिविधियों का क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया गया था। उक्त संबंध में आज दिनांक तक 12 संस्थाओं द्वारा राशि का आहरण नहीं किया गया है।
4. छ.ग. स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 15 नवंबर 2025 दिन शनिवार को प्रातः 09:30 बजे से शाम 05:30 बजे तक कार्यक्रम अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन **शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार, रायपुर के सभागार** में आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. नीता बाजपेयी, राज्य रासेयो अधिकारी छग शासन उ. शि.वि. मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर, श्री अभिषेक त्रिपाठी युनिसेफ छ.ग. शासन, डॉ. एम. आर. खान, प्राचार्य जीईसी रायपुर सम्मिलित हुए। साथ ही प्रदेश के विभिन्न इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक, फार्मेसी एवं आई.टी.आई संस्थाओं के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारियों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. डी. एस. रघुवंशी द्वारा सत्र 2024–25 में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना गतिविधियों की जानकारी, नियमित गविविधि, सात दिवसीय विशेष शिविर गतिविधि, My Bharat Portal, स्कूल शिक्षा मित्र योजना, मूल लेखा बिल वाउचर संबंधी जानकारी, प्रमाण पत्रों की जानकारी, RDC/NIC/NYF/ADVENTURE CAMP मार्गदर्शिका का विवरण, सलाहकार समिति, सोशल मीडिया, दस्तावेज संधारण, पीपीटी प्रेजेंटेशन आदि विभिन्न विषयों से संबंधित जानकारी दी गई साथ ही जिसमें समस्त कार्यक्रम अधिकारियो से चर्चा की गई एवं निर्देशानुसार गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाना सुनिश्चित किया गया।
5. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत आने वाले समस्त रासेयो इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारियों को सत्र 2025–26 हेतु नव प्रवेशित या नवीन स्वयंसेवकों का पंजीयन (न्यूनतम 100 या 100 से अधिक स्वयंसेवक) कराने का निर्देश दिया गया था। विश्वविद्यालय अंतर्गत एक संस्था आर आई टी रायपुर इकाई द्वारा स्वयंसेवकों का पंजीयन सूची की जानकारी अप्राप्त है। आज दिनांक तक 61 इकाईयों द्वारा कुल 7236 पंजीकृत स्वयंसेवकों की जानकारी प्राप्त है।
6. सत्र 2025–26 के लिए रासेयो इकाईयों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के आयोजन हेतु प्रस्ताव प्राप्त होने पर ही राशि पूर्णतः प्रेषित की जावेगी। इस हेतु आज दिनांक तक केवल 37 संस्थाओं द्वारा ही शिविर प्रस्ताव प्राप्त हुए है। इनमें से 22 इकाईयों को प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर द्वितीय किस्त की राशि 75 प्रतिशत प्रेषित की गई है। जिन इकाईयों ने शिविर प्रस्ताव प्रेषित नहीं की है, उन इकाईयों को शिविर प्रस्ताव प्राप्त होने पर तृतीय किस्त के रूप में राशि पूर्णतः प्रेषित किया जाना सुनिश्चित किया गया।

7. स्कूल शिक्षा मित्र योजना से संबंधित सरकार के नियमों व समय–समय पर मिलने वाले लाभों एवं छात्रवृत्ति योजना डिजिटल साक्षरता तथा आवश्यक मार्गदर्शन हेतु स्कूली छात्रों को अवगत कराया जाना चाहिए। आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतिभावान ग्रामीण विद्यार्थियों की पढ़ाई में आने वाली समस्याओं का समाधान एवं विभिन्न "छात्रवृत्ति योजनाओं" से लाभान्वित करने 'स्कूल शिक्षा मित्र योजना' का समय–समय पर संचालन करते रहने एवं प्रत्येक रासेयो संस्था या स्वयंसेवकों द्वारा कम से कम 5 विद्यार्थियों को गोद लेकर उनके पढ़ाई में हमेशा सहयोग करने हेतु निर्देशित किया गया। इस हेतु निरंतरता के साथ कार्यक्रम का आयोजन करते रहने का निर्देश दिया गया। आयोजित गतिविधि का सूक्ष्म प्रतिवेदन विवि रासेयो प्रकोष्ठ को ईमेल के माध्यम से प्रेषित किया जाना या अवगत कराया जाना सुनिश्चित किया गया।
8. रजत जयंती वर्ष 2025 के अवसर पर, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विद्यार्थियों, स्टार्टअप्स और नवोन्मेषकों में नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ आइडियाथॉन 2025 स्टार्टअप पिचेज एवं अवॉर्ड्स का आयोजन किया गया है। जिसके अंतर्गत राज्यभर में प्रतियोगिताओं के माध्यम से शीर्ष विचारों का चयन किया जाएगा। उक्त संबंध में विवि द्वारा पूर्व में प्रेषित पत्र के अनुसार प्रतिभागियों हेतु पात्रता एवं आवश्यक निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था।
9. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत **"स्वच्छ संकल्प अभियान"** का आयोजन 15 अक्टूबर 2025 से 19 नवम्बर 2025 तक किया जाना है। इस अभियान के अंतर्गत शौचालय निर्माण, रेट्रोफिटिंग, रख–रखाव, ठोस तरल कचरा प्रबन्धन एवं युवा समूह, स्व–सहायता समूह आदि को जोड़ते हुए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना था। इस अभियान के तहत UNICEF के सहयोग से आपकी संस्था में विद्यार्थियों के साथ ठोस/प्लास्टिक कचरा प्रबंधन पर नवाचार तकनीकी समाधान हेतु **"hackathon"** कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 25 नवंबर 2025 को शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज रायपुर में किया गया।
10. छत्तीगसढ़ राज्य के 25 वीं रजत जयंती के उपलक्ष्य में दिनांक 01 नवंबर 2025 से 05 नवंबर 2025 तक राज्योत्सव का आयोजन राज्योत्सव स्थल –श्यामा प्रसाद मुखर्जी, उद्योग एवं व्यापार परिसर मैदान, नवा रायपुर में किया गया। जिसमें भारत सरकार, गृह मंत्रालय, के निर्देशानुसार तीनों नवीन आपराधिक कानूनों के अधिकाधिक प्रचार–प्रसार हेतु प्रदर्शनी आयोजन, जिसके परिपालन में Quiz प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उक्त प्रर्दशनी एवं Quiz प्रतियोगिता में विवि रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गतज रायपुर जिले के समस्त रासेयो इकाईयों के अधिक से अधिक संख्या में शिक्षकों एवं छात्र/छात्राओं को सम्मिलित होने हेतु निर्देशित किया गया था। इस संबंध में सम्मिलित होने वाले छात्रों एवं शिक्षकों की जानकारी चाही गई थी, जो कि अप्राप्त है।
11. सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम **"Sardar@150"** के अंतर्गत पदयात्रा एवं गतिविधियों की आउटरीच के संबंध में विवि रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा पूर्व में प्रेषित पत्र के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया था। उक्त संबंध में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर दिनांक 14/11/2025 को एक पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा तीन दर्शन मंदिर कैम्प 02 (वैशाली नगर विधानसभा) भिलाई से डबरा पारा भिलाई–3 (अहिवारा विधानसभा) तक संपन्न हुई। जिसमें विवि रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत 05 रासेयो इकाई एसएसटीसी भिलाई, एमजे कॉलेज (फार्मेसी) भिलाई, आरसीईटी भिलाई, आईटीआई भिलाई, आरएसआर आरसीईटी भिलाई की सहभागिता रही।
12. युवाओं में तम्बाकू का सेवन गंभीर चिंता का विषय है और यह हमारे देश में सबसे गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक बनी हुई है। युवाओं में तम्बाकु के सेवन में बीड़ी–सिगरेट जैसे पारंपरिक धूम्रपान के साथ–साथ गुटखा, खैनी, पान, मावा जैसे धुआँरहित उत्पाद चबाना और साथ ही ई–सिगरेट ओरल निकोटिन पाउच, गर्म तम्बाकू उत्पाद आदि जैसे नए संस्करण भी शामिल है। तम्बाकू शरीर के लगभग सभी अंगों को प्रभावित करता है और कई बीमारियों का कारण बनाता है। सिर, गर्दन, ग्रासनली और फेफड़ों के कैंसर के अधिक मामले तम्बाकू के कारण होते हैं। लगभग एक तिहाई कैंसर तंबाकू से संबंधित होते हैं, जबकि 90% मुँह और फेफड़ों के कैंसर तम्बाकू से जुड़े होते है। उक्त संबंध में तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किया है। कार्यक्रम उपरांत संक्षिप्त प्रतिवेदन की जानकारी चाही गई थी, जो कि संस्थाओं द्वारा अप्राप्त है।

13. भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना का शुभारंभ 01.08.2025 से किया गया है। इस योजना का उद्देश्य प्रथम बार नियोजित कर्मचारियों को प्रोत्साहन लाभ प्रदान करना तथा नियोक्ताओं को नए रोजगार सृजन के लिए प्रोत्साहन देना है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप शीघ्रातिशीघ्र इस योजना के लाभ प्राप्त कर सकें, आपसे निवेदन है कि कृपया अपने नियोक्ता लॉगिन (Employer Login) के माध्यम से PMVBRY के अंतर्गत पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करें। समय पर पंजीकरण से प्रथम बार नियोजित कर्मचारियों एवं नियोक्ताओं के लिए देय राशि निर्धारण की प्रक्रिया शीघ्र पूरी हो सकेगी। इस हेतु विवि रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा पत्र प्रेषित किया गया था। जिसके अनुसार उचित कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया था।
14. "साइबर जाग्रत भारत" थीम के अंतर्गत अक्तूबर माह में प्रदेश की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों में सायबर सुरक्षा माह, 2025 का आयोजन राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय के मूल पत्र में सुझाई गई गतिविधियों के अनुसार किया जाना है एवं इकाइयों द्वारा गतिविधियों को MY Bharat (https://mybharat.gov.in/) पोर्टल पर अधिक से अधिक अपलोड कराना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया था।
15. माह नवंबर में आयोजित किए जाने वाले गतिविधियों के संबंध में चर्चा की गई।

<u>अन्य :—</u>

1. प्रत्येक माह कार्यक्रम अधिकारियों की बैठक में होने वाली चर्चा—संबंधी विषय पर कार्यवाही विवरण के दिशा—निर्देशों के अनुसार समस्त कार्यक्रम अधिकारी को कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।

2. रासेयो से संबंधित सभी संस्थाओं द्वारा सत्र 2025—26 में प्रत्येक माह में की जाने वाली संपूर्ण गतिविधियों व कार्यक्रमों की **मासिक प्रतिवेदन** तैयार कर छगस्वावितविवि, रासेयो प्रकोष्ठ, भिलाई को जानकारी से अवगत कराना सुनिश्चित किया गया, जिसकी जानकारी Monthly Report Google Form में अवश्य देने तथा Watsapp Group & E-mail (nss@csvtu.ac.in) के माध्यम से भी गतिविधियों की तिथी या एक दिन बाद चयनित फोटो रिपोर्ट के माध्यम से प्रेषित करने एवं आयोजित गतिविधियों की जानकारी **विवरण आकड़ों में – तिथि, स्थान, स्वयंसेवकों की संख्या (पुरूष / महिला / अन्य), वृक्षारोपण संख्या, रक्तदान संख्या, शिविर गतिविधि आदि में सम्मिलित अन्य लोगों की संख्या** में संपूर्ण जानकारी विवरणानुसार प्रेषित करने का निर्देश दिया गया, जिसके माध्यम से निर्धारित आकड़ें अनुसार विश्वविद्यालय प्रकोष्ठ में डाटा संग्रहण हो सके एवं उचित कार्यवाही किया जा सके। जिसे समय सीमा के भीतर राज्य एनएसएस अधिकारी एवं भारत सरकार क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल को प्रेषित / अवगत कराया जा सके। **(नोट : विवि रोसेयो प्रकोष्ठ द्वारा प्रत्येक तीन माह में त्रैमासिक रिपोर्ट तैयार कर राजभवन सचिवालय रायपुर को प्रेषित की जाती है।)**

3. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा **समय—समय पर प्रेषित पत्र** का अवलोकन करने एवं पत्र के निर्देशानुसार उचित कार्यवाही करते रहने तथा **कार्यवाही विवरण** संक्षिप्त रिपोर्ट (फोटो / वीडियों सहित) तैयार कर विवि रासेयो प्रकोष्ठ को ईमेल nss@csvtu.ac.in के माध्यम से जानकारी प्रस्तुत / प्रेषित करना सुनिश्चित किया गया है।

4. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को **ऑनलाईन बैठक** में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होने तथा बिना जानकारी के अनुपस्थित होने पर किसी भी प्रकार से रासेयो प्रकोष्ठ से चाही गई जानकारी प्राप्त न होने पर कार्यक्रम अधिकारी स्वयं जिम्मेवार होने का निर्देश दिया गया। **(संलग्न—ऑनलाइन बैठक में उपस्थित कार्यक्रम अधिकारियों की सूची)**

Minutes of Meeting : 02.00 pm to 03.00 pm (04-11-25)

# Chhattisgarh Swami Vivekanand Technical University Bhilai
## National Service Scheme

Name of Meetings - All Programme Officers Meeting | Place: Online Google Meeting
Date: - 08/12/2025 | Time: 03.00pm to 04.00pm

एजेंडा :–

1. सत्र 2025–26 में नियमित एवं शिविर गतिविधि के आयोजन हेतु व्यय लेखा के संबंध में।
2. सत्र 2025–26 हेतु सात दिवसीय शिविर प्रस्ताव/आयोजन के संबंध में।
3. रेड रिबन क्लब गतिविधि के संबंध में।
4. गौ विज्ञान परीक्षा 2025 के सम्बन्ध में।
5. माह दिसंबर में आयोजित किए जाने वाले गतिविधियों के संबंध में।
6. अन्य विषय।

**एजेण्डा कार्यवाही विवरण**

1. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत आने वाले समस्त रासेयो इकाईयों को सत्र 2025–26 के लिए नियमित एवं शिविर गतिविधि संचालन हेतु 25 प्रतिशत राशि (6875+8750=15625) दिनांक 02 सितंबर 2025 को प्रथम किस्त के रूप में प्रेषित किया गया था। तथा जिन इकाईयों द्वारा उत्कृष्ट कार्य किए जा रहें है उन इकाईयों को द्वितीय किस्त के रूप में 75 प्रतिशत राशि (20625+26250=46875) प्रदाय करने का निर्णय लिया गया था। जिसके अनुसार दिनांक 19 नवंबर 2025 को संबंधित 23 इकाईयों को राशि प्रेषित किया गया है। प्रेषित राशि का 28 नवंबर 2025 तक अनिवार्य रूप से आहरण कर गतिविधियों का क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया गया था। उक्त संबंध में आज दिनांक तक 09 संस्थाओं द्वारा राशि का आहरण नहीं किया गया है। शेष इकाईयों को राशि तृतीय किस्त के रूप में पूर्णतः प्रेषित करना सुनिश्चित किया गया।
   उक्त ऑनलाईन बैठक में **विश्वविद्यालय लेखा विभाग के मुख्य वित्त अधिकारी उपस्थित हुए। जिनके द्वारा व्यय बिल देयक प्रस्तुतिकरण के संबंध में निम्नांकित बिन्दुओं का होना अनिवार्य बताया गया। जो कि इस प्रकार है–**
   - किसी भी बिल/देयक में दुकानदार का नाम स्पष्ट होना चाहिए।
   - दुकानदार/विक्रेता का सील एवं हस्ताक्षर होना चाहिए।
   - तिथि का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।
   - बिल सरल क्रमांक का उल्लेख होना चाहिए।
   - चालान बिल नहीं होना चाहिए।
   - फोटोकॉपी बिल नहीं होना चाहिए।
   - 10000.00 से अधिक के बिल पर जीएसटी बिल होना अनिवार्य है।
   - जो विक्रेता या दुकानदार जीएसटी के दायरे में नहीं आता है, उनसे लिखवाकर हस्ताक्षर के साथ लगाना है।
   - ऑनलाईन भुगतान का रसीद साथ में लगा सकते है।
   - पेड बाय मी का सील लगा होना चाहिए।
   - पास्ड फॉर पेमेंट का सील लगा होना चाहिए।
   - पेड एण्ड कैंसिल का सील लगा होना चाहिए।
   - बिल का स्टॉक रजिस्टर में एण्ट्री होना चाहिए।
   - कार्यक्रम अधिकारी एवं प्राचार्य का हस्ताक्षर होना चाहिए एवं संस्था का सील लगा होना चाहिए।
   - बिल में काट–छॉट नहीं होना चाहिए एवं सामग्री का मूल्य एक साथ लिखा होना चाहिए। मात्रा अनुसार गुणा करके नही दर्शाना है।

   उपरोक्तानुसार बिन्दुओं के माध्यम से देयक प्रस्तुत करने के लिए समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

2. सत्र 2025–26 के लिए रासेयो इकाईयों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के आयोजन हेतु प्रस्ताव प्राप्त होने पर ही राशि पूर्णतः प्रेषित की जावेगी। इस हेतु आज दिनांक तक केवल 38 संस्थाओं द्वारा ही शिविर प्रस्ताव प्राप्त हुए है। इनमें से 22 इकाईयों को प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर द्वितीय किस्त की राशि 75 प्रतिशत प्रेषित की गई है। जिन इकाईयों ने शिविर प्रस्ताव प्रेषित नहीं की है, उन इकाईयों को शिविर प्रस्ताव प्राप्त होने पर **तृतीय किस्त के रूप में राशि पूर्णतः प्रेषित किया जाना सुनिश्चित किया गया**। आज दिनांक 10 रासेयो इकाईयों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा चुका है/रहा है। उक्त संबंध में कार्यक्रम अधिकारियों को अवगत कराया गया।
3. विवि रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत सत्र 2025–26 में संचालित 24 रेड रिबन क्लब संस्थाओं में से 22 रेड रिबन क्लब इकाईयों को राशि रू. 6500.00 मात्र (प्रति संस्था) गतिविधियों के संचालन हेतु राशि एवं कार्यक्रम विवरण प्रेषित किया था। जिसके अनुसार गतिविधियों के आयोजन उपरांत मूल व्यय लेखा विवरण विवि रासेयो प्रकोष्ठ को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है, जिसे निर्धारित समयानुसार समायोजन किया जा सके।
4. छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति पंडरी रायपुर द्वारा निम्नानुसार उल्लेखित तिथि को राज्य के समस्त महाविद्यालयों/संस्थाओं में प्रांत स्तर पर छात्र/छात्राओं हेतु गौ विज्ञान परीक्षा 2025 एवं किचन गार्डन निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त कर प्रेषित पत्र में दिए गए निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था। इस हेतु विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों द्वारा नोडल अधिकारी की जानकारी चाही गई थी, किन्तु केवल 13 महाविद्यालयों द्वारा ही नोडल अधिकारी की जानकारी प्राप्त हुई है। गौ विज्ञान परीक्षा 2025 हेतु विद्यार्थियों का पंजीयन 1 अगस्त 2025 से प्रारंभ हो चुकी है, जिसपर सर्वप्रथम संस्था स्तर पर पंजीयन कर, अधिक से अधिक संख्या में छात्र–छात्राओं/विद्यार्थियों का पंजीयन कराना हेतु निर्देशित किया गया तथा पंजीकृत संख्या विवि रासेयो प्रकोष्ठ को अवगत कराना सुनिश्चित किया गया। **गौ विज्ञान परीक्षा से संबंधित तिथि में संशोधन किया गया है इस हेतु संशोधित पत्र समस्त महाविद्यलयों को प्रेषित किया गया है, जिसके अनुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित किया गया।** [Nodal→Registration (Unit Level)→Student Registration (fees 100/-)]
5. माह दिसंबर में आयोजित किए जाने वाले गतिविधियों के संबंध में चर्चा की गई।

<u>अन्य :–</u>

1. बी एवं सी प्रमाण पत्र परीक्षा से संबंधित स्वयंसेवकों की जानकारी का आवश्यक दस्तावेज/रिकार्ड फाइल व्यवस्थित ढंग से रखे जाने का निर्देश दिया गया। क्योंकि स्वयंसेवकों को किसी भी शासकीय परीक्षा में में चयनित होने पर उसका लाभ मिलता है, जिसके अनुसार पुलिस वेरिफिकेशन किया जाता है। इस संबंध में समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को अवगत कराया गया।
2. युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण के संबंध में रायपुर जिले के समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को प्रशिक्षण केंन्द्र में संस्थाओं द्वारा प्राप्त सूची के अनुसार 52 प्रशिक्षु स्वयंसेवक को प्रशिक्षण केन्द्र में दिनांक 08.12.2025 को प्रातः 08.00 बजे सम्मिलित होने का निर्देश दिया गया था। उक्त संबंध में केवल 11 स्वयंसेवकों द्वारा सहभागिता रही। जिस पर उच्चाधिकारी की नाराजगी व्यक्त की गई हैं, इस संबंध में समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।
3. प्रत्येक माह कार्यक्रम अधिकारियों की बैठक में होने वाली चर्चा–संबंधी विषय पर कार्यवाही विवरण के दिशा–निर्देशों के अनुसार समस्त कार्यक्रम अधिकारी को कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।
4. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत आने वाले समस्त रासेयो इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारियों को सत्र 2025–26 हेतु नव प्रवेशित या नवीन स्वयंसेवकों का पंजीयन (न्यूनतम 100 या 100 से अधिक स्वयंसेवक) कराने का निर्देश दिया गया था। विश्वविद्यालय अंतर्गत एक संस्था आर आई टी रायपुर इकाई द्वारा स्वयंसेवकों का पंजीयन सूची की जानकारी अप्राप्त है। आज दिनांक तक 61 इकाईयों द्वारा कुल 7273 पंजीकृत स्वयंसेवकों की जानकारी प्राप्त है।

5. विवि रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत सत्र 2025–26 में एक संस्था शासकीय आई.टी.आई. अंबिकापुर को नई इकाई के रूप में खोले जाने की स्वीकृति राज्य रासेयो प्रकोष्ठ से प्राप्त होने की जानकारी से समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को अवगत कराया गया।

6. रासेयो से संबंधित सभी संस्थाओं द्वारा सत्र 2025–26 में प्रत्येक माह में की जाने वाली संपूर्ण गतिविधियों व कार्यक्रमों की **मासिक प्रतिवेदन** तैयार कर छगस्वावितविवि, रासेयो प्रकोष्ठ, भिलाई को जानकारी से अवगत कराना सुनिश्चित किया गया, जिसकी जानकारी Monthly Report Google Form में अवश्य देने तथा Watsapp Group & E-mail (nss@csvtu.ac.in) के माध्यम से भी गतिविधियों की तिथी या एक दिन बाद चयनित फोटो रिपोर्ट के माध्यम से प्रेषित करने एवं आयोजित गतिविधियों की जानकारी **विवरण आकड़ों में – तिथि, स्थान, स्वयंसेवकों की संख्या (पुरूष/महिला/अन्य), वृक्षारोपण संख्या, रक्तदान संख्या, शिविर गतिविधि आदि में सम्मिलित अन्य लोगों की संख्या** में संपूर्ण जानकारी विवरणानुसार प्रेषित करने का निर्देश दिया गया, जिसके माध्यम से निर्धारित आकड़ें अनुसार विश्वविद्यालय प्रकोष्ठ में डाटा संग्रहण हो सके एवं उचित कार्यवाही किया जा सके। जिसे समय सीमा के भीतर राज्य एनएसएस अधिकारी एवं भारत सरकार क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल को प्रेषित/अवगत कराया जा सके। **(नोट : विवि रोसेयो प्रकोष्ठ द्वारा प्रत्येक तीन माह में त्रैमासिक रिपोर्ट तैयार कर राजभवन सचिवालय रायपुर को प्रेषित की जाती है।)**

7. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा **समय–समय पर प्रेषित पत्र** का अवलोकन करने एवं पत्र के निर्देशानुसार उचित कार्यवाही करते रहने तथा **कार्यवाही विवरण** संक्षिप्त रिपोर्ट (फोटो/वीडियों सहित) तैयार कर विवि रासेयो प्रकोष्ठ को ईमेल nss@csvtu.ac.in के माध्यम से जानकारी प्रस्तुत/प्रेषित करना सुनिश्चित किया गया है।

8. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को **ऑनलाईन बैठक** में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होने तथा बिना जानकारी के अनुपस्थित होने पर किसी भी प्रकार से रासेयो प्रकोष्ठ से चाही गई जानकारी प्राप्त न होने पर कार्यक्रम अधिकारी स्वयं जिम्मेवार होने का निर्देश दिया गया। **(संलग्न–ऑनलाइन बैठक में उपस्थित कार्यक्रम अधिकारियों की सूची)**

Minutes of Meeting : 03.00 pm to 04.00 pm (08-12-25)

# Chhattisgarh Swami Vivekanand Technical University Bhilai
## National Service Scheme

Name of Meetings - All Programme Officers Meeting | Place: Online Google Meeting
Date: - 08/01/2026 | Time: 03.00pm to 04.00pm

एजेंडा :–

1. सत्र 2025–26 में नियमित एवं शिविर गतिविधि के आयोजन हेतु व्यय लेखा के संबंध में।
2. सत्र 2025–26 हेतु सात दिवसीय शिविर प्रस्ताव/आयोजन के संबंध में।
3. रेड रिबन क्लब गतिविधि के संबंध में।
4. स्कूल शिक्षा मित्र।
5. गौ विज्ञान परीक्षा 2025 के सम्बन्ध में।
6. राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी 2026 के अंतर्गत राज्य स्तरीय एक दिवसीय शिविर हेतु जिला सभागार, बलौदाबाजार में सहभागिता – संबंधी।
7. स्वामी विवेकानंद की जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में 12 जनवरी 2026 को मनाए जाने वाले कार्यक्रम "स्वदेशी संकल्प दौड़" – संबंधी।
8. रायपुर साहित्य उत्सव के तहत विश्वविद्यालय/महाविद्यालय स्तरीय कहानी एवं कविता लेखन प्रतियोगिता आयोजित करने बाबत।
9. अडॉप्ट ए सीनियर सिटीजन केयर होम /Adopt a Senior Citizen Care Home कार्यक्रम – संबंधी।
10. राष्ट्रीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) साक्षरता अभियान – संबंधी ।
11. SIR –2026 (दावा आपत्ति) चरण के दौरान शैक्षणिक संस्थानों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम। विशेष शिविर आयोजन विषयक।
12. MY Bharat पोर्टल पर साइबर सिक्योरिटी, अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम (ELP) का निर्माण कर अधिकतम स्वयंसेवकों की भागीदारी कराने संबंधी ।
13. नशामुक्त भारत अभियान के क्रियान्वयन हेतु गतिविधियों के संबंध में।
14. माह जनवरी में आयोजित किए जाने वाले गतिविधियों के संबंध में।
15. अन्य विषय।

**एजेण्डा कार्यवाही विवरण**

1. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत आने वाले समस्त रासेयो इकाईयों को सत्र 2025–26 के लिए नियमित एवं शिविर गतिविधि संचालन हेतु 25 प्रतिशत राशि (6875+8750=15625) दिनांक 02 सितंबर 2025 को प्रथम किस्त के रूप में प्रेषित किया गया था। तथा जिन इकाईयों द्वारा उत्कृष्ट कार्य किए जा रहें है उन इकाईयों को द्वितीय किस्त के रूप में 75 प्रतिशत राशि (20625+26250=46875) प्रदाय करने का निर्णय लिया गया था। जिसके अनुसार दिनांक 19 नवंबर 2025 को संबंधित 23 इकाईयों को राशि प्रेषित किया गया है। शेष इकाईयों को राशि तृतीय किस्त के रूप में पूर्णतः प्रेषित करना सुनिश्चित किया गया।

   पिछले बैठक में **विश्वविद्यालय लेखा विभाग के मुख्य वित्त अधिकारी के निर्देशानुसार व्यय बिल देयक प्रस्तुतिकरण के संबंध में निम्नांकित बिन्दुओं का होना अनिवार्य बताया गया। जो कि इस प्रकार है–**

   - किसी भी बिल/देयक में दुकानदार का नाम स्पष्ट होना चाहिए।
   - दुकानदार/विक्रेता का सील एवं हस्ताक्षर होना चाहिए।
   - तिथि का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।
   - बिल सरल क्रमांक का उल्लेख होना चाहिए।
   - चालान बिल नहीं होना चाहिए।
   - फोटोकॉपी बिल नहीं होना चाहिए।
   - 10000.00 से अधिक के बिल पर जीएसटी बिल होना अनिवार्य है।

- जो विक्रेता या दुकानदार जीएसटी के दायरे में नहीं आता है, उनसे लिखवाकर हस्ताक्षर के साथ लगाना है।
- ऑनलाईन भुगतान का रसीद साथ में लगा सकते है।
- पेड बाय मी का सील लगा होना चाहिए।
- पास्ड फॉर पेमेंट का सील लगा होना चाहिए।
- पेड एण्ड कैंसिल का सील लगा होना चाहिए।
- बिल का स्टॉक रजिस्टर में एण्ट्री होना चाहिए।
- कार्यक्रम अधिकारी एवं प्राचार्य का हस्ताक्षर होना चाहिए एवं संस्था का सील लगा होना चाहिए।
- बिल में काट-छॉट नहीं होना चाहिए एवं सामग्री का मूल्य एक साथ लिखा होना चाहिए। मात्रा अनुसार गुणा करके नही दर्शाना है।

  उपरोक्तानुसार बिन्दुओं के माध्यम से देयक प्रस्तुत करने के लिए समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

2. सत्र 2025-26 के लिए रासेयो इकाईयों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के आयोजन हेतु प्रस्ताव प्राप्त होने पर ही राशि पूर्णतः प्रेषित की जावेगी। इस हेतु आज दिनांक तक केवल 38 संस्थाओं द्वारा ही शिविर प्रस्ताव प्राप्त हुए है। इनमें से 22 इकाईयों को प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर द्वितीय किस्त की राशि 75 प्रतिशत प्रेषित की गई है। जिन इकाईयों ने शिविर प्रस्ताव प्रेषित नहीं की है, उन इकाईयों को शिविर प्रस्ताव प्राप्त होने पर **तृतीय किस्त के रूप में राशि पूर्णतः प्रेषित किया जाना सुनिश्चित किया गया।** आज दिनांक तक 13 रासेयो इकाईयों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा चुका है। जिसमें से 04 इकाईयों द्वारा मूल व्यय लेखा विवरण विवि रासेयो प्रकोष्ठ का प्राप्त हुआ है तथा शेष इकाईयों को मूल व्यय लेखा विवरण शीघ्र ही प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।
3. विवि रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत सत्र 2025-26 में संचालित 24 रेड रिबन क्लब संस्थाओं में से 24 रेड रिबन क्लब इकाईयों को राशि रू. 6500.00 मात्र (प्रति संस्था) गतिविधियों के संचालन हेतु राशि एवं कार्यक्रम विवरण प्रेषित किया गया है। जिसके अनुसार गतिविधियों के आयोजन उपरांत मूल व्यय लेखा विवरण विवि रासेयो प्रकोष्ठ को दिनांक 20 जनवरी 2026 तक प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है, जिसे निर्धारित समयानुसार समायोजन किया जा सके।
4. स्कूल शिक्षा मित्र योजना से संबंधित सरकार के नियमों व समय-समय पर मिलने वाले लाभों एवं छात्रवृत्ति योजना डिजिटल साक्षरता तथा आवश्यक मार्गदर्शन हेतु स्कूली छात्रों को अवगत कराया जाना चाहिए। आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतिभावान ग्रामीण विद्यार्थियों की पढ़ाई में आने वाली समस्याओं का समाधान एवं विभिन्न "छात्रवृत्ति योजनाओं" से लाभान्वित करने 'स्कूल शिक्षा मित्र योजना' का समय-समय पर संचालन करते रहने एवं प्रत्येक रासेयो संस्था या स्वयंसेवकों द्वारा कम से कम 5 विद्यार्थियों को गोद लेकर उनके पढ़ाई में हमेशा सहयोग करने हेतु निर्देशित किया गया। इस हेतु निरंतरता के साथ कार्यक्रम का आयोजन करते रहने का निर्देश दिया गया। आयोजित गतिविधि का सूक्ष्म प्रतिवेदन विवि रासेयो प्रकोष्ठ को ईमेल के माध्यम से प्रेषित किया जाना या अवगत कराया जाना सुनिश्चित किया गया।
5. छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति पंडरी रायपुर द्वारा निम्नानुसार उल्लेखित तिथि को राज्य के समस्त महाविद्यालयों/संस्थाओं में प्रांत स्तर पर छात्र/छात्राओं हेतु गौ विज्ञान परीक्षा 2025 एवं किचन गार्डन निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त कर प्रेषित पत्र में दिए गए निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था। **गौ विज्ञान परीक्षा से संबंधित तिथि में संशोधन किया गया है इस हेतु संशोधित पत्र समस्त महाविद्यलयों को प्रेषित किया गया है, जिसके अनुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित किया गया।**

   [Nodal→Registration (Unit Level)→Student Registration (fees 100/-)]

6. राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों में सामाजिक चेतना, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करने के साथ उनके व्यक्तित्व निर्माण हेतु 01 दिवसीय राज्य स्तरीय शिविर का आयोजन जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में दिनांक 12 जनवरी, 2026 को माननीय मंत्री महोदय, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग के मुख्य आतिथ्य एवं सम्मानित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला सभागार में प्रातः 09:00 बजे से सुनिश्चित होना है। इस कार्यक्रम में छगस्वावित विश्वविद्यालय को प्राप्त आबंटन संख्यानुसार शासकीय पॉलिटेक्निक भाठापारा से 30 (छात्र-छात्रा) स्वयंसेवकों के साथ कार्यक्रम अधिकारी की सहभागिता रहेगी । इस हेतु समस्त कार्यक्रम अधिकारी को अवगत कराया गया।

7. स्वामी विवेकानंद की जयंती प्रत्येक वर्ष 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है, जो युवा सशक्तिकरण, आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण के उनके चिरस्थायी संदेश की स्मृति में समर्पित है। वर्तमान परिदृश्य में, छात्रों और युवाओं में भारत और भारतीय मूल्यों, स्वदेशी भावना, आत्मनिर्भर भारत और राष्ट्र निर्माण के उद्देश्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। इस हेतु स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती के शुभ अवसर पर, 12 जनवरी, 2026 को "स्वदेशी संकल्प दौड़" नामक एक राष्ट्रव्यापी युवा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के आदर्शों के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करना और स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, टीम वर्क, शारीरिक फिटनेस, अनुशासन, सामाजिक भागीदारी और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत गतिविधियों में 2 किमी/3 किमी/5 किमी की दौड़, प्रेरक वार्ता, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता पर संदेशों का प्रसार, प्रतिभागियों का पंजीकरण और प्रमाण पत्र वितरण शामिल हो सकते हैं। छात्रों, राष्ट्रीय सामाजिक सेवा/राष्ट्रीय परिषद (एनएसएस/एनसीसी) इकाइयों, युवा क्लबों, संकाय सदस्यों और आम जनता की भागीदारी से सामूहिक जिम्मेदारी और सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा मिलेगा, जो राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सामंजस्य को मजबूत करने में योगदान देगा। उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, अपने संस्थान में या स्थानीय व्यवहार्यता के अनुसार उपयुक्त सार्वजनिक स्थानों पर **"स्वदेशी दौड़"** कार्यक्रम का आयोजन कराना सुनिश्चित करें एवं संबंधित विभागों/इकाइयों को आवश्यक सहयोग प्रदान करने का निर्देश दें, ताकि राष्ट्र निर्माण की इस पहल में छात्रों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम के सफल समापन के बाद, संलग्न गूगल फॉर्म (https://forms.gle/FueK3KVWU94jaQ4JA) के माध्यम से कार्यक्रम की तस्वीरें/वीडियो और संक्षिप्त जानकारी साझा करें और इसे विश्वविद्यालय/संस्थान के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी अपलोड करें। साथ ही उक्त कार्यवाही का सूक्ष्म प्रतिवेदन व फोटोग्राफ्स इस कार्यालय के ईमेल nss@csvtu.ac.in पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया गया।
8. राज्य रासेयो प्रकोष्ठ रायपुर द्वारा प्राप्त पत्र के निर्देशानुसार रायपुर साहित्य उत्सव के तहत विश्वविद्यालय/महाविद्यालय स्तरीय कहानी एवं कविता लेखन प्रतियोगिता आयोजित करने के संबंध में समस्त इकाईयों को ईमेल के माध्यम से पत्र प्रेषित किया गया है जिसके निर्देशानुसार उचित कार्यवाही करना सुनिश्चित किया गया।
9. राज्य रासेयो प्रकोष्ठ रायपुर द्वारा प्राप्त पत्र के निर्देशानुसार अडॉप्ट ए सीनियर सिटीजन केयर होम /Adopt a Senior Citizen Care Home कार्यक्रम के संबंध में समस्त इकाईयों/संस्थानों को ईमेल के माध्यम से पत्र प्रेषित किया गया है जिसके निर्देशानुसार उचित कार्यवाही करना सुनिश्चित किया गया।
10. स्वामी विवेकानंद की जयंती प्रत्येक वर्ष 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है। इस हेतु स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती के शुभ अवसर पर, 12 जनवरी, 2026 को "स्वदेशी संकल्प दौड़" नामक एक राष्ट्रव्यापी युवा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव है। साथ ही **INDIA AI** मिशन के अंतर्गत **राष्ट्रीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) साक्षरता अभियान,** दिनांक 12 जनवरी 2026 राष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रारंभ किया जाना है। उक्त संबंध में विवि रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा प्रेषित पत्र के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।
11. दुर्ग जिले के अंतर्गत आने वाले समस्त महाविद्यालयों को SIR –2026 (दावा आपत्ति) चरण के दौरान शैक्षणिक संस्थानों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हेतु विशेष शिविर आयोजन के संबंध में पत्र प्रेषित किया गया है। जिसके निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है। उक्त संबंध में संबंधित संस्थाओं के कार्यक्रम अधिकारियों को अवगत कराया गया।
12. भारत सरकार क्षेत्रीय निदेशालय युवा कार्यक्रम एवं खेलमंत्रालय भोपाल द्वारा प्राप्त पत्र के निर्देशानुसार MY Bharat पोर्टल पर साइबर सिक्योरिटी, अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम (ELP) का निर्माण कर अधिकतम स्वयंसेवकों की भागीदारी कराने के संबंध में संबंधित संस्थाओं को ईमेल के माध्यम से पत्र प्रेषित किया गया है। जिसके निर्देशानुसार उचित कार्यवाही करना सुनिश्चित किया गया।
13. नशामुक्त भारत अभियान (NMBA) के क्रियान्वयन हेतु विवि रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा प्रेषित पत्र के अनुसार निम्नवत बिन्दुओं पर गतिविधियाँ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।
14. माह जनवरी में आयोजित किए जाने वाले गतिविधियों के संबंध में चर्चा की गई।

अन्य :–

1. देश की समस्त राज्य राजधानियों एवं लोकसभा क्षेत्रों में "वंदे मातरम्" की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सामूहिक वंदे मातरम् गान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। रायपुर लोकसभा सांसद माननीय श्री बृजमोहन अग्रवाल जी के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय से संबंधित रायपुर के समस्त संस्थानों में एक–एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर जानकारी विश्वविद्यालय द्वारा चाही गई थी। इस हेतु, रायपुर जिले के प्रत्येक संस्था से कम–से–कम 100 छात्रों की उपस्थिति दिनांक **15 जनवरी 2026**, समय प्रातः **11.30** बजे, **सुभाष स्टेडियम, रायपुर** में सुनिश्चित की जावेगी। उक्त संबंध में संस्थानों के समस्त अधिकारी/कर्मचारी एवं शेष छात्र–छात्राओं द्वारा भी दिनांक **15 जनवरी 2026, समय दोपहर 12.55 बजे,** अपनी–अपनी संस्थाओं में एक साथ सामूहिक वंदे मातरम् गायन सुनिश्चित किया जाए। उक्त संबंध में समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को अवगत कराया गया।
2. राज्य स्तरीय सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन जिला बलौदाबाजार में दिनांक 20 जनवरी 2026 से होना प्रस्तावित है। उक्त संबंध में रासेयो इकाईयों द्वारा इच्छुक सहभागिता स्वयंसेवकों की सूची विवि रासेयो प्रकोष्ठ को प्रेषित करने का निर्देश दिया गया है तथा राज्य रासेयो अधिकारी द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार स्वयंसेवकों का चयन कर सहभागिता हेतु सम्मिलित किया जान सुनिश्चित किया गया।
3. प्रत्येक माह कार्यक्रम अधिकारियों की बैठक में होने वाली चर्चा–संबंधी विषय पर कार्यवाही विवरण के दिशा–निर्देशों के अनुसार समस्त कार्यक्रम अधिकारी को कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।
4. रासेयो से संबंधित सभी संस्थाओं द्वारा सत्र 2025–26 में प्रत्येक माह में की जाने वाली संपूर्ण गतिविधियों व कार्यक्रमों की **मासिक प्रतिवेदन** तैयार कर छगस्वावितविवि, रासेयो प्रकोष्ठ, भिलाई को जानकारी से अवगत कराना सुनिश्चित किया गया, जिसकी जानकारी Monthly Report Google Form में अवश्य देने तथा Watsapp Group & E-mail (nss@csvtu.ac.in) के माध्यम से भी गतिविधियों की तिथी या एक दिन बाद चयनित फोटो रिपोर्ट के माध्यम से प्रेषित करने एवं आयोजित गतिविधियों की जानकारी **विवरण आकड़ों में – तिथि, स्थान, स्वयंसेवकों की संख्या (पुरूष/महिला/अन्य), वृक्षारोपण संख्या, रक्तदान संख्या, शिविर गतिविधि आदि में सम्मिलित अन्य लोगों की संख्या** में संपूर्ण जानकारी विवरणानुसार प्रेषित करने का निर्देश दिया गया, जिसके माध्यम से निर्धारित आकड़ें अनुसार विश्वविद्यालय प्रकोष्ठ में डाटा संग्रहण हो सके एवं उचित कार्यवाही किया जा सके। जिसे समय सीमा के भीतर राज्य एनएसएस अधिकारी एवं भारत सरकार क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल को प्रेषित/अवगत कराया जा सके। **(नोट : विवि रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा प्रत्येक तीन माह में त्रैमासिक रिपोर्ट तैयार कर राजभवन सचिवालय रायपुर को प्रेषित की जाती है।)**
5. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा **समय–समय पर प्रेषित पत्र** का अवलोकन करने एवं पत्र के निर्देशानुसार उचित कार्यवाही करते रहने तथा **कार्यवाही विवरण** संक्षिप्त रिपोर्ट (फोटो/वीडियों सहित) तैयार कर विवि रासेयो प्रकोष्ठ को ईमेल nss@csvtu.ac.in के माध्यम से जानकारी प्रस्तुत/प्रेषित करना सुनिश्चित किया गया है।
6. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को **ऑनलाईन बैठक** में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होने तथा बिना जानकारी के अनुपस्थित होने पर किसी भी प्रकार से रासेयो प्रकोष्ठ से चाही गई जानकारी प्राप्त न होने पर कार्यक्रम अधिकारी स्वयं जिम्मेवार होने का निर्देश दिया गया। **(संलग्न–ऑनलाइन बैठक में उपस्थित कार्यक्रम अधिकारियों की सूची)**

Minutes of Meeting : 03.00 pm to 04.00 pm (08-01-26)

# Chhattisgarh Swami Vivekanand Technical University Bhilai
## National Service Scheme

Name of Meetings - All Programme Officers Meeting | Place: Online Google Meeting
Date: - 03/02/2026 | Time: 03.00pm to 04.00pm

एजेंडा :–

1. सत्र 2025–26 में नियमित एवं शिविर गतिविधि के आयोजन हेतु व्यय लेखा/राशि प्रेषण के संबंध में।
2. सत्र 2025–26 हेतु सात दिवसीय शिविर प्रस्ताव/आयोजन के संबंध में।
3. सत्र 2025–26 हेतु रेड रिबन क्लब गतिविधि का व्यय लेखा प्रेषण के संबंध में।
4. स्कूल शिक्षा मित्र।
5. गौ विज्ञान परीक्षा 2025 के संबंध में।
6. डिजिटल साक्षरता कार्यशाला – संबंधी ।
7. राष्ट्रीय एकता शिविर दिनांक 08 से 14 मार्च, 2026 तक संबलपुर विश्वविद्यालय, संबलपुर (ओडिशा) में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों और कार्यक्रम अधिकारी की भागीदारी – संबंधी।
8. सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम (Mass Drug Administration) दिनांक 10 से 25 फरवरी 2026 में सहयोग – संबंधी।
9. 15 वीं भारतीय छात्र संसद (21 – 23 फरवरी, 2026) में स्वयंसेवकों की भागीदारी के संबंध में ।
10. परीक्षा पे चर्चा 2026 के प्रचार–प्रसार एवं लाइव प्रसारण व्यवस्था के संबंध में कार्यवाही – संबंधी ।
11. नशामुक्त भारत अभियान के क्रियान्वयन हेतु गतिविधियों के संबंध में।
12. माह फरवरी में आयोजित किए जाने वाले गतिविधियों के संबंध में।
13. अन्य विषय।

**एजेण्डा कार्यवाही विवरण**

1. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत आने वाले समस्त रासेयो इकाईयों को सत्र 2025–26 के लिए नियमित एवं शिविर गतिविधि संचालन हेतु 25 प्रतिशत राशि (6875+8750=15625) दिनांक 02 सितंबर 2025 को प्रथम किस्त के रूप में प्रेषित किया गया था तथा जिन इकाईयों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के आधार पर द्वितीय किस्त के रूप में 75 प्रतिशत राशि (20625+26250=46875) दिनांक 19 नवंबर 2025 को संबंधित 23 इकाईयों को राशि प्रेषित किया गया है। शेष इकाईयों को राशि तृतीय किस्त के रूप में पूर्णतः प्रेषित करना सुनिश्चित किया गया। (राशि प्रेषित पत्र संलग्न)

   माह दिसंबर के बैठक में **विश्वविद्यालय लेखा विभाग के मुख्य वित्त अधिकारी के निर्देशानुसार व्यय बिल देयक प्रस्तुतिकरण के संबंध में निम्नांकित बिन्दुओं का होना अनिवार्य बताया गया। जो कि इस प्रकार है–**

- किसी भी बिल/देयक में दुकानदार का नाम स्पष्ट होना चाहिए।
- दुकानदार/विक्रेता का सील एवं हस्ताक्षर होना चाहिए।
- तिथि का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।
- बिल सरल क्रमांक का उल्लेख होना चाहिए।
- चालान बिल नहीं होना चाहिए।
- फोटोकॉपी बिल नहीं होना चाहिए।
- अधिकतम राशि होने पर जीएसटी बिल का होना अनिवार्य है।
- जो विक्रेता या दुकानदार जीएसटी के दायरे में नहीं आता है, उनसे लिखवाकर हस्ताक्षर के साथ लगाना है।
- ऑनलाईन भुगतान का रसीद साथ में लगा सकते है।
- पेड बाय मी का सील लगा होना चाहिए।
- पास्ड फॉर पेमेंट का सील लगा होना चाहिए।
- पेड एण्ड कैंसिल का सील लगा होना चाहिए।
- बिल का स्टॉक रजिस्टर में एण्ट्री होना चाहिए।
- कार्यक्रम अधिकारी एवं प्राचार्य का हस्ताक्षर होना चाहिए एवं संस्था का सील लगा होना चाहिए।
- बिल में काट–छॉट नहीं होना चाहिए एवं सामग्री का मूल्य एक साथ लिखा होना चाहिए। मात्रा अनुसार गुणा करके नही दर्शाना है। उपरोक्तानुसार बिन्दुओं के माध्यम से देयक प्रस्तुत करने के लिए समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

2. सत्र 2025–26 के लिए रासेयो इकाइयों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के आयोजन हेतु प्रस्ताव प्राप्त होने पर ही राशि पूर्ण रूप से प्रेषित की जाएगी। इस हेतु आज दिनांक तक केवल 40 संस्थाओं से ही शिविर प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें से 22 इकाइयों को प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर द्वितीय किस्त की 75 प्रतिशत राशि प्रेषित की जा चुकी है। जिन इकाइयों द्वारा शिविर प्रस्ताव प्रेषित नहीं किए गए हैं, उन इकाइयों को प्रस्ताव प्राप्त होने पर तृतीय किस्त के रूप में राशि पूर्णतः प्रेषित किया जाना सुनिश्चित किया गया है। आज दिनांक तक 18 रासेयो इकाइयों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा चुका है, जिनमें से 06 इकाइयों द्वारा मूल व्यय लेखा विवरण विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ को प्राप्त हो चुका है। शेष इकाइयों को मूल व्यय लेखा विवरण शीघ्र प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है।

3. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत सत्र 2025–26 में संचालित 24 रेड रिबन क्लब संस्थाओं की 24 रेड रिबन क्लब इकाइयों को प्रति संस्था 6,500.00 (रुपये छह हजार पाँच सौ मात्र) की राशि गतिविधियों के संचालन हेतु प्रेषित की गई है। साथ ही कार्यक्रम विवरण भी संबंधित इकाइयों को उपलब्ध कराया गया है। निर्देशानुसार, गतिविधियों के आयोजन उपरांत मूल व्यय लेखा विवरण विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ को दिनांक 20 जनवरी 2026 तक प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था, ताकि निर्धारित समयावधि में समायोजन किया जा सके। आज दिनांक तक केवल 16 रेड रिबन क्लब इकाइयों द्वारा मूल व्यय लेखा विवरण विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ को प्राप्त हुआ है। शेष रेड रिबन क्लब इकाइयों के अधिकारियों को उक्त संबंध में दूरभाष (कॉल) के माध्यम से सूचित किया जा चुका है।

4. स्कूल शिक्षा मित्र योजना से संबंधित शासन के नियमों, समय–समय पर मिलने वाले लाभों, छात्रवृत्ति योजनाओं, डिजिटल साक्षरता तथा आवश्यक मार्गदर्शन के संबंध में स्कूली विद्यार्थियों को अवगत कराया जाना चाहिए। आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतिभावान ग्रामीण विद्यार्थियों की पढ़ाई में आने वाली समस्याओं के समाधान तथा उन्हें विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु स्कूल शिक्षा मित्र योजना का समय–समय पर संचालन किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, प्रत्येक रासेयो संस्था अथवा स्वयंसेवकों को कम से कम 05 विद्यार्थियों को गोद लेकर उनकी पढ़ाई में निरंतर सहयोग करने हेतु निर्देशित किया गया है। इस हेतु कार्यक्रमों का नियमित एवं निरंतर आयोजन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

5. छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति पंडरी रायपुर द्वारा निम्नानुसार उल्लेखित तिथि को राज्य के समस्त महाविद्यालयों/संस्थाओं में प्रांत स्तर पर छात्र/छात्राओं हेतु गौ विज्ञान परीक्षा 2025 एवं किचन गार्डन निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। **गौ विज्ञान परीक्षा से संबंधित संशोधित पत्र समस्त महाविद्यलयों को प्रेषित किया गया था, जिसके अनुसार प्रथम चरण की परीक्षा महाविद्यालय स्तर पर आयोजित किया जा चुका है। निर्देशानुसार द्वितीय चरण की प्रक्रिया में उचित कार्यवाही करना सुनिश्चित किया गया।**

6. समस्त रासेयो संस्थानों में डिजिटल साक्षरता संबंधी कार्यशाला का आयोजन कराने हेतु निर्देशित किया गया।
7. भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृत राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन **दिनांक 08 से 14 मार्च 2026 तक संबलपुर विश्वविद्यालय, ज्योति विहार, बर्ला, जिला संबलपुर (ओडिशा) में** आयोजित होना प्रस्तावित है। क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल एवं राज्य एन.एस.एस. अधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार इस शिविर में छ.ग. राज्य से **छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई अंतर्गत 04 छात्र एवं 04 छात्रा रासेयो स्वयंसेवक तथा 01 (म.) कार्यक्रम अधिकारी/दल प्रभारी की सहभागिता होगी। इस हेतु समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को अवगत कराया गया।**

8. राज्य रासेयो अधिकारी रायपुर द्वारा प्राप्त पत्र के अनुसार फाइलेरिया (हाथीपांव) जैसे गंभीर बीमारी से बचाव हेतु प्रति वर्ष सामूहिक दवा सेवन MDA कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसके अंतर्गत चयनित क्षेत्र के सभी व्यक्तियों को (2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से ग्रसित व्यक्तियों को छोड़कर) फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जाती है यह अभियान दिनांक 10 से 25 फरवरी 2026 तक जिला बालोद, बलौदाबाजार, बस्तर, बिलासपुर, गरियाबंद, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही, जांजगीर–चांपा, जशपुर, खैरागढ़–छुईखदान–गण्डई, महासमुंद, मुंगेली, रायपुर राजनांदगांव, सरगुजा, सारंगढ़–बिलाईगढ़, सक्ति, सूरजपुर एवं रायगढ़ के चयनित विकासखण्डों में (सूची संलग्न) चलाया जावेगा। अभियान के दौरान दवा खिलाने वाले दल के सदस्यों के द्वारा निम्नानुसार तिथियों में दवा का सेवन कराया जावेगा। उक्त संबंध में समस्त रासेयो इकाईयों को आवश्यक कार्यवाही हेतु विवि रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा पत्र प्रेषित किया गया है।

9. भारतीय छात्र संसद फाउंडेशन और एम.आई.टी. स्कूल ऑफ गवर्नमेंट, पुणे द्वारा **15वीं भारतीय छात्र संसद (Indian Students' Parliament)** का आयोजन **21 से 23 फरवरी 2026** तक **एम.आई.टी. वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी, पुणे** में किया जा रहा है। इस वर्ष की थीम 'प्रेरक युवा: सुदृढ़ लोकतंत्र' **(Inspiring Youth Strengthening Democracy)** रखी गई है। जिसमें 'कैंपस से कैबिनेट', 'परंपरा और परिवर्तन', और 'राजनीति एवं खेल', जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार–विमर्श किया जाएगा। इस संबंध में सहभागिता हेतु MY BHARAT पोर्टल पर सभी प्रतिभागियों का पंजीयन करावें। भारतीय छात्र ससद की **वेबसाइट** **www.bharatiyachhatrasansad.org** पर जाकर और जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उक्त संबंध में विवि रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा समस्त रासेयो इकाईयों को पत्र प्रेषित किया गया है। जिसके निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही किया जाना है।

10. माननीय प्रधानमंत्री जी परीक्षा पे चर्चा 2026 के 9वें संस्करण के दौरान छात्रों से बातचीत करेंगे, जो अस्थायी रूप से 6 फरवरी 2026 को नई दिल्ली में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त संबंध में परीक्षा में चर्चा 2026 ने लगभग 45 लाख छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की भागीदारी के साथ ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है। यह संवाद कक्षा नौवीं और उससे आगे के स्कूली छात्रों के साथ होगा और इसका सीधा प्रसारण दूरदर्शन, निजी टीवी चौनलों, ऑल इंडिया रेडियो और विभिन्न ऑनलाईन प्लेटफॉर्मों के माध्यम से किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम को लोकप्रिय बनाने के लिए, विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने **#PPC2026** हैशटैग के उपयोग सहित सोशल मीडिया के माध्यम से 'परीक्षा पे चर्चा 2026' का प्रचार करने हेतु प्रसिद्ध युवा हस्तियों की पहचान करने का अनुरोध किया है। साथ ही, युवा छात्रावासों, युवा केंद्रों आदि जैसे शैक्षिक रूप से जुडे सार्वजनिक स्थानों पर कार्यक्रम देखने की व्यवस्था करने का भी अनुरोध किया गया है। उक्त संबंध में अपने रासेयोयुक्त संस्थाओं/इकाईयों में अधिक से अधिक स्वयंसेवकों के साथ व्यापक प्रचार–प्रसार करें एवं संस्थाओं में सीधा प्रसारण कराने की व्यवस्था कराएं एवं कार्यक्रम उपरांत संक्षिप्त रिपोर्ट फोटोग्राफ्स, वीडियो सहित क्षेत्रीय निदेशालय, रासेयो, भोपाल एवं राज्य रासेयो प्रकोष्ठ रायपुर व इस कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करावें।

11. छत्तीसगढ़ राज्य में मादक पदार्थों के तस्करों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए इस पर अंकुश लगाये जाने की दिशा में कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थों की आपूर्ति में कमी लाये जाने एवं इन पदार्थों की मांग एवं इससे होने वाले अपहानी पर कमी लाये जाने हेतु अंतर्विभागीय बैठक में निम्नवत् निर्देश प्राप्त हुए है। पूर्व में प्रसारित निर्देश एवं उक्त बैठक में प्राप्त निर्देश के परिपेक्ष्य में निम्नवत बिन्दुओं पर कार्यवाही करना सुनिश्चित करने का कष्ट करें–

- **मानस हेल्पलाइन नम्बर 1933** का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाये तथा **नशामुक्त भारत अभियान** के तहत और जनजागरूकता कार्यकम चलाए जायें। ज्यादा से ज्यादा लोगों को ई–प्रतिज्ञा दिलाई जाये एवं सभी शासकीय बिल्डिंग, मेलों, कार्यक्रमों में मानस पोर्टल एवं हेल्पलाईन नम्बर का डिस्पले सुनिश्चित किया जावें ।
- राज्य के समस्त महाविद्यालयों में **एन्टी ड्रग दल (Anti Drug Squad)** का गठन किया जाये एवं छात्रों को इसमें शामिल किया जावे। इस संदर्भ में पूर्व में भी निर्देशित किया गया है ।
- ऑनलाईन एंटी ड्रग ई–प्रतिज्ञा में स्कूल/कालेजों/विश्वविद्यालयों में बच्चों व युवाओं, स्वास्थ्य शिविरों में जागरूकता शिविर में शामिल लोगों तथा शासकीय कर्मचारियों को जागरूक कर ई–प्रतिज्ञा दिलाना एवं इसे मिशन मोड पर जारी किया जाना । उपरोक्त बिन्दुओं पर कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए पालन प्रतिवेदन इस कार्यालय के ईमेल nss@csvtu.ac.in में अनिवार्य रूप से प्रेषित करें ।

12. फरवरी माह 2026 में किए जाने वाले गतिविधियों के संबंध में चर्चा की गई।

अन्य :–

1. भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 1 फरवरी, 2026 से मेरा युवा भारत (mybharat-gov-in) पोर्टल पर राष्ट्रीय स्तर की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता "MY Bharat Budget Quest & 2026" का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्देश्य केंद्रीय बजट के प्रति युवाओं में जागरूकता बढ़ाना है। इस हेतु समस्त रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा प्रेषित पत्र के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना युक्त संस्थानों में संलग्न पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन (PPT) एवं पोस्टर (QR Code सहित) के माध्यम से उक्त राष्ट्रीय स्तर की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का व्यापक प्रचार–प्रसार कर अधिक से अधिक स्वयंसेवकों की सहभागिता सुनिश्चित करें। साथ ही, प्रतियोगिता से संबंधित प्रगति विवरण संलग्न Excel Sheet में प्रतिदिन अपराह्न 03:00 बजे तक इस कार्यालय को प्रेषित करने का निर्देश दिया गया है।

2. क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल एवं राज्य एनएसएस अधिकारी रायपुर द्वारा किसी भी विषय के संबंध में पत्र प्राप्त होने पर ही संबंधित कार्यवाही किए जाने हेतु कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा अपना अभिमत रखा गया।

3. कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल एवं राज्य एनएसएस अधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार किसी भी स्तरीय शिविर में दल प्रभारी या कार्यक्रम अधिकारी की सहभागिता हेतु विवि रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा चयनित कार्यक्रम अधिकारी के नाम से पत्र जारी कर सहभागिता करने हेतु अपना विचार व्यक्त किया। जिस पर कार्यक्रम समन्वयक द्वारा आगे की कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया गया।

4. क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल एवं राज्य रासेयो प्रकोष्ठ रायपुर के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा **समय–समय पर प्रेषित पत्र/कार्यवाही विवरण/चाही गई जानकारी आदि** का अवलोकन करने एवं निर्देशानुसार समयावधि में उचित कार्यवाही करते हुए जानकारी/संक्षिप्त रिपोर्ट (फोटो/वीडियों सहित) विवि रासेयो प्रकोष्ठ को ईमेल nss@csvtu.ac.in के माध्यम से जानकारी प्रस्तुत/प्रेषित करना सुनिश्चित किया गया है।

5. रासेयो से संबंधित समस्त संस्थाओं को निर्देशित किया गया है कि सत्र 2025–26 में प्रत्येक माह आयोजित समस्त गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का मासिक प्रतिवेदन तैयार कर छ.ग. स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, रासेयो प्रकोष्ठ, भिलाई को अनिवार्य रूप से प्रेषित करें। गतिविधियों की जानकारी गूगल फॉर्म में प्रविष्ट करना तथा व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से गतिविधि की तिथि अथवा अगले दिन चयनित फोटो रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, आयोजित गतिविधियों का विवरण निर्धारित प्रारूप में तिथि, स्थान, स्वयंसेवकों की संख्या (पुरुष/महिला/अन्य), वृक्षारोपण संख्या, रक्तदान संख्या, शिविर गतिविधि एवं अन्य सहभागियों की संख्या सहित संपूर्ण आंकड़ों के साथ प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ में निर्धारित आंकड़ों के अनुसार डाटा संग्रहण एवं आवश्यक कार्यवाही की जा सके। उक्त जानकारी समय–सीमा के भीतर राज्य एनएसएस अधिकारी एवं भारत सरकार क्षेत्रीय निदेशालय, भोपाल को प्रेषित/अवगत कराई जा सके। **नोट – विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा प्रत्येक तीन माह में त्रैमासिक प्रतिवेदन तैयार कर राजभवन सचिवालय, रायपुर को प्रेषित किया जाता है।**

6. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को **ऑनलाईन बैठक** में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होने तथा बिना जानकारी के अनुपस्थित होने पर किसी भी प्रकार से रासेयो प्रकोष्ठ से चाही गई जानकारी प्राप्त न होने पर कार्यक्रम अधिकारी स्वयं जिम्मेवार होने का निर्देश दिया गया। **(संलग्न–ऑनलाइन बैठक में उपस्थित कार्यक्रम अधिकारियों की सूची)**

**नोट– समस्त रासेयो इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारी को नियमित गतिविधि/शिविर गतिविधि/रेड रिबन क्लब गतिविधि हेतु व्यय बिल/मूल व्यय पत्रक प्रतिवेदन सहित दिनांक 28 फरवरी 2026 को अनिवार्य रूप से विवि रासेयो प्रकोष्ठ में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।**

Minutes of Meeting : 03.00 pm to 04.00 pm (03-02-26)

**Chhattisgarh Swami Vivekanand Technical University Bhilai**
**National Service Scheme**

Name of Meetings - All Programme Officers Meeting Place: Online Google Meeting
Date: - 07/03/2026 Time: 12.00pm to 01.00pm

एजेंडा :–

1. सत्र 2025–26 के नियमित एवं शिविर व्यय लेखा प्रस्तुत करने के संबंध में।
2. सत्र 2025–26 ई.आई.टी (EIT) ट्रेनिंग के संबंध में।
3. तीसरी किश्त की राशि के संबंध में।
4. स्कूल शिक्षा मित्र के संबंध में।
5. युवा संवाद के संबंध में।
6. 'रन एंड राइड' भिलाई के संबध में।
7. अन्य विषय।

**एजेण्डा कार्यवाही विवरण**

1. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत आने वाले समस्त रासेयो इकाईयों को सत्र 2025–26 के लिए नियमित एवं शिविर गतिविधि संचालन हेतु 25 प्रतिशत राशि (6875+8750=15625) दिनांक 02 सितंबर 2025 को प्रथम किस्त के रूप में प्रेषित किया गया था तथा जिन इकाईयों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के आधार पर द्वितीय किस्त के रूप में 75 प्रतिशत राशि (20625+26250=46875) दिनांक 19 नवंबर 2025 को संबंधित 23 इकाईयों को राशि प्रेषित किया गया है। तृतीय किस्त के रूप में 75 प्रतिशत राशि (20625+26250=46875) दिनांक 12.मार्च 2026 को संबंधित 31 इकाईयों को राशि प्रेषित किया गया है। (राशि प्रेषित पत्र संलग्न)

माह दिसंबर के बैठक में **विश्वविद्यालय लेखा विभाग के मुख्य वित्त अधिकारी के निर्देशानुसार व्यय बिल देयक प्रस्तुतिकरण के संबंध में निम्नांकित बिन्दुओं का होना अनिवार्य बताया गया। जो कि इस प्रकार है**–

- किसी भी बिल/देयक में दुकानदार का नाम स्पष्ट होना चाहिए।
- दुकानदार/विक्रेता का सील एवं हस्ताक्षर होना चाहिए।
- तिथि का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।
- बिल सरल क्रमांक का उल्लेख होना चाहिए।
- चालान बिल नहीं होना चाहिए।
- फोटोकॉपी बिल नहीं होना चाहिए।
- अधिकतम राशि होने पर जीएसटी बिल का होना अनिवार्य है।
- जो विक्रेता या दुकानदार जीएसटी के दायरे में नहीं आता है, उनसे लिखवाकर हस्ताक्षर के साथ लगाना है।
- ऑनलाईन भुगतान का रसीद साथ में लगा सकते है।
- पेड बाय मी का सील लगा होना चाहिए।
- पास्ड फॉर पेमेंट का सील लगा होना चाहिए।
- पेड एण्ड कैंसिल का सील लगा होना चाहिए।
- बिल का स्टॉक रजिस्टर में एण्ट्री होना चाहिए।
- कार्यक्रम अधिकारी एवं प्राचार्य का हस्ताक्षर होना चाहिए एवं संस्था का सील लगा होना चाहिए।
- बिल में काट–छॉट नहीं होना चाहिए एवं सामग्री का मूल्य एक साथ लिखा होना चाहिए। मात्रा अनुसार गुणा करके नही दर्शाना है। उपरोक्तानुसार बिन्दुओं के माध्यम से देयक प्रस्तुत करने के लिए समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देशित किया गया।
- सभी आयोजित की गई शिविर व गतिविधियों का विवि रासेयो प्रकोष्ठ को बिल (व्यय लेखा) 15 मार्च तक प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया गया।
- दिनांक 19/03/2026 तक इकाइयों द्वारा आयोजित की गई शिविरों में से प्राप्त बिलों की स्थिति संलग्न की गई है।

2. सत्र 2025–26 में अप्रशिक्षित कार्यक्रम अधिकारियों का सात दिवसीय ट्रेनिंग उनके पास के या संभाग के विश्वविद्याल में लगनी है। अतः सभी संस्था के इच्छुक अप्रशिक्षित कार्यक्रम अधिकारियों के लिस्ट चाही गयी। जिसमें
   1. प. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर (संलग्न)
   2. हेमचंद विश्वविद्यालय, दुर्ग (संलग्न)
   3. शहीद महेन्द्रकर्मा बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर, (संलग्न)
   4. अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (संलग्न)
   5. शहीद नन्दकुमार पटेल विश्वविद्यालय, बिलासपुर
   6. संत गहिरागुरू वि.वि. सरगुजा, अम्बिकापुर (संलग्न)।
   अपने पास के विश्वविद्यालय में जाके प्रशिक्षण ले सकते है। उनके हिसाब से आपके कालेज में आपके प्रशिक्षण से संबंध में कालेज में प्रशिक्षण संबंधी लेटर भेज दिया जाएगा।

3. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत सत्र 2025–26 में तृतीय किश्त की राशि कुछ दिनों में आ जाएगी अतः इस सत्र में जो भी महाविद्यालय केम्प लगाने के इच्छुक है तो उस हिसाब से युनिट वाइस राशि संस्था को भेजी जाएगी। जिनका केम्प लग चूका है उन्हें बची हुई राशि की अदायगी की जाएगी। जिन्होनें कैम्प नहीं लगाया है वे यूनिट केम्प की राशि नियत समय तक वापस कर देवें, ताकि उस राशि का उपयोग जो संस्था केम्प लगा रहीं उन्हें प्रदान की जाएगी।

4. स्कूल शिक्षा मित्र योजना से संबंधित शासन के नियमों, समय–समय पर मिलने वाले लाभों, छात्रवृत्ति योजनाओं, डिजिटल साक्षरता तथा आवश्यक मार्गदर्शन के संबंध में स्कूली विद्यार्थियों को अवगत कराया जाना चाहिए। आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतिभावान ग्रामीण विद्यार्थियों की पढ़ाई में आने वाली समस्याओं के समाधान तथा उन्हें विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु स्कूल शिक्षा मित्र योजना का समय–समय पर संचालन किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, प्रत्येक रासेयो संस्था अथवा स्वयंसेवकों को कम से कम 05 विद्यार्थियों को गोद लेकर उनकी पढ़ाई में निरंतर सहयोग करने हेतु निर्देशित किया गया है। इस हेतु कार्यक्रमों का नियमित एवं निरंतर आयोजन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

5. भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृत राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन **दिनांक 08 से 14 मार्च 2026 तक संबलपुर विश्वविद्यालय, ज्योति विहार, बर्ला, जिला संबलपुर (ओडिशा) में** आयोजित होना प्रस्तावित है। क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल एवं राज्य एन.एस.एस. अधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार इस शिविर में छ.ग. राज्य से **छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई अंतर्गत 04 छात्र एवं 04 छात्रा रासेयो स्वयंसेवक तथा 01 (म.) कार्यक्रम अधिकारी/दल प्रभारी की सहभागिता होगी।** इस हेतु समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को अवगत कराया गया। जो कि समय सीमा के अभाव में इस विवि से किसी भी अधिकारी व वालींटियर द्वारा भाग नहीं लिया जा सका।

6. साई सेवा समिति के तत्वाधान में दिनांक 15 मार्च 2026 को जयंती स्टेडियम में रन एण्ड राइड कायक्रम रखा गया है, अतः भिलाई के आसपास के कॉलेज से इस प्रतियोगिता में भाग लिया जाना सुनिश्चत कर अपनी सहभागिता दी गई।

**<u>अन्य :–</u>**

1. क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल एवं राज्य एनएसएस अधिकारी रायपुर द्वारा किसी भी विषय के संबंध में पत्र प्राप्त होने पर ही संबंधित कार्यवाही किए जाने हेतु कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा अपना अभिमत रखा गया।

2. कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल एवं राज्य एनएसएस अधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार किसी भी स्तरीय शिविर में दल प्रभारी या कार्यक्रम अधिकारी की सहभागिता हेतु विवि रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा चयनित कार्यक्रम अधिकारी के नाम से पत्र जारी कर सहभागिता करने हेतु अपना विचार व्यक्त किया। जिस पर कार्यक्रम समन्वयक द्वारा आगे की कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया गया।

3. क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल एवं राज्य रासेयो प्रकोष्ठ रायपुर के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा **समय–समय पर प्रेषित पत्र/कार्यवाही विवरण/चाही गई जानकारी आदि** का अवलोकन करने एवं

निर्देशानुसार समयावधि में उचित कार्यवाही करते हुए जानकारी/संक्षिप्त रिपोर्ट (फोटो/वीडियों सहित) विवि रासेयो प्रकोष्ठ को ईमेल nss@csvtu.ac.in के माध्यम से जानकारी प्रस्तुत/प्रेषित करना सुनिश्चित किया गया है।

4. रासेयो से संबंधित समस्त संस्थाओं को निर्देशित किया गया है कि सत्र 2025–26 में प्रत्येक माह आयोजित समस्त गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का मासिक प्रतिवेदन तैयार कर छ.ग. स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, रासेयो प्रकोष्ठ, भिलाई को अनिवार्य रूप से प्रेषित करें। गतिविधियों की जानकारी गूगल फॉर्म में प्रविष्ट करना तथा व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से गतिविधि की तिथि अथवा अगले दिन चयनित फोटो रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, आयोजित गतिविधियों का विवरण निर्धारित प्रारूप में तिथि, स्थान, स्वयंसेवकों की संख्या (पुरुष/महिला/अन्य), वृक्षारोपण संख्या, रक्तदान संख्या, शिविर गतिविधि एवं अन्य सहभागियों की संख्या सहित संपूर्ण आंकड़ों के साथ प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ में निर्धारित आंकड़ों के अनुसार डाटा संग्रहण एवं आवश्यक कार्यवाही की जा सके। उक्त जानकारी समय–सीमा के भीतर राज्य एनएसएस अधिकारी एवं भारत सरकार क्षेत्रीय निदेशालय, भोपाल को प्रेषित/अवगत कराई जा सके। **नोट – विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ द्वारा प्रत्येक तीन माह में त्रैमासिक प्रतिवेदन तैयार कर राजभवन सचिवालय, रायपुर को प्रेषित किया जाता है।**

5. विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ अंतर्गत समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को **ऑनलाईन बैठक** में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होने तथा बिना जानकारी के अनुपस्थित होने पर किसी भी प्रकार से रासेयो प्रकोष्ठ से चाही गई जानकारी प्राप्त न होने पर कार्यक्रम अधिकारी स्वयं जिम्मेवार होने का निर्देश दिया गया। **(संलग्न–ऑनलाइन बैठक में उपस्थित कार्यक्रम अधिकारियों की सूची)**

Minutes of Meeting : 12.00 pm to 01.00 pm (07-03-26)

डॉ. डी. एस. रघुवंशी
कार्यक्रम समन्वयक–रा.से.यो
छगस्वावितविवि, भिलाई

# NATIONAL SERVICE SCHEME

## Chhattisgarh Swami Vivekanand Technical University

Newai, Bhilai, C.G.



+91 9424514075 nss@csvtu.ac.in

Utility Building, CSVTU, Bhilai